स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
6 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 6
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 314 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारत को इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर ढंग से ढलना होगा : किशन



राम मंदिर दान घोटाले पर मोहन भागवत की दो टूक

# हर पापी को मिले सख्त सजा

**नागपुर।** अयोध्या के राम मंदिर में महादान पर डाका पड़ा है। दान पेटी से हुई इस चोरी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। अब इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दत्तात्रेय होसबाले के बड़े बयान को आगे कर दिया। भागवत ने दो टूक कहा, कल ही दत्तात्रेय होसबाले ने इस पर पूरा बयान जारी किया है, आप सब उसे ही देखें। होसबाले



सरसंघचालक मोहन भागवत ने सीधी हुंकार भरी है। उन्होंने साफ कह दिया है कि इस महापाप के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।
रविवार को नागपुर में मीडिया के सामने आते ही भागवत ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग से कोई घुमावदार बात नहीं की। भागवत ने सीधे तौर पर संघ के सरकार्यवाह ने रामलला के दरबार में हुई इस हेराफेरी को अत्यंत निंदनीय बताया है। होसबाले ने कहा कि पीढ़ियों के खून-पसीने, संघर्ष और बलिदान से यह भव्य मंदिर बना है। यह पूरे हिंदू समाज की अटूट आस्था का केंद्र है। रामलला की दान पेटी पर हाथ साफ करने वालों ने सिर्फ पैसा नहीं चुराया, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के भरोसे का कत्ल किया है। इस नीच हरकत से पूरा समाज गहरे सदमे और गुस्से में है। मामला बिगड़ा तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को तुरंत मैदान में उतरना पड़ा। राम जन्मभूमि ट्रस्ट की गुहार पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई। एसआईटी ने अपनी शुरुआती जांच की और 25 जून को केस दर्ज कर लिया। अब तक इस मामले में आठ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। जांच की आंच इतनी तेज थी कि इसके लपेटे में बड़े नाम आ गए। नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देकर ट्रस्ट के सर्वेसर्वा चंपत राय और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने तुरंत अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। सरकार ने जांच का दायरा बढ़ाने के लिए एसआईटी को 15 दिनों की मोहलत और दे दी है।

## आरोप लगाने वालों के बयान भी दर्ज हों : विहिप

**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे को लेकर सामने आए विवाद के बीच विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने जांच एजेंसी से बड़ी मांग की है। वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने अयोध्या के डीएसपी और मामले के जांच अधिकारी अशुतोष तिवारी को पत्र लिखकर कहा है कि जिन नेताओं ने सार्वजनिक मंचों पर मंदिर के चढ़ावे में चोरी या घोटाले के आरोप लगाए हैं, उनके बयान भी जांच के दौरान दर्ज किए जाएं।
वीएचपी का कहना है कि निष्पक्ष जांच के लिए आरोप लगाने वालों से भी तथ्यों और सबूतों की जानकारी लेना जरूरी है। पत्र में कहा गया है कि राम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा मामले से जुड़ी एफआईआर संख्या 0090/ 2026 की जांच चल रही है। इस दौरान कई राजनीतिक नेताओं ने टीवी चैनलों, सोशल मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों में गंभीर आरोप लगाए हैं। वीएचपी का कहना है कि इन नेताओं ने दान की रकम, आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के गायब होने जैसे दावे किए हैं। इसलिए जांच एजेंसी को यह जानना चाहिए कि इन दावों का आधार क्या है और उनके पास कौन-कौन से सबूत मौजूद हैं।

# 2027 में जीत के रिकॉर्ड तोड़ेगी भाजपा : नितिन नबीन

## कहा- विपक्ष चुनाव के समय ही होता है सक्रिय



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी और जीत के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि लगातार जनता के बीच रहकर सेवा का कार्य करते हैं, जबकि विपक्षी दल केवल चुनाव के समय सक्रिय दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवा आधारित राजनीति के कारण जनता का विश्वास भाजपा के साथ है और यही विश्वास 2027 के चुनाव में ऐतिहासिक जनादेश में बदलेगा। बैठक के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा पूरी तरह संगठनात्मक रहा। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग समूहों में चर्चा कर भविष्य की रणनीति और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसका एजेंडा नकारात्मक राजनीति पर आधारित है और वह जाति, भाषा तथा क्षेत्र के आधार पर समाज को बांटकर देश को कमजोर करना चाहती है।

## प्रख्यात लोक गायिका पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे

■ **पंडवानी गायन शैली को विदेशों तक में दिलाई थी पहचान**

70 साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं। भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।
तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली अभिनय और अनोखी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा उन्हें नाना से मिली थी।

## मानसून सत्र : महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक लाने की तैयारी में केंद्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, जो 13 अगस्त तक चलेगा। सरकार इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश

■ **विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा**

करने की तैयारी में है। इनमें 130वां संविधान संशोधन विधेयक, महिला आरक्षण लागू करने से जुड़ा विधेयक, परिसीमन विधेयक व विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) में संशोधन से संबंधित विधेयक शामिल हैं। सरकार पहले से लंबित कई विधेयकों को भी पारित कराने की कोशिश करेगी। जबकि विपक्ष



राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश कर सकता है। इसके अलावा राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला भी विपक्ष जोर-शोर से उठा सकता है। प्रस्तावित 130वें संविधान संशोधन विधेयक में यह प्रावधान शामिल है कि अगर किसी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार सहित कुछ गंभीर मामलों में गिरफ्तार किया जाता है और वह 30 दिन या उससे अधिक समय तक हिरासत में रहता है तो उसे खुद पद छोड़ना होगा। वहीं, महिला आरक्षण विधेयक के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव है। विपक्ष महिला आरक्षण का समर्थन कर रहा है, लेकिन इसे परिसीमन से जोड़ने का विरोध करता है। विपक्ष का तर्क है कि परिसीमन लागू होने से दक्षिण भारत के राज्यों का संसदीय प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। पिछले सत्र में आरक्षण से जुड़ा परिसीमन विधेयक सरकार संसद से पास कराने में विफल रही थी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर लिखा, 25 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 19 बैठकें होंगी।

## पीएम आज से छह दिनों के विदेश दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जुलाई से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के छह दिनों के महत्वपूर्ण दौरे पर रवाना हो रहे हैं। पीएम मोदी

■ **इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की करेंगे यात्रा**



6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे। इसके बाद वह 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर का दौरा करेंगे और अपने आखिरी पड़ाव में 10 से 11 जुलाई को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और समुद्री सुरक्षा के महासागर विजन को एक नई मजबूती देने के लिए तैयार किया गया है। इंडोनेशिया में भारत के राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह इंडोनेशिया दौरा दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्तों को और मजबूत करेगा।

## बारिश के बावजूद नहीं भर रहे जलाशय

**नई दिल्ली।** देश में मानसून लगभग पूरे भारत में सक्रिय है और कई राज्यों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं, लेकिन इसके उलट



देश के बड़े जलाशयों की तस्वीर गंभीर चिंता पैदा कर रही है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के

■ **166 बड़े बांधों में क्षमता का सिर्फ 26 फीसदी पानी**

ताजा आंकड़े बताते हैं कि बारिश का भौगोलिक वितरण बेहद असमान रहने के कारण जलाशय अपेक्षित गति से नहीं भर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप देश के 166 प्रमुख बांधों में उनकी कुल क्षमता का केवल 26 प्रतिशत पानी मौजूद है, जबकि लगभग दो-तिहाई जिलों में अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अगले कुछ सप्ताह में जलग्रहण क्षेत्रों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ खेती, पेयजल आपूर्ति और जलविद्युत उत्पादन पर दबाव बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर कई राज्यों में पड़ सकता है।

**दक्षिण और पूर्वी भारत सबसे अधिक प्रभावित**

जलाशयों के स्तर का राज्यवार विश्लेषण भी चिंता बढ़ाने वाला है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार 13 राज्यों में जल भंडारण पिछले दस वर्षों के औसत से कम है। इनमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, बिहार, झारखंड, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरलम, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।

## जम्मू-कश्मीर : मुठभेड़ में दो लश्कर आतंकी मारे गए

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के सैदपोरा इलाके में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ में लश्कर के 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबलों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के

■ **एक पहलगाम हमले के बाद बनी हिट लिस्ट में शामिल था**

मुताबिक मारे गए दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के टॉप ऑपरेटिव थे। एक आतंकी जाकिर अहमद गनी उन 14 आतंकियों की लिस्ट में शामिल था, जिसे पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया था। दूसरा आतंकी जाकिर का साथी लतीफ भट है। सुरक्षाबलों को शोपियां के सैदपोरा पायीन के पास



छानपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब जवान आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उन्होंने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ 4 जुलाई की शाम 7.45 बजे शुरू हुई थी।

## बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट पर केंद्र सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़े कंटेंट (सीएसईएएम) को लेकर मेटा

■ **मेटा को जारी किया नोटिस**

को सख्त नोटिस जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम को ऐसे सभी विज्ञापनों और कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया है, जो सीएसईएएम को बढ़ावा देते हैं या ऐसे कंटेंट तक पहुंच आसान बनाते हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने मेटा से सात दिनों के भीतर इस मामले में विस्तृत जवाब मांगा है। सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय मेटा की कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली, विज्ञापनों की समीक्षा प्रक्रिया और उसके प्लेटफॉर्म पर अवैध एवं हानिकारक सामग्री के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी भी मांग सकता है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक इस मामले पर मेटा की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। इससे पहले मंत्रालय ने मेटा से पूछा था कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे प्रसारित हुए और उन्हें रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर से क्या कदम उठाए गए।

## मुंबई एयरपोर्ट पर छह करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला यात्री के पास से करीब छह करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम ने दुबई से मुंबई पहुंची महिला यात्री को रोका। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान डीआरआई अधिकारियों ने उसकी पैंट के अंदर छिपाकर रखी गई विदेशी मार्किंग वाली चार सोने की ईंटें बरामद कीं। इनका कुल वजन चार किलोग्राम है।

## पंजाब कांग्रेस बगावत पर प्रियंका ने संभाली कमान

**नई दिल्ली।** पंजाब में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस को पंजाब में पार्टी की टूट का डर सता रहा है। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, लिहाजा पंजाब कांग्रेस में बनीं मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी ने फिलहाल स्थिति संभालने की पहल की है। इसके लिए उन्होंने दो वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली से चंडीगढ़ भेजा है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि हाईकमान की ओर से भेजे गए दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में शनिवार को चन्नी खेमे के कुछ वरिष्ठ नाराज नेताओं से बुलाकर वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे फिलहाल स्थिति को शांत रखने की अपील की। उधर, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से भी फोन पर बात कर उनसे राहुल गांधी के आने तक कोई बड़ा फैसला न लेने का आग्रह किया गया है।

## तमिलनाडु से बाहर किए गए घुसपैठिए


**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने 50 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए उन्हें पश्चिम बंगाल भेजा है, जहां से उन्हें बांग्लादेशी अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इनमें 44 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी सेलम जिले के अत्तूर तालुक कार्यालय परिसर में बने विशेष निरुद्ध शिविर में रखे गए थे। आधिकारिक आदेश मिलने के बाद तीन वाहनों के जरिए इन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच तिरुचिरापल्ली पहुंचाया गया। वहां से इन्हें हावड़ा एक्सप्रेस के विशेष डिब्बे में पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। पूरे अभियान की निगरानी सेलम सशस्त्र रिजर्व के उप पुलिस अधीक्षक शक्तिवेल के नेतृत्व में 40 सदस्यीय सशस्त्र पुलिस दल ने की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पश्चिम बंगाल के हरिदासपुर भू-सीमा पर इन घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल के हवाले किया जाएगा।

## मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है तो खुलकर बीजेपी में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।' उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, 'गद्दारी की भी एक सीमा होती है।' ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।




# 'इधर का लगता रहे और उधर का हो जाए'




वसीम बरेलवी साहब लिखते हैं कि– 'हमारा अज़्म-ए-सफ़र कब किधर का हो जाए / ये वो नहीं जो किसी रहगुज़र का हो जाए / उसी को जीने का हक़ है जो इस ज़माने में / इधर का लगता रहे और उधर का हो जाए।' वाकई मौजूदा दौर के सियासी माहौल को देखें तो कब किधर का कौन इधर से उधर हो जाए इसके बारे में अंदाजा लगाना भी नामुमकिन की हद तक मुश्किल हो गया है।
स्थिति यह है कि इन दिनों सियासत में सोच, सिद्धांत या विचारधारा का कोई मायने मतलब ही नहीं रह गया है। हर तरफ 'जैसी बहे बयार तब कैसी कीजै' की मौकापरस्ती हावी है। विचारधारा सिर्फ चुनावी भाषणों तक सिमट कर रह जाती है जबकि सत्ता का रास्ता राजनीतिक सुविधानुसार बदलता रहता है। जनता जिस चेहरे पर भरोसा करके वोट देती है, वही चेहरा चुनावी नतीजों के बाद नए झंडे के नीचे मुस्कुराता दिखाई देता है। चुनाव तक कट्टर विरोधी खेमे के सबसे आक्रामक चेहरों में गिने जानेवाले भी परिणाम आने के बाद 'राष्ट्रहित' या 'जनहित' की आड़ लेकर दल ही बल्कि दिल भी बदल लेते हैं। वह दौर अलग था जब नेताओं की छवि जातिवादी, समाजवादी या राष्ट्रवादी हुआ करती थी। अब तो हर वैचारिक मुखौटे के पीछे अवसरवादी लोलुपता ही झांकती दिखाई पड़ती है। यही सिलसिला चलता रहा तो आने वाले समय में मतदाता उम्मीदवार से उसकी मौजूदा पार्टी नहीं बल्कि 'अगली संभावित पार्टी' पूछेगा। चुनावी बहसें संभावित राजनीतिक पलटियों पर अधिक होंगी और चुनावी चुनौती सरकार बनाने से अधिक भरोसा बचाने की होगी।
हालांकि भारतीय लोकतंत्र में 'आया राम गया राम' की परंपरा नई नहीं है। सत्ता के लिए संगठन से बगावत करने, पार्टी में तोड़–फोड़ करने, आत्मा की आवाज के नाम पर सदन के भीतर मनमाना आचरण करने से लेकर पद और पैसे के एवज में नैतिकता से किनारा करने के मामले अक्सर सामने आते ही रहते हैं। कई उदाहरण निर्वाचित माननीयों के बड़े धड़े द्वारा पाला बदल लिए जाने के कारण सरकार गठन की उम्मीदें धड़ाम हो जाने के भी हैं और बहुमत से चलती हुई सरकार के अल्पमत में आने जाने की भी है। यहां तक कि लोकतंत्र की जन्मभूमि कहलाने वाले बिहार में तो सरकार वही रहने और विपक्ष बदल जाने की घटना इतनी बार हुई कि मुख्यमंत्री का नाम ही पलटू कुमार पड़ गया। लेकिन उस सबसे आगे बढ़कर अब सत्ता के लिए विचारधारा से किनारा करते हुए बागी गुट द्वारा पार्टी के नाम और निशान पर कब्जा करके संस्थापक को ही संगठन से बाहर कर देने की घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि कहीं से ऐसा सामाचार आने पर न तो किसी को आश्चर्य होता है और न ही कोई ग्लानि या शर्म महसूस करने या ऐसे मामलों की नैतिकता पर विचार करने की जहमत उठाई जाती है। तभी न तो यूपी या पंजाब में ऐसा होने की अफवाहों पर विशेष तवज्जो दी जा रही है और न ही पश्चिम बंगाल या महाराष्ट्र में हो रही इन घटनाओं को लोकतंत्र का मूलाधार कही जाने वाली जनभावना को तार–तार करने के नजरिए से देखा जा रहा है।
बहरहाल, लोभ–लाभ या डर–दबाव के सामने घुटने टेककर सोच, विचार और सिद्धांत को तिलांजलि देते हुए अवसरवादी राजनीति के तहत थाली के बैंगन की तरह इधर से उधर होने में जरा भी देर नहीं करने वालों को महाकवि जयशंकर प्रसाद की इन पंक्तियों से सीख और सबक लेना चाहिए कि– 'वह पथ क्या, पथिक कुशलता क्या / जिस पथ पर बिखरे शूल न हों / नाविक की धैर्य परीक्षा क्या / यदि धाराएँ प्रतिकूल न हों।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

# पुलिस की मौजूदगी में सरस्वती विद्या मंदिर की नई प्रबंध समिति गठित



**स्वतंत्र भारत तिलहर, शाहजहांपुर।** सरस्वती शिक्षा परिषद के संरक्षण में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पीरगहा तालाब की नई प्रबंध समिति का गठन रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। करीब छह घंटे तक चली बैठक में लंबे मंथन, बहस और विवाद के बाद अंततः सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया। बैठक सुबह लगभग 10 बजे चुनाव अधिकारी यशवीर सिंह और पर्यवेक्षक वीरी सिंह की देखरेख में शुरू हुई। प्रक्रिया के दौरान पुलिस बल पूरे समय परिसर में तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। दोपहर बाद करीब चार बजे सहमति बनने के बाद नई समिति की घोषणा की गई। बैठक के दौरान पुरानी और नई सदस्यता को लेकर काफी देर तक विवाद चलता रहा। पुरानी समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पहले समिति में अध्यक्ष और प्रबंधक सहित कुल 22 सदस्य थे। दो सदस्यों के निधन के बाद 20 सदस्य ही शेष रह गए थे, लेकिन बिना पूर्व सूचना और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए 40 नए सदस्यों को शामिल कर लिया गया। इस संबंध में पहले ही एसडीएम समेत संबंधित अधिकारियों को शिकायत भी दी गई थी। उनका कहना था कि समिति के विस्तार में निर्धारित नियमों एवं गजट संबंधी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। लंबे विचार-विमर्श और आपसी सहमति के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वेद प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष, रवींद्र सिंह को उपाध्यक्ष, नवीन कुमार गुप्ता को प्रबंधक, कृष्णपाल सिंह को सह-प्रबंधक तथा निलय शुक्ला को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सदस्य के रूप में सर्वेश कुमार अग्रवाल, शिव कुमार राठौर, श्याम अग्रवाल, ओमप्रकाश गंगवार, ओमेंद्र नाथ, ईश्वर अरोड़ा, अनुराग कुमार सिंह (पदेन) तथा जितेंद्र सिंह चौहान को शामिल किया गया।बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित कॉलेज की लगभग 27 बीघा भूमि को लेकर भी चर्चा हुई। कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि करीब चार बीघा भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला भी सामने आया, जिस पर भविष्य में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। नई प्रबंध समिति के गठन के बाद पदाधिकारियों ने संस्थान के विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा लंबित मामलों के पारदर्शी एवं नियमसम्मत समाधान का भरोसा दिलाया। पुलिस की सतर्क मौजूदगी के बीच पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। सुरक्षा की दृष्टि से मौजपुर चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार चौहटिया चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## आर्य समाज स्कूल विवाद में दूसरे पक्ष का मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** आर्य समाज मंदिर एवं महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगाते हुए अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।आर्य समाज मंदिर के मंत्री लोकेश आर्य ने 28 जून की घटना को लेकर थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव शिवराजपुर निवासी शिवराम सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।उनका आरोप है कि आर्य समाज परिसर में ठहरी एक बारात के दौरान हुए विवाद के बाद उनके साथ मारपीट की गई।इसके शनिवार को शिवराम सिंह ने लोकेश आर्य, उनके पुत्र अभिनव, भतीजे आयुष तथा 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। शिवराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के प्रबंधक हैं। उनके अनुसार 28 जून की सुबह करीब आठ बजे वह आर्य समाज परिसर में हवन कराने पहुंचे थे, तभी विपक्षी पक्ष ने उनके साथ मारपीट की और भविष्य में परिसर में आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।वहीं, लोकेश आर्य का कहना है कि आर्य समाज मंदिर एवं महर्षि दयानंद शिक्षा सदन का संचालन और देखरेख उनके द्वारा की जा रही है। उनका दावा है कि शिवराम सिंह और उनके सहयोगियों को कई वर्ष पहले संस्था से निष्कासित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन संबंधी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित है।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

**स्वतंत्र भारत सिंधौली शाहजहांपुर।** पूर्व प्रधान रहे उमर खान 55 का अचानक आज हार्ट अटैक से से निधन हो गया। स्वच्छ छवि एवं मिलनसार स्वभाव के सिंधौली के प्रधान रहे उमर खान के निधन का समाचार जैसे ही मिला वैसे ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई पूर्व प्रधान अपने पीछे पत्नी एवं भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। पत्नी कमर जहां बेटे नबी शान खान फिरोज खान अफरोज खान बेटी करिश्मा परवीन का रो रोकर बुरा हाल है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़े मरीज

### 140 लोगों का उपचार, निशुल्क दवा वितरित



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत रविवार को क्षेत्र की विभिन्न पीएचसी पर मरीजों की भीड़ रही। मेले में कुल 140 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। पीएचसी राजनपुर में डॉ. अभिषेक जौहरी ने 55 मरीजों का उपचार किया। इनमें 15 मरीजों की आवश्यक जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं पीएचसी रामपुर में डाक्टर की तैनाती न होने के कारण फार्मासिस्ट संजीव कुमार ने व्यवस्था संभाली। उन्होंने 50 मरीजों का उपचार किया और 15 मरीजों की जांच कर सभी को मुफ्त दवाएं वितरित कीं।उधर, मोहल्ला कुंवरगंज स्थित पीएचसी में डॉ. अनुराग गुप्ता ने 35 मरीजों को देखा। इनमें 10 मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं दी गईं। साथ ही उन्होंने मरीजों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार कराने के प्रति जागरूक भी किया।

## घर से निकला किशोर लापता, तलाश जारी



**स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव जड़ौली निवासी 16 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही आम लोगों से भी जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार गांव जड़ौली निवासी रंजीत पुत्र रामनिवास यादव शनिवार सुबह करीब नौ बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। देर शाम तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद थाना पुवायां में सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में मु.अ.सं. 395/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रंजीत का रंग गेहुआं, चेहरा गोल, शरीर इकहरा और कद करीब पांच फुट छह इंच है। घर से निकलते समय उसने काले रंग की टी-शर्ट, पीले रंग की पट्टी वाला काला लोवर तथा पैरों में चप्पल पहन रखी थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। आसपास के थाना क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को रंजीत के संबंध में कोई जानकारी मिले तो वह तत्काल थाना पुवायां पुलिस या परिजनों को सूचना दे।

## तीन दिन पहले डूबे किशोर का शारदा नहर से शव बरामद



**स्वतंत्र भारत सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के नगला बलेटू निवासी आमिर हसन पुत्र जाबिर हसन की 3 दिन पहले डूबने से मृत्यु हो होने के बाद आज उसकी लाश को कोरोंकुइयां स्थित शारदा नहर से सुबह 11 बरामद कर लिया गया है प्रभारी निरीक्षक थाना सिंधौली ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है मृतक की मां हुस्न आरा तथा पिता जाबिर हसन बदहवास हैं एवं रो-रो कर बुरा हाल है आमिर हसन तीन भाई थे जिसमें सबसे बड़े गुलजार हसन 22 वर्ष साहिल हसन 10 वर्ष आमिर हसन दूसरे नंबर पर जो कक्षा 5 तक क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ा था और अब वह धान लगाकर पिता के साथ मजदूरी कर रहा था जिसकी उम्र लगभग 17 वर्ष थी बहन राजबी 18 उजमा 12 वर्ष दो बहने भी अपने भाई की मृत्यु से गमगीन हैं एवं दहाड़े मारकर रो रहीं हैं मृतक आमिर हसन के सीने पर चप्पल रखी मिली ग्रामीण एवं पुलिस की सहायता से जब मृतक को निकाला गया तब मृतक की चप्पल भी उसके सीने पर थीं।

वहीं कल एक अज्ञात 13 वर्षीय किशोरी का शव भी कोरोंकुइयां नहर में रात्रि लगभग 7.30 बजे बरामद हुआ था जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है थाना प्रभारी ने बताया की कल नहर से लगभग 13 वर्षीय किशोरी का शव मिला था जिसका पोस्टमार्टम भी कराया गया था लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो सकी थी। वहीं लाश को ढूंढने गए कोरोंकुइयां एवं नगला बलेटु गांव के निवासियों ने बताया की एक उम्र लगभग 10 साल की लड़की का रामपुर किरियारा किरियारी के पास झाल में लाश फसी हुई है जो अर्धनग्न अवस्था में है जिसने ऊपर से काली टी शर्ट पहन रखी है। जिसे अभी तक किसी ने निकाला नहीं है।

## भीषण गर्मी के चलते चार दिन से ब्लैक आउट

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर - शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी के चलते हुए 4 दिन से ब्लैकआउट । परौर में लगे हैं कम क्षमता के ट्रांसफार्मर। ओवरलोड होने पर दे जाते हैं धुआँ। उपभोक्ता परेशान उपभोक्ताओं ने समस्याओं के समाधान की मांग की है। कस्बा परौर में बिजली के संकट को चलते कस्बा के उपभोक्ता काफी परेशान है। कस्बा में दो ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। एक गोदाम के पास जिसकी क्षमता 63 केबी है। जबकि यहां पर 160 केबी के ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। राजा साहब परौर की कोठी के पास 100 केबी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जबकि यहां पर 250 केबी के ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। दोनों पर ओवरलोडिंग की वजह से क्षमता से अधिक भार पड़ने के कारण धुआं निकल जाता है। अभी हाल में 100केबी का ट्रांसफार्मर खराब रहा। तो कस्बे में करीब चार दिन का ब्लैक आउट रहा तथा इस भीषण गर्मी से उपभोक्ता काफी परेशान रहे। किसी तरीके से 100 केबी का ट्रांसफार्मर मरम्मत होकर सही हो पाया। तब तक 63 के बी का ट्रांसफार्मर जो साधन सहकारी समिति चौकिया के पास लगा हुआ है। वह खराब हो गया। अब 4 दिन उसको सही होने में लगेंगे तथा लगभग चार-पांच दिन कस्बे में ब्लैक आउट रहेगा। बिजली की समस्या को लेकर उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं का मानना है कि बिजली विभाग द्वारा इतनी खराब क्षमता के सीमेंट के खंबे बनाए गए हैं कि अगर तेज हवा चल गई तो खंबे टूट कर जमीन पर आ जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को गुणवत्तापूर्ण सीमेंट के खम्भों का निर्माण कराना चाहिए। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि अगर बिजली विभाग का यही रवैया रहा तो उन्हें विद्युत केंद्र पर जाकर धरना एवं प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। क्षेत्र के राजीव सिंह चौहान ,मदनपाल सिंह ,हरिश्चंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार चंदेल ,सुनील कुमार श्रीवास्तव, अवधेश कुमार प्रजापति, राजीव कुमार प्रजापति ,रणधीर सिंह सोमवंशी, वीरभान सिंह परमार, पाटा बाबा, भुवनेंद्र कुमार शर्मा, श्रवण कुमार शर्मा आदि ने बिजली व्यवस्था सही कराने की मांग बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से की है।

जब इस संबंध में बिजली विभाग के अवर अभियंता जोगेंद्र कुमार सिंह से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि परौर में उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की डिमांड भेज दी है। विभाग से ट्रांसफार्मर मिलने पर नए उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगवा दिए जाएंगे । जिससे ओवरलोडिंग की समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

## नहर में कूदकर महिला ने किया जान देने का प्रयास



**पुवायां, शाहजहांपुर।** मायके में होने वाली शादी में जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक महिला ने अपनी मासूम बेटी के साथ गंगा-शारदा नहर में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता से महिला को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी पुवायां ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस के अनुसार, निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम गनपतपुर निवासी मधुबाला देवी राठौर (35) पत्नी रामकृपाल के मायके ग्राम पिपरी (थाना पुवायां) में भतीजे सौरभ का विवाह होना है। महिला उसी दिन मायके जाना चाहती थी, जबकि उसका पति अगले दिन जाने की बात कह रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। बताया गया कि नाराज मधुबाला अपनी छोटी पुत्री आराधिका को लेकर घर से मायके के लिए निकली। शाम करीब 4~30 बजे पुवायां थाना क्षेत्र के नवाबपुर स्थित गंगा-शारदा नहर पर पहुंचकर उसने नहर में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल नहर में उतरकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुवायां पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार महिला की हालत फिलहाल सामान्य है तथा घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

## पूर्व सभासद पर लंगूर बंदर ने बोला हमला, घायल



**स्वतंत्र भारत खुटार शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला नरायनपुर निवासी पूर्व सभासद आशीष मिश्रा पर रविवार सुबह खेत पर जाते समय बोला हमला बोल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रविवार सुबह आशीष मिश्रा नारायणपुर सुबह 5~30 बजे हुआ बाइक से अपने खेत पर जा रहे थे वह कस्बे के गोचर मार्केट के पास पहुंचे ही थे कि अचानक एक लंगूरी बंदर की बाइक पर चलकर जिस पर वह घबरा गए और बाइक को मोड़कर मैन मार्केट में पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला के आवास के पास पहुंचे और बंदर को खाने के लिए केले दे दिए। वह केले डालने के बाद जैसे ही बाइक लेकर चले कि बंदर ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया और निजी अस्पताल में इलाज कराया। आशीष मिश्रा ने आनन फानन में वन दरोगा को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा रोहित पांडे ने लंगूरी बंदर को रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया। उसके बाद रोहित पांडे ने उसे हरीपुर सेंचुरी ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। बताते चलें कि लंगूरी बंदर मोहनपुर गांव में भी कई लोगों पर हमला कर घायल कर चुका था। लंगूरी बंदर को रेस्क्यू कर छोड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## श्रीधाम वृन्दावन दर्शन यात्रा को विद्यार्थियों का दल रवाना



**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायाँ द्वारा आयोजित श्रीधाम वृन्दावन दर्शन यात्रा के लिए विद्यार्थियों का दल शनिवार सायं 5 बजे श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मर्यादा एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप आचरण बनाए रखने का संदेश देते हुए यात्रा की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विद्यालय के आचार्यों ने भी विद्यार्थियों के सुरक्षित, मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। विद्यालय परिवार ने प्रभु श्री राधा-कृष्ण से सभी विद्यार्थियों की सुरक्षित एवं सफल यात्रा तथा सकुशल वापसी की प्रार्थना की।

## नाले का पानी दुकानों में भरा, हजारों का नुकसान

### विकास कार्यो की पोल खोल रहा है बण्डा रोड का नाला



**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** बण्डा रोड स्थित दुकानों में नाले का पानी दुकानों में घुस गया। जिस कारण दुकानदारों की दुकानों में पानी भर गया। जिससे उनको हजारों का नुकसान हुआ है।

रविवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी के चलते नगर के बण्डा रो? स्थित पर बने नाले पर चोक होने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर दुकानों में घुस गया। नॉक4 चोक होने के कारण नाले का पानी दुकानों में घुस गया। जब दुकानदारों को जानकारी हुई तो वह आनन फानन दुकान पर आकर उन्होंने दुकानों का पानी निकाला। इस नाले चौक पर दुकानदार नगरपालिका की पोल खोल रहे है। दुकानदारों का कहना है कि इस नाले की पानी की बजह से करीब हजारों का नुकसान हुआ है।

आशीष कोल्डड्रिंक का कहना है दुकान में पानी भरने से इंवेटर, पंखा, फ्रेज आदि समान का काफी नुकसान हुआ है। लेकिन नगरपालिका के सफाई कर्मियों ने कभी भी नाले की सफाई नही की है। जिस कारण हमारा हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। लेकिन अभी तक कोई भी नगरपालिका का अधिकारी सुध लेने नही आया है।

मेडिकल स्वामी अनिल यादव का कहना है कि जब जानकारी मिली तो नाले का पानी दुकान में पूरी तरह भर चुका था। जब दुकान में आये तो देखा कि नीचे लगी दवाइयां पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जिसके बाद पानी को बाल्टी से स?क पर फेंका अन्य दवाइयों को सुरक्षित किया। रविवार की सुबह जब जानकारी हुई कि दुकान में पानी घुस गया है तो आनन फानन बरसात में भीगते हुए दुकान में आकर देखा तो पानी दुकान में पूरी तरह भर चुका था। उसके बाद दुकान पर आकर कई घण्टे दुकान का पानी निकला। ओर नगरपालिका के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन अभी तक नगरपालिका के अधिकारी यहां देखने नही आये है।

## भाई ने धारदार हथियार से किया घायल



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर** । थाना क्षेत्र के शाहगंज गांव निवासी कमलेश तिवारी ने सूचना दी कि उनके पिता दयाशंकर तिवारी ने दो माह पहले खेत की बिक्री 540000 रूपये में कर दी थी । छोटा भाई विवेक देहरादून में रहकर कार्य करता है बड़ा भाई गांव में रहता है जो कि पूरा पैसा लेना चाहता है कल शाम दरवाजे पर बैठे थे तभी गाली गलौज करने लगा गाली-गलौज करने से जब मना किया तो दोनों लड़के भोला ऋषभ के साथ मारपीट करने लगा और धारदार हथियार से घायल कर दिया मारपीट होते देख गांव वालों की भीड़ एकत्र हो गई घायल कमलेश तिवारी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां मेडिकल हुआ वही हमला करने वाले भागने में सफल रहे इस संबंध में रोजा जंक्शन कोतवाल प्रभारी उमेश मिश्रा थे जब जानकारी की तो उन्होंने बताया भाइयों में सुलह नामा हो गया है विवेक तिवारी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

## पीएचसी की तरफ जाने वाला रास्ता खराब



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर की तरफ जाने बाला रास्ता खराब। मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों को अस्पताल तक जाने में होती है दिक्कत। रास्ता सही कराने की मांग। परौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है मुख्य मार्ग कुंडरिया परौर से एक रास्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए गया है। जिस पर खड़ंजा बना हुआ है। इस रास्ते पर अभी तक डामरीकरण का कार्य नहीं कराया गया है। इसी रास्ते पर एक नाला बना हुआ है। जिसका पानी तालाब में जाता है। नाला सफाई के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ जाने वाले रास्ते को खोदकर बेकार कर दिया है। जिससे अस्पताल जाने वाले मरीज स्वास्थ्य कर्मियों को भारी दिक्कत होती है। स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल जाने के लिए अपना वाहन सड़क पर ही छोड़ना पड़ता है। क्योंकि आगे बाहन ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव के संदीप कुमार कुशवाहा, सुदीप कुमार कुशवाहा, डॉ राम मोहन दीक्षित, विपिन कुमार दीक्षित, कुलदीप कुमार कुशवाहा, फूल सिंह कुशवाहा ने चिकित्सालय की तरफ जाने वाली सड़क पर डामरीकरण एवं रास्ता को सही कराने की मांग की है।

# हिंदू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता : विवेकानन्दजी

## करके इशारो बुलाये गयी री,बरसाने की छोरी भजन पर खूब थिरके भक्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में एक भजन संध्या आयोजित की गई ।जिसमें हरियाणा के हिसार से आये भजन सम्राट दिव्यदास जी ने अपनी साज सज्जा टीम के साथ सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी । गणेश वंदना से शुरुआत के बाद एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों का मन मोहा । ÷मेरी विनती सुनो श्यामा प्यारी,मैं आयी तेरी शरण प्यारी÷ भजन सुनाकर मस्ती बिखेरी और ÷बृज तो राधेश्याम अवध तो सीताराम है÷ भजन ने भी धूम मचा दी । रात 8 बजे से प्रारम्भ हुई भजन संध्या रात्रि 12.30 बजे सम्पन्न हुई । भजनों के मध्य उपस्थित महिलाओं बच्चों व पुरुषों ने खूब जमकर नृत्य किया । जब रात्रि में एक बार बिजली चली गई तो दिव्यदास ने कहा कि कन्हैया का तो जन्म ही अँधेरे में हुआ था तो इस समय उन्होंने अपनी आदत के अनुसार ही अँधेरे में अपनी एंट्री की है । दिव्यदास जी ने ÷करके इशारो बुलाये गयी री, बरसाने की छोरी, राधा गोरी गोरी÷ भजन सुनाकर मस्ती के सागर में डुबकी लगवाई। भजनों के दौरान ही श्री भगवद धाम आश्रम हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 डॉ0 विवेकानन्द जी महाराज और श्री रविन्द्रानन्द महाराज मस्तराम बाबा मंदिर में पधारे और भजनों को सुना उसके बाद रविन्द्रानन्द जी महाराज ने प्रवचन देकर भजन सुनाया जिससे भक्तगण भावविभोर हो गये उन्होंने सभी से सनातन धर्म की रक्षा व उसके प्रचार प्रसार के लिए आगे बढ़ने का आवाहन किया और यह भी कहा कि आज हमारे हिंदू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है, उसके बाद बड़े महाराज डॉ0 विवेकानन्द महाराज ने बहुत ही ओजस्वी प्रवचन देकर बड़ा ही सुंदर भजन सुनाकर लोगों को नृत्य करने पर विवश कर दिया ।प्रधान सुशील नारंग, कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज, महामंत्री कमलेश सचदेव, राजेंद्र गुप्ता, हरवंश सचदेव,प्रेम नारंग ने बड़े महाराज डॉ0 विवेकानन्द जी को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और युवा सेवा समिति के प्रधान संजीव सचदेव व महामंत्री दीप गुप्ता एडवोकेट तथा नवीन सचदेव ने अंगवस्त्र ओढ़ाया तथा छोटे महाराज श्री रविन्द्रानंद जी को अंकित सचदेव, अनिल कक्कड़ व देवेन्द्र खुराना ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र ओ?ाकर सम्मानित किया फिर भजन गायक दिव्यदास जी को जसवंत जयसिंह जस्सू, रवि सचदेव व विनोद सचदेव ने अंगवस्त्र पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कमेटी के अन्य सदस्यों संदीप अरोरा आदि ने दिव्यदास जी की पूरी टीम को पटका पहनाकर सम्मानित किया । अंत में ÷श्रीकृष्ण मंदिर का इतिहास÷ पत्रिका का विमोचन डॉ0 विवेकानन्द जी महाराज ने किया । प्रधान हरीश बजाज ने अपने उद्बोधन में उपस्थित भक्तगणों को इतनी देर रात तक अपना समय देने व एकचित्त बैठकर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आभार प्रकट किया और दोनों महाराज जी को साधुवाद दिया विशेषकर अनिल कक्कड़ को पत्रिका के लेखन में विशेष योगदान व उनके सहयोग के लिये राजेंद्र गुप्ता को धन्यवाद दिया । उक्त कार्यक्रम में पण्डित अखिलेश शास्त्री, भूषण खुराना, मोहन ग्रोवर,कार्तिक शर्मा,अर्पित ग्रोवर, नितिन शर्मा,जगदीश गोगिया,संजीव मिश्रा, राजीव मिश्रा एड0,अजय सचदेव, कुलदीप कालरा,नरेंद्र सिंह, धर्मवीर कश्यप, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रामसिंह, रजनी अरोरा, ममता सचदेव, सुषमा सचदेव, दुर्गा अरोरा, सुनीता कक्कड़, सिम्मी सचदेव, भागवन्ती देवी आदि सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे ।

# दो पक्षों में हुई फायरिंग

**स्वतंत्र भारत तिलहर, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला खलील कटरा में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। आधी रात के समय फायरिंग होने के आरोपों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से हमला और गोली चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पूछताछ के लिए दोनों पक्षों से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पहले पक्ष के दीपक सिंह का आरोप है कि 29 जून को हुई कहासुनी की रंजिश में शनिवार रात करीब 11:30 बजे राम लखन कुशवाहा 10ङ्क12 लोगों के साथ उनके घर पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। उनका कहना है कि हमलावरों के हाथों में बंदूक, राइफल, तमंचे, डंडे और लोहे के पाइप थे। किसी तरह घर के अंदर घुसकर उन्होंने अपनी जान बचाई। गोलियों की आवाज से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। दूसरी ओर राम लखन कुशवाहा ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ अपने बीमार ताऊ को देखने जा रहे थे। तभी बाहर शोर और फायरिंग की आवाज सुनाई दी। उनके अनुसार ताऊ ने अपनी लाइसेंसी बंदूक उन्हें सुरक्षा के लिए थमा दी थी। जब तक वह बाहर पहुंचे, फायरिंग करने वाले लोग जा चुके थे। इसके बाद मोहित अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन पर फायरिंग का आरोप लगाते हुए गोली चला दी। राम लखन ने यह भी दावा किया कि 29 जून को उनके पिता पर भी फायरिंग हुई थी, जिसकी शिकायत पहले ही थाने में दी जा चुकी है।घटना के बाद पूरे खलील कटरा इलाके में तनाव का माहौल बन गया। देर रात बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और राम लखन कुशवाहा तथा मोहित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा दोनों पक्षों का फैसला हो चुका है।

# झोपड़ी में लगाई आग, घरेलू सामान जला, हत्या का आरोप



**स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव जंगलपुर में एक दलित मजदूर ने पड़ोसी पर झोपड़ी में आग लगाकर जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना पुवायां में तहरीर देकर नामजद आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आगजनी, आपराधिक षड्यंत्र, जान से मारने की धमकी तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है। गांव जंगलपुर निवासी अशोक पुत्र तेजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अनुसूचित जाति वर्ग से हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आरोप है कि शनिवार देर रात करीब 1:45 बजे गांव के एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश और जमीन पर कब्जा करने की नीयत से अपने साथियों के जरिए उनकी झोपड़ी में आग लगवा दी। उस समय वह झोपड़ी के अंदर सो रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि आग की लपटों से उनकी नींद खुली, तब तक उनका शरीर झुलस चुका था। शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। परिजनों ने घटना स्थल से दो लोगों को भागते हुए देखने का भी दावा किया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो उनकी मौत हो सकती थी। घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 पर दी गई। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में यूपी-112 की इवेंट आईडी क्र05072601628 दर्ज है। तहरीर में अशोक ने आरोप लगाया है कि नामजद आरोपी पहले भी कई बार उन्हें और उनके परिवार को गांव छोड़ने, जमीन पर कब्जा करने तथा जिंदा जलाने की धमकी दे चुका है। आरोपी की राजनीतिक पहुंच होने के कारण परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।

पीड़ित ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर मुख्य आरोपी और उसके सहयोगियों की तत्काल गिरफ्तारी, मेडिकल परीक्षण, परिवार की सुरक्षा तथा एससी/एसटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में कठोर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के चर्च कॉलोनी निवासी संजय वाल्मीकि ने अपने घर के पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिवार वालों ने बताया देर रात में शराब पीकर के आया और छत के ऊपर पंखा लगाने के लिए बोला और छत के ऊपर चला गया काफी देर बाद जब पंखा लेकर नहीं आया तो परिवार वालों ने ऊपर जाकर देखा तो चीख निकल गई संजय पंखे के कुंडे में दुपट्टे से लटका हुआ था यह देखकर चीख निकल गई घर वालों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग के एकत्र हो गए किसी ने पुलिस को सूचना दी रोजा जंक्शन कोतवाल प्रभारी फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और सबको उतार कर पंचनामा भरकरपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया रोजा जंक्शन कोतवाल प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी संजय की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है संजय नगर निगम में सफाई कर्मी कर्मी के पद पर कार्य करता था

# मामूली कहासुनी में खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत 11 घायल



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** मामूली बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-से मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं समेत 11 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गांव सलेमाबाद पट्टी निवासी इशाक का गांव के ही जलालुद्दीन से रविवार दोपहर करीब दो बजे किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में दोनों पक्षों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान महिलाओं ने भी एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।मारपीट में एक पक्ष के महिलाओं सहित छह लोग तथा दूसरे पक्ष के महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए।ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां सभी का उपचार किया गया। घटना बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई,।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट हुई है, जिसमें महिलाओं सहित कुल 11 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान के तहत महानगर के सेक्टर न (13) महमंद जलालनगर व सेक्टर नंबर (32) नवादा इंदेपुर में सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा के आवास के पास नहर के किनारे पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चैयरमैन तनवीर खां ने वृक्षारोपण किये और सभी क्षेत्रवासियों के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा नेता अरविंद पाल,भूमि विकास, वीर मिश्रा, रामवीर यादव, शुभम वर्मा, सुमित कुमार, सतवीर सिंह, धनंजय सिंह,राहुल पाल,अनूप शुक्ला,आशीष यादव, आशुतोष तिवारी,रवि वर्मा, ए.पी मिश्रा फौजी, नरेश यादव,रामपाल भोजवाल, रजत शुक्ला,कमल वर्मा, बृजेश फौजी, निखिल शर्मा,इम्तिया? वली,वसीम खान, कल्याण सिंह, रामदेव मिश्रा, राम रतन सिंह, विजय मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक संगठनों को एकजुट होकर देशव्यापी आंदोलन करने की जरुरत : ऋषिकान्त

## जनपद मे शेष ब्लॉक इकाइयों का निर्वाचन जुलाई अगस्त में सम्पन्न होगा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्त्वपूर्ण जिला बैठक रोटी गोदाम में करते हुए जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक शिक्षकों की सेवा शर्ते और भविष्य सुरक्षित रख पाना सबसे ब?ी समस्या है, शिक्षक पहले से ही पुरानी पेंशन बंद होने के कारण परेशान था और लगातार आंदोलन कर रहा था लेकिन अब आर टी ई एक्ट 2009 की धारा 23(2) में अगस्त 2017 में किये गए गोपनीय संशोधन के कारण जों सभी सेवारत शिक्षकों पर टी ई टी अनिवार्यता थोप दी गयी है यह विल्कुल असंवैधानिक और अव्यवहारिक है इसे स्वीकार नही किया जा सकता इसके लिए सभी संगठन एकजुट होकर दिल्ली में प्रभावशाली देश व्यापी आंदोलन करें तभी सफलता मिल सकती है अन्यथा आने बाले समय में शिक्षकों का वजूद ही खत्म हो जायेगा गत 6 माह से लंबित संगठन की निर्वाचन प्रक्रिया को अब सितंबर तक पूरा कर लेने की योजना बनायीं गयी क्योंकि अभी भी जनपद में सभी ब्लॉक इकाइयों का निर्वाचन पूरा न हो पाने के कारण जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन रुका हुआ है इससे संगठन और विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे है इसलिये जिला कार्यकारिणी की अंतरिम कमेटी आज बनायीं गयी वहीं शेष ब्लॉक कमेटियों के निर्वाचन भी जुलाई अगस्त में पूरे करने और फिर सितंबर माह में जिला कार्यकारिणी का विधिवत निर्वाचन और अधिवेशन कराने की सहमति बनायीं गयी आज जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय द्वारा बनायीं गयी अंतरिम जिला कमेटी में डा. रत्नाकर दीक्षित को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिन कुमार को संयुक्त मंत्री, भुवनेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष और डा. संदीप सिंह को जिला मंत्री बनाया गया अंतरिम जिला कमेटी के अन्य पदाधिकारियों में पल्लवी गुप्ता को महिला उपाध्यक्ष तथा विक्रांत मिश्रा, धीरज रस्तोगी को जिला उपाध्यक्ष और शीबा सिद्दीकी ,शशांक शेखर को संगठन मंत्री तथा श्याम मोहन मिश्रा को मीडिया प्रभारी बनाया गया अंतरिम जिला कमेटी के गठन का कार्य, जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अरविन्द शुक्ला द्वारा पूर्ण कराया गया आज की मीटिंग में दशरथ नंदन अवस्थी, नवनीत तिवारी ,प्रदीप, अरविन्द वर्मा, मनोज मलिक, अभिषेक गंगवार, अंकित रस्तोगी, जितेंद्र कुमार, राजेश पाण्डेय, सचिन मिश्रा, मोहम्मद आजम खां, संतोष कुमार, जुनेन्द्र यादव, आदि उपस्थित रहे

# फैक्ट्री से कामकर लौट रही महिला को दबंगों ने पीटा



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** नमकीन फैक्ट्री से काम करके वापस जा रही अंजुम पुत्री रौनक अली निवासी अहमदपुर रेती को दबंगों ने मारा पीटा मोबाइल और नगदी छीन ली। सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर वह बेहोश मिली । रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के अहमदपुर रेती निवासी अंजुम पुत्री रौनक अली रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के नमकीन फैक्ट्री में मजदूरी करती थी शनिवार रात 9:00 बजे मजदूरी करके वापस अपने घर जा रही थी तभी बाइक सवार व्यक्ति ने मारा और पिटाई कर दी पिटाई करने के बाद मोबाइल और ?1000 छीन लिया और चला गया रात भर महिला घर नहीं पहुंची सुबह 7:00 बजे सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर बेहोश पड़ी हुई महिला को देखकर आसपास लोगों की भीड़ लग गई किसी ने पुलिस को सूचना दी सुभाष चंद्र बोस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और पूछताछ की वह महिला ने निगोही थाना क्षेत्र के कजीपुर गांव के किसी युवक का नाम बताया रोजा कोतवाल प्रभारी में बताया महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है जानकारी मिली है निगोही थाना क्षेत्र के ग कजीपुर गांव के किसी युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा है कल शाम भी किसी बात को लेकर इस व्यक्ति ने मारपीट कर दी अभियोग पंजीकृत कर बहुत जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बसखेड़ा बुजुर्ग निवासी पूजा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति श्यामवीर (35) तथा गोल्डी निवासी दिलीपपुर थाना खुटार, नथ्थापुर निवासी बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह और छेका सिंह के यहां कई दिनों से कार्य कर रहे थे। तीन जुलाई की रात करीब 10:30 बजे दोनों बाइक से चीमा फार्म पर पानी लगाने जा रहे थे। इसी दौरान इनायतपुर गांव के पास राजेश के मकान के सामने पीछे से तेज रफ्तार में आई एक स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्यामवीर और गोल्डी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने श्यामवीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल गोल्डी को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात स्विफ्ट कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा वाहन और चालक की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डाककर्मी समाज सेवा के सच्चे कर्मयोगी : रवि

## कर्मयोगी डाककर्मियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** ब्रज संवाद केंद्र, शाहजीपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित डाककर्मी सम्मान समारोह में डाक विभाग के 6 कर्मयोगी डाककर्मियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने डाककर्मियों की निष्ठा, सेवा-भाव और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघ चालक रवि मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में भी डाककर्मी जनसेवा की परंपरा को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभा रहे हैं। उनका कार्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विश्वास और सेवा पहुँचाने का माध्यम है। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक रवि प्रकाश ने कहा कि डाककर्मी केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि समाज और शासन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी हैं। वे विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सेवा, अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन शाहजीपुर महानगर के महानगर प्रचार प्रमुख डॉ. आलोक कुमार सिंह ने किया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के ऐसे अनाम नायकों को सम्मानित करना ब्रज संवाद केंद्र का दायित्व है, जो अपने कर्तव्य के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान दे रहे हैं। समारोह में उत्कृष्ट कार्य हेतु डाककर्मी बच्चू लाल, कुनेंद्र पाल वर्मा, प्रेमपाल शर्मा, मोहित कुमार, संध्या शुक्ला और रोशनी पाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महानगर प्रचारक अविनाश, नवनीत त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित डाककर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज में सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस खाई में पलटी, 50 से अधिक यात्री घायल

## 8 जिला अस्पताल रेफर, घटना रात्रि 2.40 पर हरदोई के थाना पचदेवरा की

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर हरदोई जनपद के पचदेवरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे उतर गई व रेलिंग तोड़ती हुई खाई में पलट गई दो-तीन बार पलथे लेने के बाद सीधी हो गई जानकारी के मुताबिक बस में लगभग 100 यात्री सवार थे काशी विश्वनाथ मेल के नाम से चलने वाली डबल डेकर बस जिला बस्ती से शनिवार शाम 6¬00 बजे दिल्ली जाने के लिए निकली थी जिसमें सिद्धार्थनगर, बस्ती व दिल्ली के लोग अधिकतर सवार थे जैसे ही बस हरदोई के थाना पचदेवरा के गांव भापुर सपाह पहुंची अचानक बस के चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस गंगा एक्सप्रेसवे से बाईं ओर रेलिंग तोड़ती हुई गहरी खाई में चली गई और दो-तीन बार पलथे लेने के बाद सीधी हो गई बस में सवार लगभग 100 यात्रियों में 50 से अधिक घायल हो गए घटना एक्सप्रेस वे के चैनल नंबर 268



पर रात लगभग 2¬40 पर हुई 3¬30 पर यूपीडा एंबुलेंस व एंबुलेंस 108 द्वारा 50 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया जलालाबाद में भर्ती कराया गया जहां चिकित्साधीक्षक दिनेश कुमार सिंह यादव सहित डॉक्टर और कर्मचारियों की टीम ने सभी 50 यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया जिसमें से गंभीर हालत में पाए गए आठ घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल रेफर होने वालों में जिला बस्ती के भानपुर निवासी अजय कौशल पुत्र रामनिवास, किशन पुत्र सुई लाल, थाना सुनहा जिला बस्ती के गांव भोलापुर निवासी फिजा खातून पत्नी बादशाह, सबा खातून पुत्री बादशाह मोहर्रम अली पुत्र शेर मोहम्मद, थाना टिंच बाबू जिला बस्ती के कविता पत्नी रामनरेश, दिल्ली के जाफराबाद निवासी नूरजादी पत्नी माजीद, सायमा पुत्री वजीर रहमान सहित आठ लोग रेफर किए गए हैं

शेष 42 घायलों का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई

यात्री अजय कौशल व राम सिंह से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि वह सिद्धार्थनगर से दिल्ली जाने के लिए निकले थे बस्ती होते हुए यहां तक पहुंचे इस दौरान घटना से पहले एक यात्री बस चालक से बस रोकने और लघु शंका करने के लिए कह रहा था चालक उसे जगह मिलने पर बस रोकने की बात कह रहा था इसी दौरान हादसा हो गया अधिकतर लोग सो रहे थे कुछ सीटों पर बैठे थे बाकी स्लीपर कंपार्टमेंट में लेटे हुए थे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि लगभग 3¬30 बजे घायलों को अस्पताल में लाया गया था उनकी पूरी टीम घायलों के उपचार में जुट गई आठ लोग रेफर किया जा रहे हैं शेष 42 लोगों को प्राथमिक उपचार दिया गया है इनमें से कुछ लोग सीरियस भी निकल सकते हैं

# फीडर से फैक्ट्री का कनेक्शन हटाने की मांग

## किसानों ने जेई अमित कुमार चौधरी को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बखौरा फीडर से जुड़े किसानों ने रविवार को बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपकर रामबाबू गुप्ता की फैक्ट्री का विद्युत कनेक्शन पुनः देहात फीडर से जोड़ने की मांग की। किसानों का कहना है कि फैक्ट्री का कनेक्शन बखौरा फीडर से जोड़े जाने के बाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि पहले फैक्ट्री को देहात फीडर से बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन वर्तमान में उसे बखौरा फीडर से जोड़ दिया गया है। इसके बाद से गांव में कई बार दो फेस की ही बिजली मिल रही है, जिसके कारण किसानों के मोटर और ट्यूबवेल संचालित नहीं हो पा रहे हैं। धान की फसल की सिंचाई प्रभावित होने से किसानों को भारी चिंता का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि खेती ही उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है और समय पर सिंचाई नहीं होने से फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने मांग की कि रामबाबू गुप्ता की फैक्ट्री का बिजली कनेक्शन पुनः देहात फीडर से जोड़ा जाए, ताकि बखौरा फीडर से जुड़े किसानों को पर्याप्त और सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सके तथा धान की सिंचाई बिना किसी बाधा के हो सके। ज्ञापन प्राप्त होने के बाद जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चौधरी ने किसानों की समस्या को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले का तकनीकी परीक्षण कर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। किसानों ने बताया कि जेई अमित कुमार चौधरी ने पूरे धैर्य और सकारात्मक रवैये के साथ उनकी बात सुनी तथा समस्या के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। किसानों ने उनके व्यवहार और कार्यशैली की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कराया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में लखपत सिंह, हरीश सिंह, प्रमोद सिंह, गुरप्रीत सिंह, महावीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन और बिजली विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्र के किसानों को राहत दिलाने की मांग की।

# वन महोत्सव के तहत शारदा नहर किनारे गोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में संचालित वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत पंचम दिवस पर तिलहर रेंज की खुदागंज बीट क्षेत्र में शाहपुर खितौआ से भोना तक शारदा नहर किनारे जनजागरूकता गोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा आमजन को वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती रामरति देवी, वन विभाग के उपराजिक श्री अमित शर्मा, बीट प्रभारी श्री श्याम सिंह सहित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों ने अपने संदेश में कहा कि ÷वन महोत्सव केवल पौधे लगाने का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का जनआंदोलन है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा



लगाकर उसका संरक्षण सुनिश्चित करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, पर्याप्त जल संसाधन और समृद्ध जैव विविधता सुरक्षित की जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है।÷ कार्यक्रम में ग्रामीणों को अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। वन विभाग ने सभी नागरिकों से वन महोत्सव के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में सहयोग वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामवासियों का रहा।

## घर में घुसकर मारपीट

**स्वतंत्र भारत ददरौल।** ग्राम बाड़ीगांव में महिला के घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुत्र को जमकर पीटा और घर में तोड़फोड़ कर दी। आरसी मिशन पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के ग्राम बाड़ीगांव निवासी फिरदौस पत्नी मुबारक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वे तीन जुलाई को घर पर सो रही थीं। तभी गांव के ललूसे, कमर, शारुक, साहिल घर में घुस आए और पुत्र शीबू को लातों घूसों से पीटने लगे। आरोप है कि घर में रखा सामान तोड़फोड़ दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# ई-रिक्शा से गिरकर बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत

## ई रिक्शा चालक ई रिक्शा छोड़कर मौके से फरार, पुलिस ने ई रिक्शा को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेजा

**स्वतंत्र भारत-खुटार (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के गांव मुरादपुर निविया खेड़ा में 9 वर्षीय बच्ची ई रिक्शा पर बैठी थी। ई-रिक्शा चालक द्वारा तेज रफ्तार से चलाने से बच्ची ई रिक्शा से बीच रोड पर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को ई रिक्शा से गिरते देख लोगों ने बच्ची को जब तक रोड से उठाया तब तक उसने मौके पर ही तड़प कर दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव मुरादपुर निबिया खेड़ा निवासी रामभरोसे की पत्नी सोनी देवी ने बताया कि रविवार करीब 4¬00 वह जानवरों के लिए घास काटने खेत पर गई हुई थी। सोनी देवी अपने तीन बेटी व एक बेटे को घर पर छोड़ गई थी। उधर काफी देर हो जाने के बाद जब सोनी देवी घास लेकर घर नहीं



पहुंची तब उसकी बेटी बंदना देवी, शिवांशी व नंदिनी मां को ढूंढने के लिए निकल पड़ी। जिस पर वह मुरादपुर निबिया खेड़ा से नरौठा हंसराम को जाने वाली रोड पर गांव के बाहर पहुंची। जहां पर उसकी मां घास काट रही थी। तीनों बहनें खेत से वापस रोड पर आ गई कि नरौठा हंसराम की ओर से आ रहे ई रिक्शा चालक ने वंदना देवी नौ वर्षीय, नंदिनी 5 वर्षीय, शिवांशी 7 वर्षीय, वंदना देवी की सहेली संतोष कुमार की बेटी बनी देवी को ई रिक्शा चालक ने ई रिक्शा पर बैठा लिया। ई रिक्शा चालक जैसे ही राम भरोसे के दरवाजे पर पहुंचा की वंदना ई रिक्शा चालक से चिल्ला चिल्ला कर कहने लगी की ई रिक्शा रोक दो हमें उतार दो हमारा घर आ गया है ।लेकिन ई-रिक्शा चालक ने ई-रिक्शा न रोक कर तेज रफ्तार में दौड़ा दिया। जिस पर वंदना देवी ई रिक्शा से उछलकर रोड पर जा गिरी। जिससे उसका सिर बुरी तरह फट गया। बच्चों को ई रिक्शा से गिरता देख पास पड़ोस के लोगों ने दौड़कर बच्ची को उठाया लेकिन तब तक बच्ची ने तड़प कर अपना दम मौके पर ही तोड़ दिया। उधर ई रिक्शा चालक ई रिक्शा को छोड़कर मौके से भाग गया। मोहल्ले वासियों ने डायल 112 व थाने की पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद ई रिक्शा को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया। मृतक बच्ची की मां सोनी देवी ने बताया कि उसके तीन बेटी व एक बेटा दिवेश 13 वर्षीय है। पति राम भरोसे जौनपुर जिले को मजदूरी करने गए हुए हैं, वह घर पर अकेले ही बच्चों की देखभाल व भरण पोषण करती है। उधर बच्ची की मौत पर भाई बहन बिलख बिलख कर रो रहे थे जबकि मां सोनी देवी बच्ची के शव को देख बदहवास होकर गिर पड़ी।। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि बच्ची के शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के परिवार जनों की ओर से तहरीर मिलने पर आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में था रिक्शा चालक

**स्वतंत्र भारत खुटार।** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि ई रिक्शा चालक शराब के नशे में ई-रिक्शा को दौड़ा रहा था। ई रिक्शा पर बैठी छोटी-छोटी बच्चिया ई-रिक्शा से उतरने के लिए चिल्ला रही थी लेकिन ई रिक्शा चालक बच्चियों की आवाज ना सुनकर ई रिक्शा को तेज रफ्तार में चलाने में मशगूल था। जिस कारण यह हादसा हुआ जो बहुत ही दर्दनाक है।

# सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना खुदागंज पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने महिला कांस्टेबल कंचन एवं वैशाली के साथ महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में 112 नंबर पर या फिर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने महिला हेल्पलाइन और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हर शिकायत पर पुलिस तत्परता से कार्रवाई करती है। महिला कांस्टेबल कंचन एवं वैशाली ने भी उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, महिला सुरक्षा कानूनों तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। पुलिस टीम ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस हर समय उनके साथ खड़ी है। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए।

## गड्ढे में डूबे मासूम की हुई अंत्येष्टि

**स्वतंत्र भारत सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के ग्राम खसुआ जाजू में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया था। यहाँ निर्माण कार्य के के लिए जेसीबी से खोदे गए करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से चार वर्षीय मासूम अंशू की मौत हो गई थी। गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था। मृतक अंशू मदनापुर के नहरा गांव निवासी मजदूर रामू का इकलौता बेटा था और करीब एक महीने से अपनी मां के साथ ननिहाल आया हुआ था। सुबह करीब 11 बजे घर से लगभग 100 मीटर दूर बच्चों के साथ खेलते समय अंशू का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथियों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थाना अध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी ने बताया कि आज पुलिस की मौजूदगी में गमगीन माहौल के बीच मासूम के शव की अंत्येष्टि कर दी गई है। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दुखी पिता ?पिता का दर्द सुनकर सभी की आँख भर आई पिता ने बताया कि मैं मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार को पालता हूं। पत्नी एक महीने पहले बेटे को लेकर मायके (खसुआ जाजू) आई थी, मुझे क्या पता था कि जिस बेटे को ननिहाल भेज रहा हूं, वह कभी लौटकर नहीं आएगा। मृतक अंशू अपनी दो बहनों, पराक्षा और काव्या, का अकेला भाई था।

## तालाव में डूबने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत कांट ।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की तालाब में डूबकर युवक की मौत हो गई। मिर्गी दौरे का शिकार बताया जाता है पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के पिपरौला अहमदपुर निवासी 40 वर्षीय मृतक अमरेश की शनिवार को 3 बजे तालाब में डूबने के कारण मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि वह मंदबुद्धि का था और मिर्गी दौरे प?ते थे पुलिस चौकी पिपरौला गांव से मात्र 200 मीटर दूर तालाब था आसपास मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तालाब से शव को बाहर निकलवाया और परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया नवजात प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया ग्रामीणों के अनुसार मृतक मिर्गी दौरे सिर्फ लिखा था मामले की जांच की जा रही है।

## अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्री की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** अवध आसाम एक्सप्रेस कोच नंबर एवं बर्थ नंबर 53 पर गजानन शर्मा अपनी पुत्री लक्ष्मी शर्मा को लेकर न्यू जलपाईगुड़ी से लालगढ़ जा रहे थे लखनऊ से निकलने के बाद उनकी पुत्री लक्ष्मी शर्मा की हालत बिगड़ गई गजानन शर्मा ने ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर स्टेशन पर रोका गया जहां रेलवे के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण ट्रेन 10 मिनट शाहजहांपुर प्लेटफार्म पर खड़ी रहे स्टेशन अभी तक के गौतम ने बताया अवध आसाम एक्सप्रेस में यात्री की हालत खराब थी उसका उपचार किया गया उसके बाद ट्रेन पर रवाना किया गया।

# फर्जी बैनामे के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने पैतृक जमीन का फर्जी बैनामा कराने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार दोपहर छोटा कुतबां के पीछे स्थित खंडहर के पास से दबोचा। पुलिस के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमा संख्या 193/2026 में आरोप है कि आरोपी मो. शकील एवं अन्य लोगों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी की पैतृक जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया था। इस मामले में थाना सदर बाजार में धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मो. शकील (59 वर्ष), निवासी बरादरी ईदगाह रोड, थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक विनोद कुमार यादव, आरक्षी अमित एवं महिला आरक्षी शीतल शामिल रहे।

# चार युवक पानी की टंकी पर चढ़े

## लोन दिलाने के नाम पर हुई थी ठगी, खुलासा न होने से नाराज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई न होने से नाराज चार युवक रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गए। युवकों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और रुपये वापस न मिलने पर टंकी से कूदकर जान देने की धमकी दी। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को समझाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि चारों युवक काशीराम कॉलोनी के निवासी हैं। उनका आरोप है कि एक व्यक्ति ने सरकारी योजना के तहत लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे फाइल तैयार कराने के नाम पर रुपये ले लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो लोन स्वीकृत हुआ और न ही उनकी फाइल तैयार हुई। युवकों का कहना है कि जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो



आरोपी ने देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत की। आरोप है कि पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए थाने लाई थी, लेकिन बाद में बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया। इससे नाराज होकर चारों युवकों ने विरोध स्वरूप पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या की चेतावनी दे दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। डायल 112 की टीम ने पहुंचकर युवकों को नीचे उतरने और उनके रुपये वापस दिलाने का आश्वासन दिया। हालांकि सूचना के करीब एक घंटे बाद तक स्थानीय पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने की बात सामने आई। अजीजगंज चौकी प्रभारी सुशांत रावत ने बताया कि युवकों के पानी की टंकी पर चढ़ने की सूचना मिली है। वह पुलिस टीम के साथ मौके के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस युवकों को सुरक्षित नीचे उतारने और पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार गंभीर-जितिन प्रसाद

- सुदीप के परिजनों से मिले मंत्री
- दिया कार्रवाई का आश्वासन
- आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत





स्वतंत्र भारत

**जंगबहादुरगंज-खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद के आगमन पर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। रविवार को लखनऊ में मीटिंग के बाद सीतापुर होते हुए जब मंत्री जंगबहादुरगंज क्षेत्र में पहुंचे तो शारदा नहर उदयपुर स्थित मुन्ना ढाबा पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला।

स्वागत कार्यक्रम के बाद मंत्री जितिन प्रसाद पसगवां क्षेत्र के ग्राम महदूदा पहुंचे, जहां उन्होंने सुदीप चौहान कांड से प्रभावित परिवार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार गंभीर है और हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके बाद मंत्री जितिन प्रसाद पसगवां क्षेत्र में समाजसेवी परमेश्वरदीन से भी मिले और उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्रीय मुद्दों और जनहित से जुड़े विषयों पर भी बातचीत हुई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी उपस्थिति रही। स्वागत करने वालों में डॉक्टर संदीप गुप्ता, शंकर बक्स सिंह, निशांत सिंह, मुन्ना सिंह, रत्नेश गुप्ता, विशाल वर्मा, पंकज कश्यप, दीपक मिश्रा, एडवोकेट मनमोहन शुक्ला सहित कई लोग शामिल रहे। इसके अलावा पत्रकारों में जय गोपाल, अनूप, अमित सक्सेना और सर्वेश भदौरिया भी मौजूद रहे। मंत्री के आगमन से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## दसवें मेले को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



- शांतिपूर्ण आयोजन के दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत

**ओयल-खीरी।** आगामी दसवें मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर ओयल चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने की, जिसमें चौकी प्रभारी डिम्पल सिंह, चेयरमैन प्रतिभा सहित कस्बे और आसपास के क्षेत्र के संभ्रांत लोग, मेले की कमेटी सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

बैठक में नायब तहसीलदार ने सभी समुदायों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी और किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि ताजियों की ऊंचाई अधिकतम 12 फुट तक ही रखी जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना या अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल बनाए रखें। साथ ही कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रशासन को सूचित किया जाए, जिस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर चौकी प्रभारी डिम्पल सिंह ने कहा कि डीजे को निर्धारित समय सीमा और सीमित ध्वनि स्तर में ही बजाने की अनुमति होगी। नियमों का पालन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## मानसून में दुधवा टाइगर रिजर्व पर विशेष निगरानी

- नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में चौकसी बढ़ी

स्वतंत्र भारत

**पलिया कलां-खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व, जो अपनी समृद्ध जैव विविधता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है, इस समय मानसून के मौसम में उच्च सतर्कता की स्थिति में है। नेपाल सीमा से सटी लगभग 90 किलोमीटर लंबी खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।



मानसून के दौरान भारी बारिश और बाढ़ के चलते जंगल के अधिकांश हिस्से जलमग्न हो जाते हैं, जिससे अवैध गतिविधियों की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। इसी स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने इस वर्ष विशेष निगरानी योजना लागू की है, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या वन्य अपराध को रोका जा सके। उच्च स्तर और प्रभागीय निर्देशों के अनुपालन में दुधवा टाइगर रिजर्व की सभी रेंजों में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों तथा फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा नियमित रूप से सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। इस बार सबसे अधिक जोर पैदल पेट्रोलिंग पर दिया जा रहा है, क्योंकि बाढ़ और जलभराव के कारण कई क्षेत्रों में वाहन पहुंचना संभव नहीं होता। ऐसे में वनकर्मी पैदल गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं, ताकि किसी भी शिकारियों या तस्करों की गतिविधि को रोका जा सके। वन विभाग का कहना है कि नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी और बढ़ाई गई है। स्थानीय ग्रामीणों से भी लगातार संवाद स्थापित कर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की जा रही है। मानसून अवधि में दुधवा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, ताकि वन्यजीवों के साथ-साथ वन संपदा को भी किसी प्रकार की क्षति न पहुंच सके और अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। प्रशासन लगातार स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और सुरक्षा मजबूत है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज उत्पीड़न का आरोप

**मितौली-खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव नींबा शिवपुरी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव हरना नारायनपुर निवासी सविता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी पुत्री सरोजनी का विवाह नींबा शिवपुरी निवासी कुलदीप सिंह के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज देकर किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री का लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जाता था। सविता देवी ने बताया कि शनिवार को उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी पुत्री की मौत हो गई है। सरोजनी अपने पीछे एक छोटा बच्चा छोड़ गई है।

## शांति भंग के आरोप में सात लोग गिरफ्तार

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और संभावित विवादों को रोकने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ईसानगर पुलिस ने रविवार को अलग-अलग स्थानों से सात लोगों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग की आशंका के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजकुमार, अशोक, गोविंद और अर्जुन (निवासी सेमरिया), रमेश (निवासी डुडकी मजरा चकदहा), सुनील कुमार (निवासी त्रिकोलिया) तथा विद्यासागर (निवासी पंडित पुरवा) शामिल हैं। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति या अप्रिय घटना की संभावना को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन लगातार ऐसे तत्वों पर नजर बनाए हुए है, जिनसे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो सके। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ब्लॉक मुख्यालय के गेट के सामने अवैध ऑटो स्टैंड से बढ़ी परेशानी

- राहगीर और कार्यालय आने वाले लोग हो रहे प्रभावित

स्वतंत्र भारत



**मितौली-खीरी।** मितौली कस्बे से होकर गुजरने वाले लखीमपुर-मैगलगंज मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के चलते मुख्य मार्ग संकरा हो गया है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति और अधिक गंभीर तब हो जाती है जब विकासखंड मितौली कार्यालय के मुख्य गेट के सामने अवैध रूप से ऑटो चालकों का स्थायी जमावड़ा लगा रहता है। इससे कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और फरियादियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार इस स्थान पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे पूरा यातायात तंत्र बाधित हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर फैले अतिक्रमण और अव्यवस्थित ऑटो संचालन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि इस स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए। साथ ही ब्लॉक कार्यालय के सामने अवैध रूप से खड़े ऑटो पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। लोगों का यह भी कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में आमजन रोजाना जाम और अव्यवस्था से परेशान हैं। स्थानीय लोगों की निगाहें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं, जिससे उन्हें राहत मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंदरों के हमले में व्यक्ति लहूलुहान

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार शाम बाजार से घर लौट रहे मोहल्ला महाराजा अग्रसेन नगर निवासी सुरेंद्र गोयल पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेंद्र गोयल शाम को बाजार से पैदल अपने घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में एक दीवार पर बैठे बंदरों के झुंड ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। सिर पर गहरी चोट लगने से खून बहने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और बंदरों को भगाया। परिजन तत्काल उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उनके सिर में सात टांके लगाए। एहतियात के तौर पर रेबीज के इंजेक्शन भी लगाए गए हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कस्बे में लगातार हो रहे बंदरों के हमलों से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बंदर किसी न किसी पर हमला कर रहे हैं। स्कूल और कोचिंग जाने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में खास चिंता बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाने और बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।



### एक्यूप्रेशर शिविर का शुभारंभ

**निघासन-खीरी।** गायत्री शक्तिपीठ निघासन में शनिवार को 15 दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर एक्यूप्रेशर चिकित्सा के बारे में जानकारी प्राप्त की और स्वास्थ्य लाभ लिया। मुख्य वक्ता के रूप में नैमिषारण्य से आए गायत्री परिवार के डॉ. ए.पी. चंद्रवंशी ने कहा कि एक्यूप्रेशर एक प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जिसके माध्यम से बिना दवा के कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं में राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ परिवार और समाज की सेवा भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में एक्यूप्रेशर के माध्यम से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, दमा, स्पॉन्डिलाइटिस, मोटापा, किडनी व हृदय संबंधी समस्याओं सहित अन्य रोगों के संबंध में जानकारी एवं उपचार की विधियां सिखाई जा रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राजीव निगम रहे। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी विनोद कुमार सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देवेंद्र चतुर्वेदी, कनक पाल सिंह राणा, रामकैलाश वर्मा, दामोदर प्रसाद वर्मा, रवींद्र यादव सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार शिविर 20 जुलाई तक चलेगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह छह से सात बजे तथा शाम छह से सात बजे तक दिया जाएगा। वहीं रोगियों के लिए प्रतिदिन सुबह आठ से 12 बजे और शाम तीन से छह बजे तक निशुल्क परामर्श एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



### एसएसबी ने किया वृक्षारोपण

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रघुनगर में एक महत्वपूर्ण पहल उस समय देखने को मिली जब सशस्त्र सीमा बल ई-समवाय, मुहल्ला रघुनगर, तृतीय वाहिनी के जवानों ने मीडिया प्रभारी आर.जे. संतोष कुमार के साथ मिलकर वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से न केवल पौधे लगाए गए, बल्कि पर्यावरण बचाने का मजबूत संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपे और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, छाया और बेहतर जीवन की आधारशिला बन सकता है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है। अभियान में स्थानीय लोगों की भी भागीदारी रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। लोगों का कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि जब सुरक्षा बल और मीडिया किसी जनहित के उद्देश्य के लिए एक साथ आते हैं, तो उसका प्रभाव समाज में और अधिक सकारात्मक रूप से फैलता है। इस संयुक्त प्रयास ने क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

## नरक बना संसारपुर का मुख्य मार्ग, कीचड़ और गंदगी से राहगीर परेशान

स्वतंत्र भारत



संसारपुर-खीरी। विकास खंड बांकेगंज के कस्बा संसारपुर का मुख्य मार्ग इन दिनों गंभीर बदहाली का शिकार हो गया है। संसारपुर से बांकेगंज, कुकरा होते हुए पलिया को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग कीचड़, गंदे पानी और कचरे के अंबार से भरा पड़ा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क के भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और सैकड़ों राहगीर गुजरते हैं, लेकिन जलभराव और फिसलन के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लंबे समय से समस्या बनी रहने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की सफाई और मरम्मत न होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है, जिसके चलते सड़क पर लगातार जलभराव की स्थिति बनी रहती है। मोहल्ला निवासी सूरज मौर्या, राहुल मौर्या, संजय गुप्ता, अहतशाम अंसारी, ओपी वर्मा, राहुल वर्मा और रितेश राजपूत समेत कई लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नालियों की मरम्मत, जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित सफाई अभियान चलाने की मांग उठाई है। इस संबंध में एडीओ पंचायत बांकेगंज आरिफ खान ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए खंड विकास कार्यालय से उपजिलाधिकारी गोला को पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालियों पर हुए अतिक्रमण के कारण जलनिकासी बाधित हो रही है। अतिक्रमण हटवाकर नालियों की मरम्मत कराई जाएगी, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकेगा।

## रालोद की बैठक में संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर चर्चा

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की मंथन बैठक जिलाध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में सेठ घाट रोड स्थित भारतीय विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और समीक्षा की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी का संगठन गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा सके। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई पदाधिकारी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं और उन्होंने पार्टी से टिकट की मांग भी रखी है। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करती है। बैठक में यह भी कहा गया कि किसानों के लंबित गन्ना भुगतान को लेकर पार्टी लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही इस मुद्दे पर ठोस पहल की जाएगी। इसके अलावा यह निर्णय लिया गया कि पार्टी गांव-गांव जाकर चौपालों का आयोजन करेगी, जहां किसानों और आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। संगठन विस्तार के तहत श्रीनगर विधानसभा अध्यक्ष मध्यांश पांडे ने बैठक में कई नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की जानकारी दी। बैठक में कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## रविन्द्र राठौर ने पेश की कांग्रेस पार्टी से दावेदारी



**फत्तेपुर-खीरी।** मोहम्मदी विधानसभा सीट पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत रामपुर रामदास के दूसरी बार निर्वाचित प्रधान रविन्द्र राठौर की कांग्रेस से संभावित दावेदारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। समर्थकों का दावा है कि वे कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल हैं।

रविन्द्र राठौर ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की। छात्र जीवन के दौरान उन्होंने सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज, गोला में नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया और वर्ष 2003-04 में महामंत्री का दायित्व निभाया। इसके बाद वर्ष 2015 में उन्होंने ग्राम पंचायत चुनाव के माध्यम से सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया और पहली बार ही उल्लेखनीय जीत दर्ज कर अपनी राजनीतिक पहचान स्थापित की। बाद में जनता का विश्वास प्राप्त करते हुए वे दूसरी बार ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए। राजनीतिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता लंबे समय से चर्चा में रही है। समर्थकों के अनुसार उन्होंने जितिन प्रसाद के साथ संगठन और जनसंपर्क कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका यह भी कहना है कि वर्ष 2013-14 के दौरान उन्होंने धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के रूप में रेलवे बोर्ड, भारत सरकार से जुड़े जनहित कार्यों का निर्वहन किया। (इन दावों का स्वतंत्र सत्यापन इस समाचार में नहीं किया गया है।) रविन्द्र राठौर वर्तमान में जिला अध्यक्ष, तैलिक महासंघ, लखीमपुर खीरी हैं तथा इससे पूर्व कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। समर्थकों का कहना है कि सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण उनकी सर्वसमाज में अच्छी पकड़ है। प्रधान रहते हुए उन्होंने सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वे आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। फिलहाल उनकी संभावित दावेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है तथा क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज बनी हुई हैं।

## शादी के 5 दिन बाद बहू जेवर-नकदी लेकर फरार

- ससुर ने कोतवाली में दी तहरीर
- अज्ञात व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र भारत

**पडरिया तुला खीरी।** भीरा कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी के मात्र पांच दिन बाद एक बहू अपने घर से जेवर और नकदी लेकर किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई। पीड़ित ससुर ने भीरा कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मटैहिया निवासी रामजी पुत्र अंगने ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके बेटे अभिषेक की शादी 19 जून 2026 को नारायनपुरवा निवासी भगवान दीन की बेटी रिंकी देवी से हुई थी। शादी के पांच दिन बाद, 24 जून 2026 को, रिंकी देवी के मायके वाले उसे विदा कराकर अपने साथ ले गए थे। रामजी का आरोप है कि विदाई के समय जब उन्होंने ससुराल पक्ष से फोन पर बात की तो उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली। बाद में अन्य लोगों से पता चला कि उनकी बहू रिंकी देवी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ भाग गई है। जब रामजी अपने बेटे की ससुराल नारायनपुरवा पहुंचे, तो वहां भी उन्हें यही जानकारी मिली।

पीड़ित ससुर ने अपनी तहरीर में बताया है कि बहू अपने साथ सोने के जेवर, चांदी की बिछिया, पायल और कुछ नकद रुपये भी लेकर फरार हुई है। यह घटना 1 जुलाई 2026 को सामने आई, जिसके बाद परिजनों ने भीरा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। कोतवाली भीरा पुलिस ने रामजी की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। भीरा थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि छानबीन पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अधर में समझौता

तमाम उम्मीदों के बावजूद पश्चिम एशिया संकट के शांतिपूर्ण समाधान की प्रक्रिया को किसी न किसी तरफ से झटके लग रहे हैं। कुछ दिनों पहले स्विट्जरलैंड में हुई बैठक में समझौते (एमओयू) के बाद माना गया था कि अब निश्चित समय के भीतर समझौते के अंतिम चरण तक अमेरिका और ईरान पहुंच जाएंगे। लेकिन फिलहाल ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है। हालत यह है कि दोनों देशों के एक-दूसरे के प्रति कटु रवैये से अब समझौते पर अनिश्चितता छा गई है। वार-पलटवार का सिलसिला केवल बयानों ही नहीं बल्कि हमलों में भी दिखाई दे रहा है। हालांकि अमेरिका का दावा है कि इन कटुताओं से द्विपक्षीय बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन ईरान ने साफ कह दिया है कि यदि उसके क्षेत्र में हमले जारी रहे तो जंग खत्म करने के लिए वार्ता पूरी तरह ठप पड़ सकती है। यह अजीबोगरीब स्थिति ही तो है कि एक ओर तो दोनों देशों ने समझौते को स्थायी रूप से लागू करने के लिए शांति वार्ता को लेकर प्रतिबद्धता जताई है लेकिन थोड़े-थोड़े समय पर दोनों के बीच वार-पलटवार भी चल रहा है। इसलिए अब दोनों पक्षों की गंभीरता पर भी शक जताए जाने लगे हैं। सीधा सवाल है कि हमले और वार्ता दोनों एक साथ कैसे चल सकते हैं। अगर वैश्विक दबाव में इसे चलाया भी गया तो सकारात्मक परिणाम निकलने तो नामुमकिन ही हैं। 'जबरदस्ती का समझौता' हो भी गया तो उसको लेकर किसी पक्ष से ईमानदारी और प्रतिबद्धता की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। सही तो यह है कि वार्ता को लेकर तमाम दावों और वादों के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान पर हवाई हमला ऐसा मुद्दा बनते जा रहे हैं जिन्हें लेकर टकराव खत्म होने की संभावना दिखती ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने होर्मुज का नाक का सवाल बना रखा है और इस पर कोई रियायत देने को तैयार नहीं हैं तो ईरान बार-बार साफ कर रहा है कि वह होर्मुज पर अपने हक से समझौता नहीं करेगा। दूसरी ओर लेबनान पर अभी भी समय-समय पर हमले हो रहे हैं और ईरान चाहता है कि इन्हें रोकने के लिए अमेरिका इजरायल पर अपने प्रभाव का उपयोग करे। जबकि इसे लेकर ट्रंप की चेतावनियों को इजरायल लगातार नकारता जा रहा है। ट्रंप इस समय डोर ढीली करके पेंच लड़ाने का खेल कर रहे हैं लेकिन ईरान पर न तो उनकी रियायतों का कोई असर है, न धमकियों का। ट्रंप के बार-बार यह चेतावनी देने कि 'शर्तें न मानीं तो अस्तित्व मिटा देंगे' के बावजूद ईरान का अड़े रहना यह बताता है कि फिलहाल तनाव जल्द खत्म होने वाला नहीं है।

## नर्सिंग के लिए

अस्पतालों में मरीजों की सेवा, देखरेख और उपचार की दृष्टि से नर्सिंग स्टाफ बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इसका कोई विकल्प भी नहीं हो सकता। इसीलिए नर्सों का कोर्स और प्रशिक्षण बेहद विशिष्ट होता है। माना यह जाता है कि कुशल नर्स की देखरेख मिल जाए तो मरीज का काफी कुछ कष्ट अपने आप दूर हो जाता है। इसीलिए इनकी उपलब्धता पर समुचित रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हालत यह है कि यूपी के अस्पतालों में एक नर्स के भरोसे चालीस मरीज हैं। जाहिर है कि इससे मरीजों के उपचार की गतिविधियों पर विपरीत असर पड़ रहा है। राजकीय नर्सेज संघ का कहना है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हैं। संघ का कहना है कि अस्पतालों में जरूरत के पैंतालीस हजार पदों के मुकाबले केवल सत्रह हजार नर्सें कार्यरत हैं जिनमें से साढ़े चौदह हजार संविदा एवं एनएचएम के कर्मी शामिल हैं। नर्सिंग अधिकारियों के ग्यारह हजार पदों में से छह हजार पद खाली हैं। इसे अच्छी स्थिति नहीं कहा जा सकता। यह मानना गलत न होगा कि नर्सों के ऐसे अभाव से चिकित्सा की प्रक्रिया बाधित ही नहीं होती बल्कि मरीज को संपूर्ण उपचार भी नहीं मिल पाता। इसका कारण है। मरीज की देखभाल जैसे समय पर दवा देना, हालत में कोई बदलाव हो तो रिपोर्ट करना, बेहद गंभीर मरीज की सेवा सहायता करना आदि नर्स के रहने से ही हो पाता है। तीमारदार पूरे समय मरीज के पास रह नहीं सकते, इसलिए यह निर्भरता और बढ़ जाती है। आवश्यक संख्या में नर्सों के उपलब्ध न होने पर मौके पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ काम का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है। ऐसे में विभाग को केवल औपचारिक बातें करते रहने की जगह विशेष अभियान चलाकर नर्सों के खाली पद जल्द से जल्द भरने चाहिए।

## काँव-काँव




◆◆◆

**ऊर्जासंकट पर भारी नये भारत का संकल्प-मोदी**
ईथेनाल संकट नये भारत की गाड़ियों पर भारी!

**उत्तर प्रदेश में अचानक ही ठिठक गया मानसून**
राममंदिर घोटाले से इंद्र देवता व्यथित होंगे?

**विकसित भारत का सुदृढ़ आधार होगा यूपी-योगी**
यूपी की प्रगति लुलु माल वाले कुरैशी जी करेंगे!

**एथेनाल मिश्रण जांची हुई वैज्ञानिक प्रक्रिया-केंद्र**
कोरोना वैक्सीन का असर भारतीय झेल रहे हैं!

**टेलीग्राम अब नहीं दिखा पायेगा पायरेटेड फिल्में**
बहुत अच्छा,बाकी गलत धंधे बेखौफ जारी हैं!

**बिहार में फिर गिरा निर्माणाधीन पुल का हिस्सा**
हिस्साबांटें चलती रहती है, हिस्से गिरते रहते हैं!

◆◆◆

# एकता और प्रगति के प्रति समर्पित एक जीवन

आज, 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व



**- नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**


में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं। श्यामा प्रसाद जी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी। लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद जी ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राष्ट्रीय हित से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है। डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में आर्टिकल 370 और 35(ए) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया और ऐसी व्यवस्थाएं बनाई, जो उस समय की सोच से काफी आगे थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। शिक्षाविदों के एक सम्मेलन में डॉ. मुखर्जी ने कहा था, ''शिक्षण संस्थानों को केवल बाबू या कम वेतन वाले कर्मचारी तैयार करने की फैक्ट्री समझना गलत है। हमें विद्यार्थियों को ऐसे तैयार करना होगा ताकि वे नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। हमारी स्वशासी संस्थाओं जैसे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन्स, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिकाओं में बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो सकें। इसके साथ ही वे वित्त, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।''

कलकत्ता विश्वविद्यालय में अपने नेतृत्व में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें लाइब्रेरी की सुविधाओं में सुधार, विज्ञान में रिसर्च को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक वस्तुओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल था। उन्होंने खेलकूद, टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट वेलफेयर जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था। उनके जीवन के बाद के वर्षों में इस भावना का एक और उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का निर्णय लिया। उस समय देश में हर तरफ कांग्रेस पार्टी का ही बोलबाला था। ऐसे में उन्होंने महसूस किया कि देश को एक ऐसे नए विकल्प की बहुत जरूरत है, जो भारत की प्रगति की बात भी करे और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा रहे। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी का चुनाव चिह्न 'दीपक' यानि मिट्टी का दीया रखा गया। एक अकेला दीया देखने में भले ही छोटा लगे, लेकिन उसमें अपने आस-पास के गहरे से गहरे अंधकार को मिटाने की अद्भुत शक्ति होती है। जनसंघ ने अपने सक्रिय काल में और उसके बाद भी बिल्कुल यही किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के



रूप में कार्यकाल बेहद अहम रहा। उन्हें एक ऐसे राजनेता के रूप में याद किया जाता है, जिनका विजन बहुत विराट था। वे उद्योग को नए-नए आजाद हुए भारत के लोगों में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास का संचार करने का सशक्त माध्यम मानते थे। वे वेल्थ और वैल्यू क्रिएशन के महत्व को भली-भांति समझते थे। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और मजबूत औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहल की। इसके माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की नींव रखी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के पारंपरिक सामर्थ्य की कभी उपेक्षा न हो। वे हथकरघा, कुटीर उद्योग, कारीगरों और कपड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों के हितों के भी प्रबल समर्थक थे। यहां मैं अपना एक निजी अनुभव भी साझा करना चाहता हूं। आत्मनिर्भर भारत के स्पष्ट विजन के साथ जिस सिंदरी संयंत्र की स्थापना के लिए डॉ. मुखर्जी ने अथक प्रयास किए थे, उसकी कई दशकों तक सत्ता में रहने वाले लोगों ने घोर उपेक्षा की। मुझे इस बात का संतोष है कि हमारी सरकार को उसके पुनरुद्धार का सौभाग्य मिला। उस कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे सार्वजनिक जीवन के सबसे विशेष और अविस्मरणीय क्षणों में से एक बन गया। भारत की प्राचीन परंपरा सदियों से संवाद और विचार-विमर्श का सम्मान करती आई है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल होना इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि वे मानते थे कि देश की आजादी के शुरुआती वर्षों में राष्ट्र निर्माण का दायित्व राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर है। उन्होंने पूरी निष्ठा और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। लेकिन जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के कुछ प्रश्नों पर देशहित में अलग मार्ग अपनाना आवश्यक है, तो उन्होंने पूरी गरिमा के साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन उस राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए समर्पित कर दिया, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे। 75 वर्ष पहले पंडित नेहरू पहला संविधान संशोधन लेकर आए।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

**अथ त्रयोदशोऽध्याय:**

**(गतांक से आगे**

हे अर्जुन ! यावन्मात्र जो कुछ भी स्थावर-जंगम वस्तुएँ उत्पन्न होती हैं, उन सम्पूर्ण को तू क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के संयोग से ही उत्पन्न जान। प्राप्ति कब होती है? इस पर कहते हैं-

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्। विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति ।। 27।।

जो पुरुष विशेष रूप से नष्ट होते हुए चराचर सभी भूतों में नाशरहित परमेश्वर को समभाव से स्थित देखता है, वही यथार्थ देखता है। अर्थात् उस प्रकृति के विशेष रूप से नष्ट होने पर ही वह परमात्मस्वरूप है, इससे पहले नहीं। इसी पर पीछे अध्याय आठ में भी कहा, 'भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसञ्ज्ञितः ।' - भूतों के वे भाव, जो (भले अथवा बुरे) कुछ भी (संस्कार) संरचना करते हैं, उनका मिट जाना ही कर्म की पराकाष्ठा है। उस समय कर्म पूर्ण है। वही यहाँ भी कहते हैं कि जो चराचर भूतों को नष्ट होते हुए और परमेश्वर को समभाव से स्थित देखता है, वही सही देखता है।

समं पश्यन्हि सर्वत्र समवस्थितमीश्वरम्। न हिनस्त्यात्मनात्मानं ततो याति परां गतिम् ।। 28 ।।

क्योंकि वह पुरुष सर्वत्र समभाव से स्थित परमेश्वर को समान (जैसा है, वैसा ही समान) देखता हुआ अपने द्वारा स्वयं को नष्ट नहीं करता। क्योंकि जैसा था, वैसा उसने देखा इसलिये वह परमगति को प्राप्त होता है। प्राप्तिवाले पुरुष के लक्षण बताते हैं-

प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः । यः पश्यति तथात्मानमकर्तारं स पश्यति ।। 29 ।।

जो पुरुष सम्पूर्ण कर्मों को सब प्रकार से प्रकृति के द्वारा ही किया जाता देखता है अर्थात् जब तक प्रकृति है तभी तक कर्मों का होना देखता है तथा आत्मा को अकर्ता देखता है, वही यथार्थ देखता है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆


**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

# अलविदा ख़ामनेई : मर के जीना सिखा दिया तूने

ईरान के सर्वोच्च नेता शहीद सैयद अली ख़ामनेई के बहुप्रतीक्षित अंतिम संस्कार की रस्म इन दिनों ईरान- इराक़ में अदा की जा रही है। विश्व के अब तक के सबसे बड़े अंतिम संस्कार के इस राजकीय



**-तनवीर जाफ़री**

शोक में भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन,सऊदी अरब,अफ़ग़ानिस्तान सहित लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। ग़ौरतलब है कि गत 28 फ़रवरी को पवित्र रमज़ान माह में अमेरिका व इस्राईल द्वारा किये गये कायराना हवाई हमले में सैयद अली ख़ामनेई ,उनकी बेटी बुशरा हुसैनी ख़ामेनई व दामाद मिस्बाह अल-हुदा बाक़री उनकी 14 महीने की पोती ज़हरा मोहम्मदी गुल पायगानी तथा ख़ामनेई के बेटे व वर्तमान सुप्रीम लीडर मुज्तबा ख़ामनेई की पत्नी सभी एक साथ शहीद हो गये थे। ईरान पर अमेरिका व इस्राईल द्वारा थोपे गये युद्ध में उलझे होने के कारण ख़ामनेई के अंतिम संस्कार की रस्म अब तक अदा नहीं की जा सकी थी। अब निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संस्कार की रस्म की शुरुआत 3 जुलाई से हो चुकी है। 3 जुलाई को ईरान के उप गृह मंत्री ब्रिगेडियर जनरल अली अकबरपुर जमशीदियान द्वारा विदेशी गणमान्य लोगों के शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद में 4 व 5 जुलाई को दो दिन का शोक समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद 5 जुलाई को मुख्य जनाज़े की नमाज़ अदा की गयी। 6 जुलाई को तेहरान में जनाज़े की अंतिम यात्रा निर्धारित समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगी। अगले दिन यानी 7 जुलाई को ईरान के प्रमुख धार्मिक शहर क़ुम में भी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी और यहाँ की प्रसिद्ध पवित्र जमकरान मस्जिद में नमाज़-ए-जनाज़ा अदा की जाएगी। इसी तरह 8 जुलाई को इराक़ के नजफ़ और कर्बला में भी अंतिम यात्रा निकाली जायेगी। निर्धारित योजनानुसार इराक़ में 7 जुलाई की शाम शहीद ख़ामनेई का जनाज़ा नजफ़ पहुंचेगा। 8 जुलाई को सुबह 6 बजे नजफ़ और शाम 4 बजे कर्बला में अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पार्थिव शरीर को वापस ईरान ले जाया जाएगा। याद रहे कि मक्का और मदीना के बाद नजफ़ और कर्बला को शिया इस्लाम के सबसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों के रूप में मान्यता हासिल है। इसतरह अंतिम दिन यानी 9 जुलाई को अली ख़ामेनेई के जनाज़े को मशहद में शिया समुदाय के आठवें इमाम, इमाम रज़ा के मक़बरे में सुपुर्द-ए-ख़ाक़ किया जाएगा। अंतिम विदाई के बाद भी चालीस दिनों तक विभिन्न प्रांतों में धार्मिक सभाएं, प्रार्थनाएं आदि आयोजित की जाएंगी और अगले साल तक भी कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित किए जाते रहेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के इस आयोजन में ईरान-इराक़ सहित पूरे विश्व के क़रीब ढाई से तीन करोड़ तक लोग शरीक होंगे। अंतिम विदाई के इन समारोहों को ईरान केवल एक धार्मिक रस्म के रूप में ही नहीं बल्कि पिछले दिनों हुये युद्ध के बाद उभरी ईरान की राजनीतिक और कूटनीतिक ताक़त के बड़े प्रदर्शन के तौर पर भी देख रहा है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे भी होते हैं, जिनकी पहचान केवल पद, सत्ता या प्रसिद्धि से नहीं होती, बल्कि उनके चरित्र, जीवन-शैली,सादगी,समर्पण और सेवा-भाव से बनती है। आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई का जीवन भी उन्हीं



व्यक्तित्वों में प्रमुख था जिसे सादगी, अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और समर्पण के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। हालांकि उन्होंने ईरान में सर्वोच्च नेता के रूप में 47 वर्ष बिताए, जिसमें लगभग 40 वर्ष ईरान के रक्षा मंत्री , प्रेसिडेंट और सुप्रीम लीडर के तौर पर शामिल हैं। इसके बावजूद उनका सादा जीवन इस बात का संदेश देता है कि महानता केवल भव्यता के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने में होती है। ख़ामेनेई ने बचपन से ही शिक्षा, क़ुरआन और दीनी सेवा को अपने जीवन के केंद्र में रखा। उन्होंने पढ़ाई, तालीम, तफ़सीर, और राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियों को एक साथ आगे बढ़ाया, और बार-बार गिरफ़्तारी व निर्वासन के बावजूद अपना काम ताउम्र जारी रखा। वे अपने निजी जीवन में भी साधारण रहन-सहन पसंद करते थे। उनका पूरा परिवार भी बेहद साधारण जीवन जीता था। उन्होंने कभी सरकारी वेतन नहीं लिया। ख़ामनेई निजी लाभ, दिखावे और सत्ता की सुविधाओं से हमेशा दूर रहते थे। इसीलिये उनके जीवन को एक आदर्श,ईमानदारी व ज़िम्मेदारी की मिसाल के रूप में पेश किया जाता है। उनका पारिवारिक वातावरण धार्मिक, संयमी और सरल था। बचपन से ही उन्होंने कठिनाइयों, सीमित साधनों और संघर्षों के बीच शिक्षा प्राप्त की। ऐसे वातावरण में पले-बढ़े व्यक्ति के भीतर ही जीवन की सच्ची क़ीमत समझने की क्षमता विकसित होती है।

शायद इसी कारण उनके व्यक्तित्व में दिखावे से अधिक गंभीरता, और आराम से अधिक कर्तव्य दिखाई देता है।जब कोई व्यक्ति सत्ता की शक्ति के शिखर पर होते हुए भी सामान्य जीवन मूल्यों से जुड़ा रहता है, तो वह केवल प्रशंसा का पात्र ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत भी बन जाता है। उन्होंने अपने निजी जीवन में भी हमेशा विलासिता से दूरी बनाए रखी और सादगी को ही अपनी आदत, अपनी शैली और अपने स्वभाव का हिस्सा बनाया। यह सादगी केवल बाहरी नहीं थी, बल्कि उनके विचारों और प्राथमिकताओं में भी नज़र आती थी। वे दिखावे के बजाय दायित्व को महत्व देते थे और निजी सुविधा की जगह सार्वजनिक ज़िम्मेदारी को।

## प्रेरक प्रसंग

### सम्मान

राजकोट में काठियावाड़ प्रजा परिषद का एक बड़ा अधिवेशन हो रहा था। मंच पर देश के बड़े-बड़े राजनेता बैठे हुए थे और उनमें महात्मा गांधी भी थे। महात्मा गांधी उस समय प्रसिद्ध हो चुके थे। कई लोग गांधी जी को देखने और सुनने आए हुए थे। मंच के सामने बहुत सारे लोग बैठे थे। मंच पर बैठे गांधी जी की नजर एक बूढ़े व्यक्ति पर पड़ी।

गांधी जी ने मंच पर बैठे हुए लोगों से धीरे से कुछ कहा। उन्होंने कहा कि अगर आपकी अनुमति हो तो मैं मंच से नीचे उतरकर उन सज्जन के पास बैठना चाहता हूं।

ये बात सुनकर मंच पर बैठे लोगों ने कुछ कहा नहीं, क्योंकि सभी जानते थे कि गांधी जी बिना सोचे-विचारे कोई काम नहीं करते हैं तो कुछ अलग ही करना चाहते होंगे।

गांधी जी मंच से उतरे और एक कोने में बैठे बूढ़े व्यक्ति के पास पहुंचे। उन्होंने उस बूढ़े को प्रणाम किया और सीधे उनके चरणों में जाकर बैठ गए। अब सभी गांधी जी को देखने लगे। वह बूढ़ा व्यक्ति भी घबरा गया।

गांधी जी ने उस बूढ़े से कहा, आपने मुझे पहचाना? मैं मोहनदास। बूढ़े व्यक्ति ने कहा, मैं तो तुम्हें पहचान गया, लेकिन तुम भी मुझे पहचान गए?

गांधी जी बोले, हां, आपने प्राथमिक कक्षा में मुझे पढ़ाया है। आप मेरे शिक्षक रहे हैं और आपकी शिक्षा मैं कभी भूल नहीं सकता। आज जब मंच से मैंने आपको देखा तो मैं खुद को रोक नहीं सका, मैं यहां आ गया। आपके चरणों में बैठकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

शिक्षक ने कहा, आप बहुत बड़े व्यक्ति हो गए हैं, आपको यहां बैठना शोभा नहीं देता है।

गांधी जी बोले, आप मुझे बड़ा मान रहे हैं, ये आपका बड़प्पन है, लेकिन मैं आपको बड़ा मानूं, ये मेरा धर्म है। आपके चरणों में बैठकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। इतनी सकारात्मकता मिल रही है, जो सिर्फ गुरु के चरणों में मिल सकती है।

उस दिन हमने देखा कि गांधी जी इतने महान क्यों हैं?

अपने गुरु, अपने माता-पिता, शिक्षक और बड़े-बूढ़ों का सम्मान करना चाहिए। हम सार्वजनिक रूप से कितने भी प्रसिद्ध हो जाएं, लेकिन बड़ों के सामने झुकने में शर्म नहीं करनी चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### कर्तव्यों के निर्वहन को भी धर्म मानें

आजादी के बाद हमने केवल अ से अधिकार का ही पढ़ा और सीखा है, क कर्तव्य का हमने ना तो पढ़ा, सीखा, न आत्मसात किया है। जिस भी देश में जिम्मेदारी से रहित व कर्तव्यहीनों की फौज बढ़ती जाती है, उस राष्ट्र की हालत बद से बदतर ही होती है।

चारों ओर आज अराजकता, भ्रष्टाचार, माफियाओं, ठगी,घपले-घोटाले, हत्याएं, मिलावटखोरी, पेपर लीक की घटनाएं, आंखों में धूल झोंकने का आलम है। जिसकी लाठी में दम है, वे दूध का दोहन कर रहे हैं।

कानून दृष्टि से शक्ति संपन्न लोग भी केवल अधिकार का उपयोग करना जानते हैं, स्वयं राष्ट्र या जनता के प्रति कितने जवाबदेह/ जिम्मेदार है, यह न तो बताने की जरूरत है, न गला फाड़-फाड़कर कर किसी को समझाने की। क्योंकि हमारे देश में हम अधिकारों का तो स्वागत करते हैं, लेकिन कर्तव्यों के लिए द्वार बंद कर देते हैं। अतः हम किसे दोष दें? जब तक प्रत्येक जन अपने गिरेबान में नहीं झांकेगा तब तक यह राष्ट्र न केवल अराजकता का गढ़ बनता रहेगा, बल्कि भ्रष्टाचार, घोटाले-घपले के नए-नए कीर्तिमान रचता रहेगा। फिर भी हम सब गर्व से कहेंगे सौ में से निन्यानवे बेईमान, फिर भी मेरा भारत महान। इससे ज्यादा आत्मसंतुष्टि के लिए आम आदमी को और क्या चाहिए?

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# घटानी है पेट की चर्बी तो ये योगासन आएंगे काम



पेट की चर्बी बेहद जिद्दी होती है। ये एक बार आ जाए तो जाने का नाम नहीं लेती। भाग-दौड़ भरी जिंदगी में कामकाज और थकान के बीच भारी-भरकम वर्कआउट कर पाना आसान नहीं होता है। लोगों का मानना है कि अगर पेट कम करना है तो पसीना बहाना होगा, हालांकि ये सभी मामलों में सच नहीं है। पेट की चर्बी कोई रातों-रात नहीं बढ़ती और न ही रातों-रात घटती है। लेकिन कुछ सरल योगासनों को अपनाकर पेट की चर्बी को पिघलाया जा सकता है। कुछ आसन पाचन में सुधार लाते हैं और शरीर को हल्का महसूस कराने में सहायक है। इस लेख में उन्हीं आसनों के बारे में बताया जा रहा है, जिनके रोजाना 15 से 20 मिनट अभ्यास से पेट की चर्बी को कम किया जा सकता है, वो भी ज्यादा मेहनत या भारीभरकम वर्कआउट किए। आप सुबह खाली पेट 10-15 मिनट रोजाना अभ्यास करें। नए योगी हैं तो हर आसन 20-30 सेकंड तक करें। लगातार अभ्यास करने से तीन से चार हफ्तों में फर्क दिखने लगता है।

**ताड़ासन** ताड़ासन योगासन की दुनिया का मूल स्वर है। इससे रीढ़ एक सीधी रेखा में आती है। पेट के आसपास की मांसपेशियों में हल्का खिंचाव आता है और शरीर के संतुलन में सुधार होता है। इसके अभ्यास के लिए दोनों पैर मिलाकर खड़े हो जाएं। फिर हाथ ऊपर उठाएं, उंगलियां जोड़ें और पूरा शरीर आसमान की ओर खींचें। 30- 40 सेकंड इसी स्थिति में रहें। इससे कोर मसल्स एक्टिव होती हैं, शरीर की मुद्रा सुधरती है और पेट का फैलाव कम होता है।

**पवनमुक्तासन-** यह आसन पाचन के लिए रामबाण है। गैस, ब्लोटिंग और कब्ज घटाता है और पेट की अंदरूनी चर्बी पर सीधा असर डालता है। इसके अभ्यास के लिए पीठ के बल लेटें, घुटनों को मोड़कर सीने से लगाएं, हाथों से पकड़कर 20-30 सेकंड तक गहरी सांस लें। पवनमुक्तासन का अभ्यास पाचन तंत्र को सक्रिय करता है। और अगर पाचन सही रहता है तो चर्बी का जमाव कम होता है।

**भुजंगासन –** भुजंगासन से पीठ मजबूत होती है और पेट का तनाव कम होता है। यह पेट की चर्बी कम करने में बेहद प्रभावी आसन है। साथ ही कमर और स्पाइन के लिए शक्तिशाली भी है। अभ्यास के लिए पेट के बल लेटें, हथेलियों को कंधों के नीचे रखें और धीरे-धीरे छाती को ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि अभ्यास के दौरान कमर पर झटका न दें, शरीर को सिर्फ उतना ही उठाएं जितना आराम से हो।

**मार्जरी आसन-** इस आसन से रीढ़ लचीली होती है और पूरा शरीर रिलैक्स होता है। नियमित अभ्यास से पेट को अंदर खींचने की क्षमता बढ़ती है। यह आसन स्ट्रेस कम करता है, जो कि पेट की चर्बी का बड़ा कारण है। मार्जरी आसन के नियमित अभ्यास के लिए दोनों हाथों और घुटनों के बल शरीर को गाय की आकृति में लाएं। सांस भरते हुए सिर उठाएं। फिर सांस छोड़ते हुए पीठ ऊपर उठाएं।

**नौकासन** - नौकासन यानी बोट पोज सबसे ज्यादा कोर मसल्स पर काम करता है. इसे करते समय शरीर नाव के आकार में बनता है और पेट की सभी मांसपेशियों पर खिंचाव आता है. इससे पेट के साथ-साथ जांघों और कमर की चर्बी भी घटती है. शुरुआत में इसे 15-20 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे 1 मिनट तक का समय बढ़ाएं. यह आसन पाचन को भी सुधारता है और भूख को नियंत्रित रखता है।

# कौन थीं भगवान श्री कृष्ण की तीसरी मां?



पौराणिक कथाओं में भगवान श्री कृष्ण की माताओं के बारे में सामान्यतः दो नाम ही प्रसिद्ध हैं, देवकी और यशोदा। देवकी, जिन्होंने कृष्ण को जन्म दिया, और यशोदा, जिन्होंने उनका पालन-पोषण किया। हालांकि, कुछ विद्वानों का कहना है कि श्री कृष्ण की एक तीसरी मां भी थीं, जिनका नाम रोहिणी है। रोहिणी, वसुदेव की दूसरी पत्नी और बलराम की मां थीं। इस लेख में हम इन तीन माताओं की भूमिका और उनके महत्व को विस्तार से समझेंगे, और जानेंगे कि कैसे इनका योगदान श्री कृष्ण के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण रहा। देवकी भगवान श्री कृष्ण की जन्मदाता माता थीं। देवकी और वसुदेव का विवाह हुआ था, और उनका आठवां पुत्र भगवान श्री कृष्ण था। भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ, जब कंस ने देवकी के सभी पुत्रों को मारने की योजना बनाई थी। देवकी ने भगवान कृष्ण को जन्म दिया, लेकिन उन्हें जन्म के तुरंत बाद नंदगांव भेज दिया गया ताकि उन्हें कंस के अत्याचारों से बचाया जा सके। देवकी का मातृत्व केवल कृष्ण के जन्म तक ही सीमित रहा और उनका मुख्य रूप से योगदान कृष्ण के जन्म के समय की परिस्थितियों से जुड़ा था। यशोदा भगवान श्री कृष्ण की दूसरी मां थीं। जब कृष्ण को मथुरा से नंदगांव भेजा गया, तो यशोदा ने कृष्ण का पालन-पोषण किया। यशोदा एक दयालु और स्नेही माता थीं जिन्होंने कृष्ण को प्रेम और देखभाल से पाला। उन्होंने कृष्ण को एक सामान्य बच्चे की तरह पाला और उनका पालन-पोषण किया, जिससे कृष्ण की जीवन की मौज-मस्ती और बचपन का विकास हुआ। यशोदा का मातृत्व भगवान कृष्ण के जीवन में महत्वपूर्ण था क्योंकि उन्होंने उसे एक सामान्य जीवन जीने का अवसर प्रदान किया और उसके व्यक्तित्व को आकार दिया। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण की तीसरी मां रोहिणी थीं। रोहिणी, वसुदेव की दूसरी पत्नी थीं और बलराम की मां भी थीं। जब कृष्ण को नंदगांव भेजा गया, तो रोहिणी ने कृष्ण की देखभाल की। रोहिणी और यशोदा ने मिलकर कृष्ण और बलराम दोनों की देखभाल की। रोहिणी की भूमिका कृष्ण की परवरिश में महत्वपूर्ण थी क्योंकि उन्होंने न केवल कृष्ण को एक मां की तरह स्नेह दिया, बल्कि उन्होंने कृष्ण और बलराम को एक साथ पालन-पोषण किया। उनकी देखभाल और स्नेह ने कृष्ण के जीवन में एक स्थिरता और सामंजस्य प्रदान किया। भगवान श्री कृष्ण की तीन माताओं, देवकी, यशोदा, और रोहिणी ने मिलकर उनके जीवन को आकार दिया। देवकी ने उन्हें जन्म दिया, यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया, और रोहिणी ने भी उनकी देखभाल की। इन तीनों माताओं की भूमिका भगवान कृष्ण के जीवन की विविधता और समृद्धि को दर्शाती है। पौराणिक कथाओं में इन माताओं के योगदान को समझना हमें उनके जीवन की गहराई और भारतीय संस्कृति की समृद्धि को समझने में मदद करता है।

# ये ट्रेंडी डिजाइन पायल आपके पैरों को बनाएंगे खूबसूरत



पायल महिलाओं के लिए एक पारंपरिक और खूबसूरत आभूषण है, जो उनके पैरों की सुंदरता को बढ़ाती है। इसे विभिन्न अवसरों पर पहना जाता है, विशेष रूप से शादीशुदा महिलाओं के लिए यह बेहद खास मानी जाती है।

पायल के अलग-अलग डिज़ाइन होते हैं, जिनमें से कुछ आजकल बहुत चलन में हैं। पायल पहनने से कई स्वास्थ्य और सांस्कृतिक लाभ भी होते हैं। चाहे आप रोज़मर्रा के लिए सिंपल चेन पायल पहनें या खास मौकों पर कुंदन और मोती की पायलें, यह आभूषण हमेशा से महिलाओं के दिल के करीब रहा है।

**सिंपल चेन पायल**

यह डिजाइन बेहद हल्की और स्टाइलिश होती है, जिसे रोज़ाना पहनने के लिए आदर्श माना जाता है।

**कुंदन पायल**

कुंदन से जड़ी पायलें खास मौकों के लिए होती हैं, जो पहनने पर पैरों को एक रॉयल लुक देती हैं।

**घुंघरू पायल**

इसमें छोटे-छोटे घुंघरू लगे होते हैं, जो हर कदम पर बजते हैं। इसे विशेष रूप से त्योहारों और शादियों में पहना जाता है।

**ऑक्सीडाइज़्ड पायल**

यह एक आधुनिक और ट्रेडिशनल का मिश्रण है, जो युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। इसे वेस्टर्न और ट्रेडिशनल दोनों ही तरह के आउटफिट्स के साथ पहना जा सकता है।

**मोती पायल**

यह मोतियों से सजी होती है, जो बहुत ही एलीगेंट और ग्रेसफुल लुक देती है।

**शादीशुदा महिलाओं के लिए पायल पहनने के फायदे**

आयुर्वेद में कहा गया है कि चांदी की पायल पहनने से महिलाओं के पैरों और घुटनों में दर्द कम होता है। यह पैरों की नसों को ताकत देती है और शरीर की ऊर्जा को संतुलित करती है। पायल पहनने से पैरों में रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे पैरों की थकान और सूजन में कमी आती है। पायल शादीशुदा महिलाओं के लिए शुभ मानी जाती है और यह उनके विवाहित होने का प्रतीक होती है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखती है। पायल पहनने से महिलाओं की खूबसूरती बढ़ती है। यह पैरों को एक आकर्षक और सुंदर लुक देता है। पायल की आवाज से वातावरण में एक मधुरता आती है, जो परिवार में खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है।

# सफल लोगों में होती हैं ये आदतें

सफलता एक ऐसी चीज है जिसकी हर कोई चाहत रखता है। चाहे वह करियर हो, रिश्ते हों या जीवन का कोई अन्य पहलू, सफलता हासिल करने की इच्छा हमेशा बनी रहती है। हालांकि, सफलता केवल किस्मत का खेल नहीं है, बल्कि यह कुछ खास आदतों का रिजल्ट होती है। सफल लोग कुछ खास आदतों को फॉलो करते हैं, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाती हैं। आइए जानते हैं सफल लोगों की 10 ऐसी आदतें जो आपको भी सफल बनाने में मदद कर सकती हैं। **लक्ष्य तय करते हैं-** सफल लोग जानते हैं कि वे जीवन से क्या चाहते हैं और उसे पाने के लिए क्या करना होगा। यानी वे अपने लक्ष्य को लेकर किसी भी तरह का डाउट नहीं रखते। इसके बाद वे अपने लक्ष्यों को छोटे-छोटे टार्गेट्स में बांटकर उन्हें हासिल करने का प्लान बनाते हैं। **अनुशासन-** सफल लोग अनुशासित होते हैं। वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नियमित रूप से काम करते हैं। वे देर नहीं करते हैं और अपने काम को समय पर पूरा करते हैं। **कड़ी मेहनत-** सफलता के लिए कड़ी मेहनत करना बहुत जरूरी है। सफल लोग हमेशा मेहनत करते रहते हैं। वे नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक रहते हैं और अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए लगातार कोशिश करते रहते हैं।

# क्या आपके पास सूती स्कर्ट है? इसे स्टाइल करने के तरीके



सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं। सूती स्कर्ट एक ऐसा ही विकल्प है, जो आपको ठंडक और आराम दोनों देता है। इस लेख में हम आपको सूती स्कर्ट को अलग-अलग तरीकों से पहनने के बारे में बताएंगे ताकि आप हर मौके पर सबसे अलग और खूबसूरत दिखें। इन उपायों को अपनाकर आप अपनी सूती स्कर्ट को कई तरीके से पहन सकती हैं।

**सफेद टी-शर्ट के साथ करें मेल**

सफेद टी-शर्ट के साथ सूती स्कर्ट का मेल बहुत ही सुंदर लगता है। यह मेल आपको एक साफ और ताजगी भरा लुक देता है। आप चाहें तो सफेद टी-शर्ट को अंदर टक करके पहन सकती हैं या फिर इसे ढीला छोड़ सकती हैं। इसके साथ स्नीकर्स पहनकर आप एक रोजमर्रा के उपयोग के लिए लुक पा सकती हैं। यह पहनावा न केवल आरामदायक है बल्कि आपको आकर्षक भी बनाता है, जिससे आप हर मौके पर सबसे अलग दिखें।

**रंग-बिरंगी क्रॉप टॉप के साथ मिलेगा स्टाइलिश लुक**

अगर आपकी सूती स्कर्ट सफेद या हल्के रंग की है तो आप इसे रंग-बिरंगे क्रॉप टॉप के साथ पहन सकती हैं। लाल, हरे या नीले रंग का क्रॉप टॉप आपके लुक को खास बना सकता है। इसके साथ ही आप हल्की एक्सेसरीज पहनकर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। यह पहनावा न केवल आपको आकर्षक दिखाएगा बल्कि हर मौके पर आपको सबसे अलग भी बनाएगा। इसके साथ ही आप अपने स्टाइल में एक नया बदलाव जोड़ सकती हैं।

**डेनिम जैकेट के साथ दिखें कूल**

अगर आप अपने लुक में थोड़ा बदलाव चाहती हैं तो डेनिम जैकेट सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे अपनी सूती स्कर्ट के ऊपर पहनें और साथ में स्पोर्ट्स जूते पहनें। यह मेल आपको एक कूल और मजेदार लुक देगा, जो हर उम्र की महिलाओं पर फबता है। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज पहनकर आप अपने स्टाइल को और भी खास बना सकती हैं। यह लुक न केवल आकर्षक है बल्कि आरामदायक भी है।

**पारंपरिक टच के लिए कुर्ती के साथ आजमाएं**

अगर आप पारंपरिक पहनावे को पसंद करती हैं तो कुर्ती के साथ सूती स्कर्ट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप किसी भी रंग की कुर्ती चुन सकती हैं, लेकिन अगर वह कढ़ाई वाली हो तो उसका लुक और भी खास लगेगा। इसके साथ झुमके या चूड़ियां पहनकर आप अपने पारंपरिक लुक को पूरा कर सकती हैं। यह पहनावा न केवल पारंपरिक है बल्कि आपको आकर्षक भी बनाएगा, जिससे आप हर मौके पर सबसे अलग दिखेंगी।

कॉलर्ड टॉप के साथ लॉन्ग स्कर्ट

सर्दियों के मौसम में फुल स्लीव्स के टॉप रेलिवेंट होते हैं। और आपको बता दूं, अगले 2 से 3 महीनों के लिए यह सबसे कंफर्टेबल और फस फ्री लुक हो सकता है। लाइट मेकअप के साथ इस स्कर्ट और शर्ट वाले टॉप को ऑफिस से लेकर ईवनिंग आउटिंग तक हर जगह बिना दूसरी बार सोचे पहना जा सकता है। हेयर स्टाइल के लिए भी बिना सोचे आप बन भी ट्राई कर सकती हैं और बालों को खुला भी छोड़ सकती हैं। बस, इस स्कर्ट लुक पर हील्स मिस न करें।

**शर्ट के साथ लॉन्ग स्कर्ट**

कॉलर वाली फिटेड शर्ट के साथ लॉन्ग स्कर्ट काफी अचछी दिखती हैं! यह सबसे ईजी और कंफर्टेबल तरीका है लॉन्ग स्कर्ट को फटाफट स्टाइल करने का। लेकिन आप इसे मिक्स-मैच करके और करेक्ट जूलरी के साथ गेट-टुगेदर और पार्टियों में भी पहन सकती हैं। इस खूबसूरत ब्लैक एंड व्हाइट कॉम्बिनेशन के साथ बहुत सारे कलर मैच किए जा सकते हैं।

# मुंहासों का कारण बन सकती हैं रोजाना की ये आदतें, बदलने की करें कोशिश

हम में से ज्यादातर लोग मुंहासों की समस्या से परेशान हैं। ये जिद्दी दाने ठीक होने का नाम नहीं लेते और काले दाग छोड़ जाते हैं। मुंहासे न केवल चेहरे की खूबसूरती को घटाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी कम कर देते हैं। अगर आपको भी बार-बार मुंहासे हो रहे हैं तो इसका कारण आपकी रोजाना की खराब आदतें हो सकती हैं। आइए यह समस्या पैदा करने वाली आदतों के बारे में जानते हैं, जिन्हें आपको बदलना चाहिए।

**त्वचा का ख्याल न रखना-** मुंहासे निकलने की सबसे बड़ी वजह होती है त्वचा की देखभाल पर ध्यान न देना। जो लोग अपने चेहरे को साफ नहीं करते, उनके रोमछिद्र गंदगी से भर जाते हैं। ऐसे में मुंहासे निकलते हैं और रोमछिद्र भी बड़े हो जाते हैं। इसके अलावा क्लींजर की जगह साबुन से मुंह धुलना भी समस्या को बढ़ाता है, क्योंकि इसका पीएच स्तर त्वचा के लिए नुकसानदायक होता है। अच्छे उत्पादों से त्वचा की देखभाल करें और मेकअप ब्रश को धोना न भूलें।

**ज्यादा तैलीय भोजन और डेयरी उत्पाद खाना-**आपका खान-पान भी मुंहासों की समस्या को बढ़ाने में खासा योगदान दे सकता है। अगर आप ज्यादा तेल, मसाले और चीनी वाला खाना खाते हैं तो आपका चेहरा पीड़ा दायक मुंहासों से भर जाएगा। कार्बोहाइड्रेट और ट्रांस वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ अतिरिक्त तेल उत्पादन का कारण बन सकते हैं, जिससे मुंहासे पैदा होते हैं। इसके अलावा दूध, दही, चीज और पनीर जैसे डेयरी उत्पाद भी तैलीयपन बढ़ाते हैं और मुंहासों का कारण बनते हैं।

**गंदे तकिया कवर पर सोना**

कई लोग हफ्तों तक तकिए के कवर नहीं बदलते और उन्हीं पर सोते हैं। इनमें गंदगी और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो त्वचा में प्रवेश करके मुंहासे पैदा कर सकते हैं। इस प्रकार के मुंहासों को एक्ने मैकेनिका कहा जाता है, जो त्वचा पर घर्षण और दबाव की वजह से निकलते हैं।

# कंथलूर को 'केरल का कश्मीर' क्यों कहते हैं?

**नीलकुरिंजी-** कंथलूर में हर 12 साल में नीले रंग के फूल नीलकुरिंजी खिलते हैं। ऐसा नजारा देखने योग्य होता है जब पहाड़ अचानक नीले कालीन से ढक जाते हैं।

दूर-दूर से वैज्ञानिक और यात्री इसे देखने आते हैं। कंथलूर नीलगिरी बायो-रिजर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नीलकुरिंजी का खिलना प्रकृति की एक दुर्लभ घटना है और कंथलूर इसका घर है।

**बार्टर सिस्टम-** यहां कई गांवों में आज भी लोग सामान के बदले सामान लेते हैं, सब्ज़ी के बदले फल, दूध के बदले अनाज। यह परंपरा बताती है कि कंथलूर सिर्फ खूबसूरत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध है।

**ऑर्गेनिक खेती का केंद्र-** कई लोग इसे ÷साउथ इंडिया की सब्जी की टोकरी÷ भी कहते हैं। यहां ऑर्गेनिक गाजर, स्ट्रॉबेरी, शहद, चाय और मसाले, संतरे और प्लम, राजमा और स्थानीय दालें उगाई जाती हैं। यहां की ताजी फल-सब्जियां किसी भी शहर के स्वाद को फीका कर देती हैं।

# कोजिक एसिड को करें अपनी त्वचा की देखभाल में शामिल



कोजिक एसिड एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो जापान से आया है। यह जापान की पारंपरिक शराब साके बनाते समय निकलता है, जो जे-ब्यूटी का अहम हिस्सा है। कोजिक एसिड सौम्यता से एक साथ त्वचा की कई परेशानियों को ठीक करने में मदद करता है। आपको यह पदार्थ कई तरह के स्किनकेयर उत्पादों में मिल जाएगा और इससे बनी क्रीम सबसे फायदेमंद मानी जाती है। आइए जानते हैं इससे त्वचा की देखभाल करने के क्या फायदे होते हैं।

**रंजकता का करता है इलाज-**ज्यादातर भारतीय महिलाएं असमान रंगत की समस्या से जूझती हैं। इसे ठीक करने में कोजिक एसिड बहुत लाभदायक साबित हो सकता है। यह त्वचा की अंदरूनी परतों में गहराई तक प्रवेश करता है और मेलानिन के समूह को तोड़ने का काम करता है, जो काले धब्बे पैदा करते हैं। यह न केवल रंगकता को ठीक करके समान रंगत देता है, बल्कि अपने प्रतिबंधक गुणों के कारण दोबारा काले धब्बे होने भी नहीं देता है।

**देता है प्राकृतिक निखार-**कोजिक एसिड का सबसे प्रमुख फायदा है कि यह त्वचा को निखार देता है। यह त्वचा में मेलेनिन बनने से रोकता है, जिससे नए काले धब्बे नहीं होते और पुराने धब्बों का भी सफाया होता है। इसके बाद जो त्वचा सामने आती है, वह बेदाग और निखरी होती है। साथ ही यह मृत त्वचा को साफ करने का भी काम करता है, जिससे नई त्वचा नजर आती है। यह त्वचा प्राकृतिक रूप से निखरी होती है।

**मुंहासों का करता है सफाया-**कोजिक एसिड का इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे पर होने वाले मुंहासों को भी ठीक कर सकते हैं। इस एसिड में प्राकृतिक एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह से मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया का सफाया कर देते हैं। यह त्वचा के पीएच संतुलन को बनाए रखते हुए धीरे-धीरे मुंहासों को ठीक करता है और उनके जिद्दी धब्बों को भी पूरी तरह गायब कर देता है। इसके नियमित इस्तेमाल से मुंहासे निकलना भी कम हो जाएगा।

**बुढ़ापे के लक्षण हो जाते हैं कम-** कोजिक एसिड निखार देने के साथ-साथ बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम करता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है, जो बुढ़ापे का कारण बनने वाले मुक्त कणों की क्षति से त्वचा को बचाता है। कोजिक एसिड प्रदूषण, यूवी किरणों और धूल-मिट्टी से त्वचा का बचाव करने में सक्षम होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां आसानी से ठीक हो जाती हैं।

**त्वचा हो जाती है मुलायम-** कोजिक एसिड को रोजाना लगाने से आपकी त्वचा की बनावट में सुधार हो सकता है। यह कोमल एक्सफोलीएटिंग गुण प्रदान करता है, जो त्वचा को मुलायम बनाने में सहायता करते हैं। इसे लगाने से मृत त्वचा सौम्य तरीके से साफ होती है, जिससे स्वस्थ और मुलायम त्वचा मिल जाती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

## सोमवार, 6 जुलाई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे षष्ठी तिथौ सोम वासरे 13/48/ पूर्वा भाद्रपद नक्षत्रे 16/08/ सौभाग्य योग 15/51/ वणिज करणे 13/48/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.09 मि.58 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक। भद्रा घं. 13 मि. 48 से घं.25 मि.37 तक। सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में घं.12मि.03 पर।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :**आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

# यातायात नियमों का होगा उल्लंघन तो स्कूली वाहनों पर होगी कार्यवाही-सर्वेश चतुर्वेदी

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा

### 15 वाहनों पर हुई कार्रवाई

चलाये जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के चौथे दिन तहसील सिधौली में विद्यालयों के आसपास विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई निजी वाहनों का स्कूली वाहनों के रूप में अवैध उपयोग करते हुए पाया गया। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि तहसील सिधौली में १५ वाहनों पर कार्रवाई हुई। जिसमें १२ वाहनों के चालान किए गए तथा ३ वाहन को सीज किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में निजी वाहनों का उपयोग स्कूली वाहन के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में अभिभावकों से भी जागरूक होकर सहयोग की अपील की । आर आई संजय कुमार ने वाहनों की यांत्रिक दशा जांची। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान १ जुलाई से १५ जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में ७ जुलाई तक विद्यालय संचालकों को फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज दुरुस्त कराने का अवसर दिया गया है। इसके बाद ८ जुलाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। जनपद में वर्तमान में ७०६ स्कूली वाहन पंजीकृत हैं तथा १७१ विद्यालय स्कूल वाहन संचालित कर रहे हैं। सभी विद्यालय स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल पर पंजीकृत हैं। अब तक ६९७ स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें १६ वाहन फिटनेस मानकों पर अनफिट, ३२ वाहनों के पास वैध परमिट नहीं पाया गया तथा ९ वाहनों का पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त १ वाहन १५ वर्ष की निर्धारित आयु पूर्ण कर चुका है, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि विद्यालय प्रबंधन को नियमों के प्रति जागरूक करना और बच्चों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से समय रहते सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने की अपील की तथा चेतावनी दी कि लगातार लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों की मान्यता समाप्त करने की संस्तुति भी की जाएगी।



# पेड़ के नीचे मिला रोहित का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी, हत्या या आत्महत्या?

**( स्वतंत्र भारत )**

अटरिया सीतापुर। जनपद सीतापुर के सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अटरिया थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब बगहिया पुल के पास नीलगांव रोड स्थित एक बाग में आम के पेड़ के नीचे २४ वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना मिली। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रोहित (२४ वर्ष) पुत्र हरिकिशन, निवासी रामनगर मजरा आसोधन, कोतवाली सिधौली के रूप में हुई है। युवक की मौत की परिस्थितियों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस फिलहाल हत्या और आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, रोहित का शव आम के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। उसके गले में रस्सी बंधी हुई थी, जबकि उसी रस्सी का दूसरा सिरा पेड़ की डाल से बंधा मिला। घटनास्थल पर जमीन पर खुरचने के निशान भी दिखाई दिए। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि यदि युवक ने फंदा लगाया था तो संभव है कि रस्सी टूट जाने के कारण शव नीचे गिर गया हो। हालांकि, पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रविवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों की नजर जब बाग में पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत अटरिया पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल को



सुरक्षित कर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और वैज्ञानिक तरीके से जांच की प्रक्रिया शुरू की। मृतक के पिता हरिकिशन ने बताया कि रोहित कमलापुर चीनी मिल के पास स्थित एक धर्मकांटा पर काम करता था। शुक्रवार रात वह काम खत्म कर घर के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिवार ने कई बार उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन लगातार स्विच आफ मिला। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन रविवार सुबह उसके शव मिलने की सूचना मिली। परिजनों के अनुसार, करीब एक माह पहले धर्मकांटा पर काम के दौरान रोहित का किसी व्यक्ति से विवाद हुआ था। इसी पुराने विवाद को लेकर परिवार ने घटना पर संदेह जताया है और पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस लगातार रात्रि पेट्रोलिंग के दावे करती है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार चोरी, संदिग्ध घटनाएं और अब युवक का शव मिलने जैसी वारदातों से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। चौकी प्रभारी बहादुरपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच, घटनास्थल से मिले साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अभी किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रोहित की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजन और ग्रामीण पुलिस से मामले का जल्द खुलासा कर सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हुई है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश छिपी हुई है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक बैरक का किया गया उद्घाटन

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। पुलिस कर्मियों के कल्याण और उनकी कार्यक्षमता



को बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा पुलिस क्लब में जीर्णोद्धारित/उच्चीकृत उपनिरीक्षक बैरक का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण और पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। उच्चीकृत बैरक में उपनिरीक्षकों के रहने व आराम करने के लिए आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे वे तनावमुक्त होकर अपनी ड्यूटी को और अधिक संवेदनशीलता व तत्परता से अंजाम दे सकें। उद्घाटन समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार, प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक वर्मा एवं वाचक (पुलिस अधीक्षक) नि० सुनील कुमार दुबे उपस्थित रहे।

## विभागीय लापरवाही के चलते जमीन पर पड़ी एलटी लाइन खतरे को दे रही दावत?

**( स्वतंत्र भारत )**

सिधौली-सीतापुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टडई कलां स्थित आनंद ईंट भट्ठा से महमूदाबाद रोड की ओर जाने वाली एलटी विद्युत लाइन लंबे समय से जमीन पर पड़ी होने से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में १० मई को १९१२ हेल्पलाइन पर शिकायत संख्या एमवी०९०५२६१३९१२ दर्ज कराई गई थी तथा उपखण्ड अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीण राजेश कुमार,संतोषी देवी,राम देवी,नूर अली का कहना है कि उक्त लाइन से कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन जुड़े हुए हैं और जमीन पर पड़ी लाइन से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# पुलिस मुठभेड़ में पच्चीस हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। थाना सकरन पर पंजीकृत मु०अ०सं०- २०० /२६, धारा ३०९(४) ठछै में वांछित अभियुक्त आशिक पुत्र मोबिन निवासी ग्राम जठरा थाना खमरिया जनपद खीरी हाल पता ग्राम रुदपुर थाना खीरी जनपद खीरी को थाना सकरन क्षेत्रांतर्गत ओड़ा-झाड़ रसूलपुर रोड के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही में अभियुक्त आशिक पुत्र मोबीन उपरोक्त घायल हो गया। 'उल्लेखनीय है कि अभियुक्त आशिक उपरोक्त काफी समय से वाँछित चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा २५,०००/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



# सिर पर चोट लगने से मनोज शुक्ला की हुई थी मौत, पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। सिर पर डंडे या राड से किए गए पांच वार मनोज शुक्ला की मौत का कारण बने। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। घटना दूसरे दिन पुलिस घटना से जुड़े लोगों से पूछताछ करती रही। मालूम हो कि हनुमत कृपा ब्याज हास्टल संचालक महमूदाबाद के रामकुंड चौराहा के मनोज शुक्ला (५२) पुत्र स्व. शिवदुलारे शुक्ला का शव शुक्रवार की देररात बरदही बाजार में हास्टल से सौ मीटर दूर पगडंडी मार्ग के किनारे पड़ा मिला था। उनकी बुलेट मोटर साइकिल भी वहीं पड़ी थी। मृतक के सर पर चोट के निशान थे। एसपी के निर्देश पर मृतक का पीएम चिकित्सकों के पैनल से कराते हुए वीडियोग्राफी भी कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर पर पिछले भाग से ऊपरी हिस्से तक डंडे या लोहे के राड से पांच वार किए जाने से लगी गहरी चोट से उनकी मृत्यु होना पाया गया है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी वंदना शुक्ला की कि बाराबंकी के फतेहपुर के एक निजी अस्पताल संचालक डा. लईक, डा. अमन हाशमी, राममिलन, जयदेवी उर्फ जया मैडम, अभय प्रताप सिंह के द्वारा पति की हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। केस दर्जकर पुलिस पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है। रविवार की सुबह ११ बजे एएसपी दुर्गेश प्रताप सिंह, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव कोतवाली पहुंच गए और प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप के साथ घटना के संबंध में बुलाए गए लोगों से पूछताछ शुरू की। मामले से जुड़े पांच लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तथा मृतक के बेटे के बयान भी अधिकारियों ने दर्ज किए। काफी प्रयासों के बाद भी जयदेवी उर्फ जया पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रही है। जयदेवी की तलाश मे पुलिस की कई टीमें लगी है। जयदेवी के पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद ही घटना की जांच को सही दिशा मिल सकेगी। घटना से संबंधित कई लोगों ने पूछताछ की जा रही है। परिवाजन के भी बयान दर्ज किए गए हैं तथा जयदेवी समेत अन्य संदिग्धों की तलाश में टीमें लगी हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# लक्खी शाह बंजारा जी की सपाइयों ने मनायी जयंती

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहारबाग़ में महान देश भक्त,त्याग और मानवता की अमर मिशाल लक्खी शाह बंजारा की जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी जी की अध्यक्षता मे किया गया । सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी व विधायक अनिल वर्मा ने लक्खी शाह बंजारा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके अपने श्रदासुमन अर्पित किये,साथ ही सभी नेतागण व् पदाधिकारी गणों ने भी लक्खी शाह बंजारा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रदासुमन अर्पित किये । गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने कहा कि लक्खी शाह बंजारा जी ने कठिन परिस्थितियों में भी मानवता और धार्मिक आस्था की रक्षा के लिए जो अद्वितीय साहस और त्याग का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास में सदैव सम्मान के साथ स्मरण किया जाएगा। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में दृढ़ता के साथ खड़ा होना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी





पार्टी महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रही है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी लखी शाह बंजारा जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और आपसी सम्मान की भावना को आगे बढ़ाए। विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि लखी शाह बंजारा जी ने कठिन परिस्थितियों में मानवता, धार्मिक आस्था और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए जो ऐतिहासिक योगदान दिया, वह सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे लखी शाह बंजारा जी के त्याग, सेवा और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व प्रवक्ता अमर ज्योति शुक्ला ने महान देशभक्त, त्याग एवं बलिदान की अमर प्रतिमूर्ति लखी शाह बंजारा की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, मानवता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि लखी शाह बंजारा जी का त्याग और बलिदान केवल एक समुदाय की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अमूल्य विरासत है। उनके आदर्श सदैव हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, कमजोर और वंचित वर्गों के साथ खड़े होने तथा समाज में एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक अनिल वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव,पूर्व प्रवक्ता अमर ज्योति शुक्ला,कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव,राकेश जोशी,अताउल्ला खां,मनोज भारती, असद अराफात,अनस खान, विनीत यादव,मो नादिर प्रधान,रफीक सभासद, दिनेश सिंह यादव, चंद्रशेखर यादव,श्रीमती नीलम यादव, नसीर अहमद,गिरेन्द्र यादव, धीरेन्द्र यादव,राजकिशोर गौतम, शेषपाल यादव,विवेक वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानव जीवन जीने को संस्कार चाहिएः डा.सतीश

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। संस्कार भारती जिला समिति के तत्वावधान में सिविल



लाइंस स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए संस्था के संरक्षक डा. सतीश चंद्र वर्मा ने कहा, मानव जीवन जीने को संस्कार चाहिए, राष्ट्र के उत्थान को संस्कार चाहिए। सरस्वती वंदना करने के उपरांत गोष्ठी के संयोजक एवं संस्था के साहित्य मंत्री जी. एल. गांधी ने कहा, बहुत उम्र बीती भजन कर न पाया, भजन करते-करते बहुत देर कर दी। कवि हरेंद्र विक्रम सिंह ने कहा, एक सपना बनकर आए थे, सौ आह बढ़कर चले गए। जाने किस मंजिल के राही, इक राह दिखा कर चले गए। संस्था के प्रांतीय पदाधिकारी इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने कहा, सौम्य सुन्दर सहज सुहावन है, सुख चंचल बरसता सावन है, तेज उसमें है नर्मदा जैसा, बेटी गंगा की तरह पावन है। बिंदु प्रभा ने कहा, भूख की सबकी व्यवस्था तो प्रकृति ने कर ही दी, मत किसी का छीन खाएं आइए ऐसा करें। उपरोक्त गोष्ठी का सफल संचालन संस्था के महामंत्री अशोक मिश्र ने किया। उन्होंने समसामयिक विषयों पर अनेक गीत मुक्तक वचन सुनाकर अपनी अनुपम भावाभिव्यक्ति की।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम आगमन पर भाजपाई ने किया स्वागत

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का अवध क्षेत्र आगमन, सभी कार्यकर्ताओं के लिये बनेगा प्रेरणस्तोत्र है-राजेश शुक्ला

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम अवध क्षेत्र प्रवास एवं लखनऊ आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ जनपद के भाजपा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत किया तथा अवध क्षेत्र में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष



राजेश शुक्ला ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारे क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पधारे हैं। उनके मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा और आगामी अभियानों की दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिए गए संगठनात्मक मंत्र और मार्गदर्शन के आधार पर भाजपा कार्यकर्ता वर्ष २०२७ के विधानसभा चुनाव में विजय की नई गाथा लिखने का कार्य करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी विजय का परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता की इच्छा होती है कि उसे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिले। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष का अवध क्षेत्र आगमन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा एवं गौरव का क्षण है। उनके साथ संवाद से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली विधायक मनीष रावत, हरगांव विधायक एवं कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई: 54 जगह पकड़ी गई कटिया, चोरी की बिजली से चार्ज होते मिले ई-रिक्शा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भीषण गर्मी के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग ने जिला प्रशासन, पुलिस और विजिलेंस टीम के साथ मिलकर शुक्रवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया। अभियान के दौरान 297 परिसरों की जांच की गई, जिसमें 54 स्थानों पर एलटी लाइन से सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए लोग पकड़े गए। सभी के खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

मुख्य अभियंता (वितरण) बरेली क्षेत्र-प्रथम के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय एवं ग्रामीण वितरण मंडल के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने किला, बानखाना, रजा चौक, गुलाबनगर, बाकरगंज, दानील नरवैय्या, फरीदपुर टाउन और



बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत

घोटांडावलीगंज समेत कई संवेदनशील इलाकों में बॉडी वॉर्न कैमरों के साथ मॉर्निंग रेड की।

विशेष अभियान के दौरान 17 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन भी काटे गए और करीब 34.2 लाख रुपये के राजस्व की वसूली की गई। विभाग ने अवैध कनेक्शनों को हटाते हुए केबल जब्त कर ली।

किला क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले के रजा चौक इलाके में अवैध रूप से संचालित तीन ई-रिक्शा स्टैंडों पर कार्रवाई के दौरान 43 ई-रिक्शे एलटी लाइन से सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी करते पाए गए। जांच में बानखाना निवासी नदीम पुत्र लियाकत, जुबैर पुत्र सिकंदर और ओमान पुत्र नदीम के नाम सामने आए। विभाग ने इनके विरुद्ध बिजली चोरी का करीब 63 लाख रुपये का राजस्व आकलन करते हुए एपीटी थाना, बरेली में मुकदमा दर्ज कराया है।

विभाग का कहना है कि किला, बानखाना, बाकरगंज, शास्त्री नगर और गुलाबनगर जैसे क्षेत्रों में लगातार बिजली चोरी होने से विद्युत व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे नियमित उपभोक्ताओं को अनावश्यक ट्रिपिंग और आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ता है। मुख्य अभियंता (वितरण) ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने किया 58 यूनिट रक्तदान, एडीएम सिटी ने किया शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर रविवार को 300 बेड मल्टीस्पेशलिटी संयुक्त चिकित्सालय में नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। शिविर में नागरिक सुरक्षा के वैतनिक और अवैतनिक पदाधिकारियों तथा स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 58 यूनिट रक्तदान किया।




रक्तदान शिविर का आयोजन नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक राकेश कुमार मिश्र और चीफ वार्डन रंजीत कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के सहयोग से चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ ने रक्त संग्रह सहित सभी व्यवस्थाएं संभालीं। इस दौरान सहायक उप नियंत्रक प्रमोद कुमार डागर, डिविजनल वार्डन शिवलेश चंद्र पांडे, दिनेश कुमार सिंह, संजय पाठक, डिप्टी डिविजनल वार्डन कवलजीत सिंह, अनिल कुमार शर्मा, कलीम हैदर सैफी, स्टाफ अधिकारी कमलेश वर्मा, अनवर हुसैन, गीता शर्मा, आईसीओ सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार शर्मा और सेक्टर वार्डन शंकर लाल शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी पहल है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार किए

### शीशगढ़ में प्रदर्शनी मेला लगाने पर गर्माया विवाद


# नई परंपरा डालने का आरोप,मुख्यमंत्री से शिकायत, एसडीएम ने दी है अनुमति

-स्वतंत्र भारत-

**शीशगढ़।** रामलीला मैदान के पास एक खेत में 'एकता विकास मनोरंजन प्रदर्शनी' लगाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसे नई परंपरा बताते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है। मीरगंज एसडीएम द्वारा इस प्रदर्शनी की अनुमति दी गई है।

स्थानीय निवासियों लक्ष्मी देवल और रामप्रकाश गुप्ता सहित कई लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजन पहले कभी नहीं हुए हैं। पूर्व में लोगों ने ऐसे आयोजन करने का प्रयास किया था लेकिन विरोध होने पर वे सफल नहीं हो पाए थे। इस बार फिर अनुमति मिलने से हिंदू समुदाय के लोगों में नाराजगी है।

दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर वाला एक लिखित प्रार्थना पत्र रविवार को एसडीएम मीरगंज को व्हाट्सएप पर



भेजा गया है, जिसे सोमवार को एसडीएम और डीएम के समक्ष व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

कुछ लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मुख्यमंत्री सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की है। उन्होंने अनुमति रद्द करने, नई परंपरा न डालने और कार्य रुकवाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई है कि प्रदर्शनी से आसपास के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त, शिकायत में कहा गया है कि पास के हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों में भी बाधा आ सकती है। यह मंदिर वह स्थान है जहां क्षेत्र के सैकड़ों कांवड़िया हरिद्वार से जल लेने जाते समय रुककर पूजा करते हैं।

मीरगंज की एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि सभी संबंधित विभागों की अनुमति के बाद ही नुमाइश (प्रदर्शनी) की परमिशन दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विरोध करने वाले लोग लिखित प्रार्थना पत्र देते हैं, तो नुमाइश को रुकवा दिया जाएगा।

# वन महोत्सव- अलखनाथ मंदिर में बांटे 500 पौधे, बहेड़ी में पर्यावरण संरक्षण पर ग्रामीणों से संवाद

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** वन महोत्सव के तहत बरेली वन विभाग ने जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। बरेली रेंज के अंतर्गत अलखनाथ मंदिर परिसर में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को आम, अनार, तुलसी, नींबू सहित करीब 500 पौधे वितरित किए गए। अधिकारियों ने लोगों से पौधों का नियमित संरक्षण करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी समेत विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



उधर, बहेड़ी रेंज के विकास ग्राम मिलक (तहसील बहेड़ी) में वन महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

इसमें क्षेत्रीय वनाधिकारी एस.एस. चौहान ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बढ़ते पर्यावरणीय संकट, जल संरक्षण और वृक्षों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में रेंज स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग का भरोसा जताया।

# नर्सिंग असिस्टेंट सुसाइड केस: पत्नी और साली गिरफ्तार, रिश्वत के आरोपों की भी जांच तेज

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नर्सिंग असिस्टेंट कुलदीप गोस्वामी की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी गुंजा और साली रीना को गिरफ्तार कर लिया।



कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि मृतक के पिता सत्यपाल गोस्वामी की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में दोनों को रविवार सुबह आजाद मोहल्ला, सदर बाजार से पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले में गुंजा, उसके भाई अमित कुमार, बहन रीना और बहनोई सतीश को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी बनाया गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

मौत से पहले कुलदीप ने वीडियो और तीन पन्नों के सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल पक्ष और सुभाषनगर थाने के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने शिकायत पर कार्रवाई न करने और 30 हजार रुपये रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया था। एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति इन आरोपों की जांच कर रही है।

पूछताछ में गुंजा ने बताया कि शादी के बाद उसे कुलदीप की पूर्व शादियों की जानकारी मिली, जिससे विवाद बढ़ा। उधर, परिजनों ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए दोषियों और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# वर्कशॉप में दांत बनाने की विधि में डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल की जानकारी दी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन बरेली ब्रांच के द्वारा रविवार को डिजिटाइजेशन प्रोस्थोडॉन्टिक विषय पर आईएमए सभागार में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें स्पीकर डॉ देवेंद्र चौपड़ा ने दांत बनाने की विधि में डिजिटल तकनीक को कैसे इस्तेमाल करते हैं और उसके क्या क्या फायदे हैं,क्या क्या सावधानी रखनी चाहिए, इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ चोपड़ा ने बताया कि किस तरह से हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके मरीज और अपना समय बचा सकते हैं । साथ में ही इससे प्रोस्थेसिस की क्वालिटी बहुत अच्छी रहती है। आजकल इस तकनीक से दांत बनाने की प्रिक्रिया बहुत सरल और अच्छी हो गई है। वर्कशॉप में आइडीए प्रेसिडेंट डॉ राहुल वोहरा, सचिव डॉ अवधेश गंगवार, कोषाध्यक्ष डॉ रवि सक्सेना, डॉ आलोक, डॉ अविजित जौहरी, डॉ पारस गुप्ता, डॉ वैभव गंगवार, डॉ कार्तिके, डॉ चमन मलिक, डॉ संजय, डॉ दीन दयाल गंगवार समेत बड़ी संख्या में अन्य आईडीए मेम्बर्स उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्रीय अध्यक्ष का भमोरा चौराहे पर हुआ जोरदार स्वागत

**भमोरा।** भाजपा नेतृत्व द्वारा पूरनलाल लोधी को ब्रज क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है, क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद रविवार की दोपहर पूरनलाल लोधी बदायूं जा रहे थे,इस दौरान प्रथम बार भमोरा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जगह जगह फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राघवेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख वेदप्रकाश यादव, रामेंद्र पाल सिंह,विनय यादव, रामकिशोर कश्यप आदि सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान विधायक डॉ राघवेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख पति व वरिष्ठ भाजपा नेता वेदप्रकाश यादव, रामेंद्र पाल सिंह,विनय यादव, रामकिशोर कश्यप, विशाल दीक्षित,अरुण प्रजापति, अरविंद गौड़, अर्जुन चौहान आदि सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### नहर में बहता मिला युवक का शव, पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**भुता।** थाना भुता क्षेत्र के ग्राम रमपुरा प्रवीण के पास नहर में रविवार शाम करीब 4 बजे एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ दिखाई दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव क्योलड़िया क्षेत्र की ओर से बहकर आया बताया जा रहा है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास किए लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। कुछ समय बाद यह खबर मृतक के पिता जंग बहादुर तक पहुंची तब उन्होने अज्ञात शव की शिनाख्त अपने लड़के राम मूर्ति उर्फ गुड्डू निवासी थाना क्योलडिया के रूप में की। मृतक के पिता जंग बहादुर ने बताया कि शनिवार रात्रि के समय ग्राम में ही एक बारात घर में दावत खाने निकाला था, मृतक मजदूरी का कार्य करता था, एक लड़का 5 वर्षीय तथा पत्नी दो भाई भी है। उनहोंने किसी से रंजिश होने से इनकार किया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मृतक के सिर ब शरीर पर चोट के निसान दिखाई दे रहे हैं।

### स्विट्जरलैंड में रोइंग वर्ल्ड कप के स्वर्ण पदक विजेता उज्जवल सिंह का गांव में हुआ भव्य स्वागत

**आंवला।** तहसील क्षेत्र के गांव अतरछेंड़ी निवासी और भारतीय सेना के जांबाज हवलदार उज्ज्वल कुमार सिंह ने स्विट्जरलैंड में आयोजित 'रोइंग वर्ल्ड कप' नौकायन में स्वर्ण पदक जीतकर वैश्विक स्तर पर क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया है। रविवार दोपहर करीब 1:00 बजे विश्व विजेता बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंचे उज्ज्वल कुमार सिंह का ग्रामीणों ने गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ जोरदार नागरिक अभिनंदन किया। गांव के वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय सेना में सेवारत उज्ज्वल कुमार सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर देश और अपनी माटी का परचम पूरे विश्व में फहराया है, जिस पर हर क्षेत्रवासी को गर्व है। वीर सपूत के गांव की सीमा में दाखिल होते ही ग्रामीणों का उत्साह चरम पर पहुंच गया और युवाओं ने देशप्रेम के नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस ऐतिहासिक पल और स्वागत समारोह के दौरान अशोक सिंह, राजवीर सिंह, कल्लू सिंह, संजय सिंह, बृजमोहन सिंह, बंटी सिंह और अतुल कुमार सिंह एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



### नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा आरोग्य मेला, 40 मरीजों की जांच कर दी गई दवाएं

**किशोरियों को लगी एचपीवी वैक्सीन, दो शिशुओं का हुआ टीकाकरण**

**आंवला।** कस्बा स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे तक चले इस मेले में कुल 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। उपचारित मरीजों में 24 महिलाएं, 13 पुरुष और 3 बच्चे शामिल रहे। मेले के दौरान पांच किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई, दो शिशुओं का नियमित टीकाकरण हुआ और दो गर्भवती महिलाओं की जांच कर दवाएं बांटी गई। इसके अलावा जुकाम, बुखार, खांसी और पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों का भी इलाज किया गया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. निवेदिता सिंह, फार्मासिस्ट अवशेष कुमार, लैब टेक्नीशियन अर्जुन कश्यप, स्टाफ नर्स रोशनी, एएनएम अनीता मौर्य और सुरेन्द्र पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



# वीडियो बनाकर एडिट कर वायरल करने वाले पूर्व संविदा विद्युत कर्मचारी समेत दो युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** दो युवकों द्वारा झूठी साधारण वीडियो बनाकर एडिट कर वायरल करने तथा गंदी गंदी गालियां देने आदि की प्राथमिकी थाना भुता में एक पूर्ण संविदा बिजली कर्मचारी सहित दो के विरुद्ध दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लग गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम ककरा कला निवासी नरेश पाल पुत्र ईश्वरी प्रसाद हाल निवासी भुता, ने थाने में एक तहरीर देकर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम गणेश खेड़ा निवासी पूर्व संविदा कर्मचारी सुनील सिंह,ब राजकुमार निवासी फैजनगर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। तहरीर में नरेश पाल ने बताया है कि उक्त दोनों युवक आए दिन तरह-तरह की धमकियां देते रहते हैं और गलत सूचनाओं को ऊपर भेजने की भी धमकियां देते हैं, साधारण वीडियो



बनाकर एडिट कर वायरल करते हैं। इनके साथ इस कार्य में लिप्त अन्य भी कई लोग शामिल हैं। जिनकी भी जानकारी उपरोक्त लोगों को है। सुनील व राजकुमार दोनों बिजली उपकेंद्र पर आकर संविदा कर्मचारियों को तरह-तरह की धमकियां देते हैं। यह दोनों अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। पिछले 24 मार्च को लगभग दिन के 12 बजे नरेश कुमार अपने निजी कार्य से बिजली घर भुता आया हुआ था, और वहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद कुमार के पास बैठकर बातचीत कर रहा था, इसी बीच राजकुमार ब सुनील सिंह ने चुपचाप वीडियो बना लीऔर 25 मार्च को दोनों ने वीडियो एडिट करके गलत ढंग से सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई, जिसकी खबर अखबारों में भी छापी गई, थीं जिससे मुझ प्रार्थी की छवि धूमिल करने व बदनाम करने का प्रयास किया गया,इस वीडियो से नरेश पाल काफी मानसिक तनाव में रहा, मामले की रिपोर्ट आज थाना भुता में सुनील सिंह व राजकुमार के विरुद्ध दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इनका क्षेत्र में भी भारी आतंक बताया जा रहा है ।

प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार

**आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल, किला पुलिस ने दबोचा**

**बरेली।** थाना किला पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने, उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, दो जुलाई 2026 को पीड़िता ने थाना किला में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लीं और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए।



आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने लगातार उसका शोषण किया और गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। मामले में थाना किला में मुकदमा संख्या 240/2026 के तहत संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर बाकरगंज नदी पुल के आगे से आरोपी इमरान खां (25) पुत्र साकिर खां, निवासी ग्राम शीशमखेड़ा, थाना मीरगंज, बरेली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद वह पुलिस से बचने और जनपद छोड़कर जाने की तैयारी में था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अचल कुमार, उपनिरीक्षक पवन कृष्ण यादव और उपनिरीक्षक वकार अहमद शामिल रहे।

## नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** थाना प्रेमनगर पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार 4 जुलाई को पीड़िता ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी फहीम अली पुत्र फय्याज अली, निवासी वसंत विहार, थाना इज्जतनगर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे विभिन्न स्थानों पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर थाना प्रेमनगर में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

# पत्नी से मामूली विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर दी जान

-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी** थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई कॉलोनी में शनिवार देर रात एक 24 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पहचान नितेश (24 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राजेश के रूप में हुई है। वह अपने परिवार में दो भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। परिजनों के अनुसार नितेश का अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जाता है कि शनिवार रात लगभग दस बजे नितेश घर आया तो उसने पत्नी से चारपाई बिछाने को बोला लेकिन पत्नी ने उसकी बात को अनसुना कर दिया और अपने एक साल का बेटा जो कि रो रहा था उसे चुप कराने लगी जिससे नाराज होकर उसने घर के कमरे में पंखे के कुंडे



से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर नितेश को फंदे से उतारा और कटरा प्राइवेट अस्पताल लेकर गए लेकिन वहाँ से डॉक्टरों द्वारा मना करने पर फरीदपुर सरकारी अस्पताल में ले गए जहाँ डॉक्टरों ने नितेश को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है, जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

थाना प्रभारी राजकुमार सिंह का कहना है कि सूचना मिलते ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कार्बन निगेटिव की दिशा में बरेली कैंट की बड़ी छलांग,'ग्रीन कैंट- को मिली नई रफ्तार

**पीएम मोदी के विजन को परवान चढ़ा रही सीईओ डॉ तनु जैन**

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में बरेली कैंटोनमेंट बोर्ड ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 23 जून 2026 को बरेली को कार्बन निगेटिव स्टेटस की श्रेणी में शामिल किए जाने के बाद कैंट बोर्ड ने हरित विकास की योजनाओं को और गति दे दी है। बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. तनु जैन के नेतृत्व में स्वच्छ, हरित और टिकाऊ कैंट क्षेत्र विकसित करने के लिए कई महत्वाकांक्षी पहलें शुरू की गई हैं।

डॉ. तनु जैन ने बताया कि कचरा प्रबंधन व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाया जा रहा है। इसके तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्लाज्मा आधारित वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाकर हरित क्षेत्र का विस्तार किया



जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन कम करने के उद्देश्य से पेट्रोल और डीजल चालित वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को देखते हुए ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं पर भी कार्य शुरू कर दिया गया है। सीईओ के अनुसार, 'ग्रीन कैंट, क्लीन कैंट' अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन और हरित विकास को एकीकृत करने वाला व्यापक मॉडल है। यह पहल बरेली कैंट को देश के टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल सैन्य क्षेत्रों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हज यात्रा 2027 की शुरुआत एक पौधा लगाकर करें

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक एवं समाजसेवी पम्मी खां वारसी ने आगामी हज यात्रा को लेकर आजमीन-ए-हज से एक विशेष और नेक अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 की मुकद्दस हज यात्रा के लिए जो भी लोग आवेदन कर रहे हैं, वे अपनी इस रूहानी सफर और नेकियों की शुरुआत एक सकारात्मक कदम के साथ करें। आवेदन करने के साथ ही हर आजमीन एक पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ लगाना न केवल पर्यावरण के संरक्षण के लिए जरूरी है, बल्कि यह इंसानियत के लिए भी एक बड़ा सदका (पुण्य) है। आजमीन-ए-हज से पुरजोर अपील की है कि वे अपनी हज यात्रा के इस मुबारक सफर की शुरुआत अपने हाथों से एक पौधा रोपकर करें, ताकि उनकी यह इबादत और दुआएं पर्यावरण के लिए भी बरकत का जरिया बनें।

इसी कड़ी में सिविल लाइंस स्थित नोमहला परिसर में विशेष प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया, जिसमें



विश्व प्रसिद्ध 'मियाजाकी' नस्ल और 'बारामासी' आम के पौधे मुख्य रूप से शामिल रहे। जनसेवा टीम के अध्यक्ष एवं समाजसेवी पम्मी खां वारसी ने कहा कि वर्तमान में बरसात का मौसम शुरू हो चुका है और गर्मी का प्रकोप भी जारी है। ऐसे में पौधों का रोपण पर्यावरण के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा- आज किया गया यह नेक काम हमारे आने वाले कल को बेहतर और सुरक्षित बनाएगा। इसलिए सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में हर शुभ अवसर जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ आदि के मौके पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। इस सराहनीय और पुनीत कार्य के दौरान मुख्य रूप से हाजी उवैस खान, हाजी साकिब रजा खाँ, हाजी डॉ कासिमुद्दीन, आसिम कुरैशी,अहमद उल्लाह वारसी, मौलाना हसन रजा, सलमान सुल्तानी, रिजवान आदि मौजूद रहे।



गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# रेलिंग तोड़ नीचे गिरी स्लीपर बस 36 घायल, 12 की हालत गंभीर



स्वतंत्र भारत

**पाली, हरदोई।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में भाहपुर सपहा गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सिद्धार्थनगर के बांसी से दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में छह बच्चों समेत 36 यात्री घायल हो गए, जबकि 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए और वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बस में सवार एडवोकेट विनय कुमार यादव ने बताया कि बस में करीब 150 यात्री सवार थे। उनके अनुसार, यात्रा के दौरान चालक मोबाइल फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान बस अनियंत्रित हो गई और एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे जा गिरी। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर जलालाबाद के अस्पताल पहुंचाया।

घायलों में सुनील कुमार, अमित कुमार, कृष्ण मोहन, गीता यादव, विनय कुमार यादव, विशाल, अनिल, सचिन, कृष्णा पाण्डेय, बनवारीलाल, राहुल यादव, राहुल पाठक, शहजाद, अजय, तबस्सुम, राजेश, अंशिका, आंचल, मोहन कुमार, अकबर अली, मुन्ना, हैदर अली, साजिद, अफजल, मनोज पाठक, गीता, अर्जुन, दिव्यांश, दिव्यांशी, अर्पित शुक्ला, अनुराधा, आरव, अनवि, राधेश्याम और मोवेंद्र शामिल हैं। सभी घायल जनपद सिद्धार्थनगर एवं बस्ती क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। गंभीर घायलों को जलालाबाद से शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि हादसा रात करीब दो बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। बस में यात्रियों की वास्तविक संख्या और दुर्घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।

## सूरज प्रसाद माधोगंज गल्लामंडी के अध्यक्ष मनोनीत

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर के प्रमुख व्यापारी सूरज प्रसाद राठौर को माधौगंज गल्ला मंडी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर व्यापारियों में खुशी का माहौल है। प्रदेश मंत्री नवल किशोर माहेश्वरी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि सूरज प्रसाद राठौर की सामाजिक, व्यावसायिक एवं व्यापारी समाज मंह सक्रिय भूमिका को देखते हुए, कृषि उत्पादन मंडी समिति से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष गौरव पाठक की संस्तुति पर उन्हें माधौगंज गल्ला मंडी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्र में नव नियुक्त अध्यक्ष को 15 दिनों के भीतर माधौगंज गल्ला मंडी में व्यापार मंडल का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी प्रेषित की गई हैं। सूरज प्रसाद राठौर की नियुक्ति पर क्षेत्र के व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों के हितों की आवाज को मजबूती मिलेगी।

## विश्व में एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री बन चुके हैं नरेंद्र मोदी-नरेश अग्रवाल

- पूर्व सांसद ने की प्रेसवार्ता
- दो देशों में समझौता कराने में नरेंद्र मोदी की भूमिका को बताया सराहनीय

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** भाजपा के पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा है कि भारत अपनी विदेश नीति, रक्षा नीति और विकासशील कार्यक्रमों की बदौलत विश्व का एक अग्रणी देश बन चुका है, श्री अग्रवाल ने कहा कि लंबे अरसे से युद्धरत दो राष्ट्रों के बीच समझौता कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते भारत की साख विश्व भर में और अधिक मजबूत हो गई है।

हरदोई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रताप नरेश अग्रवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितनी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाएं व विकास कार्य चल रहे हैं उसी के चलते जनता की मन में भाजपा के प्रति पैठ और अधिक मजबूत हुई हैं जिसका परिणाम यह है कि जो भी चुनाव संपन्न हो रहे हैं उसमें बीजेपी की प्रचंड जीत हो रही है।

उत्तर प्रदेश को चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था एवं विकासशील और उत्तम प्रदेश बनाने का श्रेय सीएम योगी आदित्यनाथ को देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि आज योगी मॉडल पूरे देश में लोकप्रिय हो चुका है यही वजह है कि देश के अधिकांश राज्य अपने-अपने राज्यों में भी योगी मॉडल को तेजी के साथ अपना रहे। नरेश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजना व विकास कार्यक्रमों की बदौलत ही आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की न केवल सरकार बनेगी बल्कि विपक्ष का सूपड़ा भी पूरी तरीके से साफ हो जाएगा।

भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने हरदोई का विकास व यहां की चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा यही वजह है कि मेरे स्तर से किसी भी अपराधी को कभी आश्रय नहीं दिया गया। श्री अग्रवाल ने राजनीतिक विरोधियों पर आरोप लगाया वह उनके बारे में तरह-तरह के भ्रामक अफवाहें फैलाने में जुटा हुआ। उन्होंने कहा कि वह हरदोई स्थित अपने आवास पर ही रहकर विधानसभा चुनाव 2027 पूरे चुनाव का संचालन करेंगे, श्री अग्रवाल ने आत्मविश्वास पूर्ण ढंग से कहा कि हरदोई जनपद की सभी आठों सीट पर भाजपा के प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ चुनाव जीतेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित राम प्रकाश शुक्ला एडवोकेट भी मौजूद थे।

## हिस्ट्रीशीटर अवैध गांजा सहित गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुरसा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान थाना सुरसा पुलिस ने अनिल पुत्र शंकर, निवासी तारापुरवा मजरा धिन्नी, थाना सुरसा को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 1.2 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सुरसा में मु0अ0सं0 231/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी थाना सुरसा का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पहले से हत्या के प्रयास, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य गतिविधियों की भी जांच कर रही है।



## हरदोई में अविमुक्तेश्वरानंद का दो-टूक ऐलान, जो रोकेगा गौ-हत्या, उसी को समर्थन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने हरदोई के गांधी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्पष्ट संदेश दिया है कि गौ-रक्षा के मुद्दे पर अब कोई समझौता नहीं होगा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 'हम उसी राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे, जो देश और प्रदेश में गौ-हत्या को पूरी तरह रोकने के लिए प्रतिबद्ध होगा। '

अपनी 81 दिवसीय 'गविष्ठ गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा' के तहत हरदोई पहुंचे अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने की अपनी मांग को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गौ-हत्या का कलंक सनातन संस्कृति पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है, जिसे मिटाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद उसी को मिलेगा जो गौ-वंश की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाएगा और उसका पालन सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के दौरान हरदोई में गौशाला निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने वाले एक प्रतिनिधि की मांग की। इस आह्वान पर मंच पर मौजूद बिंदु चौहान, रामज्ञान गुप्ता सहित कई स्थानीय नेताओं ने अपना समर्थन व्यक्त करते हुए हाथ खड़े किए। हालांकि, उपस्थित जनसमूह के भारी समर्थन और सर्वसम्मति को देखते हुए स्वामीजी ने अखिलेश पाठक को गौशाला निर्माण और आंदोलन को गति देने के लिए मुख्य प्रतिनिधि घोषित किया। उन्होंने कहा कि गौशाला केवल एक इमारत नहीं, बल्कि गौ-सेवा का केंद्र होनी चाहिए। उन्होंने अखिलेश पाठक को निर्देश दिया कि वे आम जनमानस को साथ लेकर इस पवित्र कार्य को धरातल पर उतारें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर जाकर जन जागरण कर रहे हैं। उनका उद्देश्य गौ-हत्या मुक्त भारत का संकल्प पूरा करना है।

## एसी सर्विस के नाम ठगों ने उड़ाए 79000

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** थाना कासिमपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराने के साथ ही थाना कासिमपुर में भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कासिमपुर क्षेत्र के ग्राम गौसगंज निवासी ने बताया कि 24 जून को उन्होंने अपनी एसी की सर्विस कराने के लिए गूगल पर मिले टोल फ्री नंबर 18004122637 पर संपर्क किया उसने एक लिंक भेजकर नाम, पता और मोबाइल नंबर भरने को कहा तथा 5 रुपये ऑनलाइन जमा करने के लिए कहा। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने भरोसा दिलाया कि सर्विस का कुल शुल्क 250 रुपये होगा और सर्विस इंजीनियर आने पर शेष राशि देनी होगी। आरोपी से उसी दिन कई बार कुल 78, 999.98 रुपये साइबर ठगी के माध्यम निकाल लिए। जानकारी मिलते ही पीड़िता ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई तथा थाना कासिमपुर में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि गूगल पर मिले किसी भी नंबर या लिंक पर बिना सत्यापन के अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक संबंधी विवरण साझा न करें।

## अचेत मिले व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**हरदोई।** बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपार स्थित नायरा पेट्रोल पंप के सामने रविवार को एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से व्यक्ति की पहचान रघुबीर पासी (50 वर्ष) पुत्र सोबरन, निवासी ग्राम गोपार, थाना बघौली, जनपद हरदोई के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल परिजनों को सूचना देकर एम्बुलेंस की सहायता से रघुबीर पासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक नशे का आदी बताया जा रहा है।

## प्रहलाद नगरी समिति ने की संडीला को नया जिला बनाने की मांग

**हरदोई।** संडीला तहसील को नया जिला घोषित करने की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। 'प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति' के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी द्वारा उत्तर प्रदेश शासन को भेजे गए पत्र पर बड़ा संज्ञान लेते हुए राजस्व परिषद ने इस दिशा में आधिकारिक कदम उठाया है। राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश के आयुक्त एवं सचिव के प्रभारी अधिकारी की ओर से जिलाधिकारी को पत्र जारी कर संडीला को नया जिला बनाए जाने के संबंध में आवश्यक भौगोलिक, प्रशासनिक और जनसांख्यिकीय रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने बताया कि संडीला क्षेत्र न केवल क्षेत्रफल और आबादी के लिहाज से बड़ा है, बल्कि ऐतिहासिक और आर्थिक रूप से भी बेहद समृद्ध है। जिला मुख्यालय हरदोई से दूरी अधिक होने के कारण स्थानीय जनता को प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों के लिए भारी असुविधा होती है। संडीला को जिला घोषित किए जाने से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। और आम नागरिकों को राहत मिलेगी। शासन द्वारा रिपोर्ट मांगे जाने के इस फैसले का क्षेत्र की जनता ने बहुत उत्साह से स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही संडीला को नए जिले का दर्जा प्राप्त होगा।

## कवि सम्मेलन में वही काव्य की धारा



**हरदोई।** सरस्वती सदन सेवा समिति के सभागार में काव्य गोष्ठी में कवियों ने देशभक्ति, श्रृंगार, प्रेम, ग्राम्य जीवन और हास्य सहित विभिन्न विषयों पर अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। संस्था के अध्यक्ष श्रवण मिश्र राही ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि मासिक काव्य गोष्ठी का मकसद वरिष्ठ साहित्यकारों के सान्निध्य में नवोदित कवियों को मंच उपलब्ध कराना तथा उन्हें साहित्य सृजन के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकास चौहान अपनी प्रस्तुति में भगवान राम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा, राम युग के प्रणेता वो सुफलाम हैं, राम अतुलित अकल्पित परम धाम हैं। युवा कवि तेजस्वी अवस्थी ने प्रेम और संवेदना से जुड़ी ग़ज़ल प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ कवयित्री चंद्रकिरण अग्रवाल ने सिंदूर के सांस्कृतिक और वैवाहिक महत्व पर आधारित कविता सुनाई, जबकि अरविंद मिश्र ने राष्ट्र और बलिदान की भावना को अपनी ओजपूर्ण रचना के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

## बघौली-प्रतापनगर मार्ग पर दुर्घटनाओं के चलते स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग



**हरदोई।** बघौली-प्रतापनगर मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने थाना बघौली में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की कि मार्ग पर दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं तथा बैरिकेडिंग कराई जाए, जिससे तेज गति से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण हो सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों की जान-माल का नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष मोहित, प्रखंड उपाध्यक्ष सौरभ, ओमेंद्र, पवन, चेतन, आशीष, अवनीश सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मेधावी छात्र-छात्रायें सम्मानित



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** चौपाल सागर में मेधावी सितारे कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 70% अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छत्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि जीतेन्द्र सिंह प्रिंसिपल गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, विशिस्ट अतिथि योगेश मिश्रा डायरेक्टर योगेश मिश्रा क्लासेस, उपेन्द्र सिंह डायरेक्टर आकाश इंस्टिट्यूट, शिक्षाविद वीर बहादुर सिंह जी ने मेधावी छात्र छत्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्यअतिथि जीतेन्द्र शर्मा प्रिंसिपल गुरु रामराय पब्लिक स्कूल ने छात्र छत्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें और अधिक मेहनत करने की सलाह दी।

## हरदोई के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ में किया जोरदार स्वागत



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम लखनऊ आगमन पर भाजपा हरदोई इकाई ने जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी, अवध क्षेत्र अनु मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पी.के. वर्मा, मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, जनपद के समस्त विधायक एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने खालसा चौक, आलमबाग में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।भाजपा नेताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया।

## प्रमुख ट्रेनों के ठहराव न होने से व्यापारी व डेली पैसेंजर में नाराजगी

- उद्योग व्यापार एसोज़ ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** हरदोई स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज न होने से आक्रोशित उद्योग व्यापार एकता एसोसिएशन की हरदोई इकाई ने प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा को रेल मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि जिले की बढ़ती औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को देखते हुए हरदोई रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव अब समय की आवश्यकता बन गया है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि सांसद जयप्रकाश रावत लंबे समय से हरदोई में प्रमुख ट्रेनों के ठहराव के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अब इस अभियान को व्यापारियों और अधिवक्ताओं का भी समर्थन मिल रहा है। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की इस संयुक्त पहल के बाद रेलवे प्रशासन को जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिये जिससे आम जनता का आक्रोश आंदोलन में बदलने से पहले रोका जा सके।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हरदोई उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण जिला है, जो लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों को रेल मार्ग से जोड़ता है। वहीं संडीला औद्योगिक क्षेत्र तेजी से प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। यहां पेप्सीको (वरुण बेवरेजेज), बर्जर पेंट्स, बालाजी वेफर्स तथा अंतरराष्ट्रीय कंपनी वेबले एंड स्कॉट, अदानी लॉजिस्टिक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां संचालित हैं। इन उद्योगों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी, तकनीकी विशेषज्ञ, कारोबारी और अधिकारी आते-जाते हैं, लेकिन पर्याप्त रेल सुविधाएं उपलब्ध न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने मांग की कि ट्रेन संख्या 12583/12584 लखनऊ आनंद विहार डबल डेकर, 22545/22546 लखनऊ देहरादून वंदे भारत, 19269/19270 पोरबंदर मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 12237/12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस तथा 15043/15044 लखनऊ-काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस का हरदोई स्टेशन पर नियमित ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

## शंकराचार्य का फूल मालाओ से स्वागत किया



**माधोगंज।** बस स्टॉप चौराहे पर बेनीगंज जाते समय शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का नगर की जनता ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कस्बे के बस स्टॉप चौराहे पर रविवार की शाम साढ़े चार बजे बिलग्राम से बेनीगंज जा रहे वेनेटरी वैन से जा रहे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का काफिला पहुँचते ही नगरविसियो ने फूलमालाओं से स्वागत किया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने उपस्थिति जनसमुदाय से कहा कि आने वाले चुनाव में जो गो माता को दर्जा दिलाने व उनकी हत्याओं को रोकने की बात करे उसे अपना वोट दे। आने वाले विधान सभा चुनाव में आपके दरवाजे जो भी प्रत्याशी वोट मांगने जाय उससे ये वादा ले नही तो उसे अपने दरवाजे पर मत आने दे। शंकराचार्य के काफिले के साथ कांग्रेस के सूभाष पाल, समाजवादी पार्टी के पद्मराग पम्मू, ब्रजेश टिल्लू चल रहे थे सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। कुछ देर के लिए चौराहे पर बिलग्राम, मल्लावा, कन्नौज बघोली रोड पर जाम लग गया। शंकराचार्य के काफिले के निकलने के बाद चौराहे पर मौजूद पुलिस ने यातायात बहाल कर मार्ग को खुलवाया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 241 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया।

मेले में कुल 241 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 57लोगो का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 45,पीएचसी बरौधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 47 पीएचसी ड्रमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 49 लोग पीएचसी मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 43 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई।इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रही।

# जनपद के वार्ड नं0 4 रमईपट्टी में स्थित जर्जर मकान से कोई बड़ी अनहोनी की घटना

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** जनपद के वार्ड नं0 4 रमईपट्टी में जर्जर मकान जो लगभग 80 वर्ष पूर्व बना है। इस समय यह मकान एकदम से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मकान से सटे हुए कई लोगों के मकान बने हुए है और उसके दोनो तरफ आने जाने के लिए गली है अगर यह मकान बरसात को नही झेल पाया तो कोई बड़ी अनहोनी होने की संभावना है।

सूत्रो की माने तो यह मकान लगभग 80 वर्ष पूर्व बना हुआ है जो पूरी तरह से जर्जर एवं जीर्ण क्षीर्ण अवस्था में आ गया है। मोहल्ले वासियों ने कई बार नगर पालिका परिषद मीरजापुर को इसको लेकर प्रार्थना पत्र दिया लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई इससे मोहल्लेवासी परेशान है। इस मकान के दोनो तरफआने जाने के लिए गली है। अगर इस बरसात में यह गिर जाता है तो कोई बड़ी अनहोनी होने की पूरी आशंका है। इस मकान से सटे हुए जो भी मकान है उनको भी डर बना रहता है बरसात के समय रात को ठीक से सो नही पाते है, हमेशा भय से साये में रहते है। मोहल्लेवासियों की मॉग है कि नगर पालिका परिषद मीरजापुर ध्यान देकर इस मकान को समय से जमींदोज करवा दे तो कोई बड़ी अप्रिय घटना होने व जनहानि से बचा जा सकता है।



# तेज आंधी-बारिश से सब स्टेशन के सभी फीडर बंद, क्षेत्र में बत्ती गुल

**स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर रविवार को तेज आंधी व बारिश के कारण एहतियातन सभी फीडरों की सप्लाई बंद कर दी गई। इससे हलिया क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई।

विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों के अनुसार तेज हवा व बारिश में तार टूटने, पेड़ गिरने व फॉल्ट की आशंका बढ़ जाती है। जनहानि रोकने के लिए सभी फीडरों को शटडाउन किया गया है। विभाग ने बताया कि मौसम साफ होने व लाइन पेट्रोलिंग के बाद ही सप्लाई चालू की जाएगी। लाइन में फॉल्ट मिलने पर उसे ठीक करने के बाद ही बिजली बहाल होगी।बारिश व आंधी से क्षेत्र के हलिया, मटिहरा, राजपुर, बेलगवा, बरौही सहित आसपास के गांवों में अंधेरा छा गया है। उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।विद्युत विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश में बिजली के खंभों, तारों व ट्रांसफार्मर से दूर रहें। किसी भी फॉल्ट की सूचना तत्काल सब स्टेशन पर दें।

# पेट्रोल में गड़बड़ी, दुर्जनीपुर पंप पर भड़के वाहन मालिक जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बोतल में पेट्रोल लेकर नाप करने पर आधे से भी कम पेट्रोल मिलने का वीडियो वायरल होने के बाद वाहन मालिकों में भारी आक्रोश है। बोतल में चेक किया तो खुली पोल एक वाहन मालिक ने शिकायत के बाद पंप से बोतल में पेट्रोल लेकर खुद जांच की।

आरोप है कि तय मात्रा से लगभग आधा पेट्रोल ही मिला। बाकी मात्रा में मिलावट की आशंका जताई जा रही है। वाहन मालिक ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गाड़ियों में आ रही खराबी पीड़ित वाहन मालिक का कहना है कि पंप से पेट्रोल डलवाने के बाद गाड़ियों में मिसिंग, झटके लगने व इंजन बंद होने जैसी शिकायतें आ रही हैं। इससे रोजाना दर्जनों वाहन मालिक परेशान हो रहे हैं। आशंका है कि पेट्रोल में मिलावट या नाप-तौल में हेरफेर किया जा रहा है। वीडियो हुआ वायरल घटना का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोग पंप संचालक पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि महंगा पेट्रोल खरीदने के बाद भी ठगी का शिकार होना पड़ रहा है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग स्थानीय लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी व बांट-माप विभाग से पंप की जांच कराने की मांग की है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र का यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।फिलहाल पंप संचालक की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है।प्रशासन का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बेलगवा गांव निवासी ब्रजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।समझौते के बहाने घर में घुसे ब्रजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कोरांव गांव के निरंजन कुमार अपने साथियों तराव प्रयागराज निवासी रामकृष्ण, हरिकृष्ण व कोरांव निवासी चंद्रकांत विश्वकर्मा उर्फ घनश्याम के साथ बीते शुक्रवार को घर आए। सभी पुराने विवाद में समझौता कराने की बात कहने लगे। भाई से कहासुनी, फिर पिटाई इसी दौरान भाई मिथलेश से कहासुनी हो गई। आरोप है कि चारों ने मिलकर भाई मिथलेश की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा मामले में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मीरजापुर वन विभाग में 'ट्रांसफर एक्सप्रेस' पुराने मठाधीशों को अभयदान, नए कर्मचारियों पर गिरी गाज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी तबादला नीति को मीरजापुर वन विभाग की ताजा ट्रांसफर लिस्ट ने कठघरे में खड़ा कर दिया है। डीएफओ राकेश कुमार प्रजापति के कार्यालय से जारी सूची को लेकर विभाग में भारी असंतोष है। आरोप है कि तबादलों में पिक एंड चूज फॉर्मूला अपनाकर चहेतों को बचाया गया और सीधे-सादे कर्मचारियों को निशाना बनाया गया। 20 साल से जमे अंगद को अभयदान चर्चा है कि कई कर्मचारी बीस साल से एक ही रेंज व बीट में अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं। तबादला नीति के तहत 3 साल से अधिक समय से जमे कर्मियों का स्थानांतरण होना था, लेकिन रसूखदारों को सूची से बाहर रखा गया। विभाग के भीतर इसे 'ट्रांसफर सिंडिकेट' का नाम दिया जा रहा है। नए-नवेले कर्मियों पर सर्जिकल स्ट्राइक आरोप है कि जिन कर्मचारियों की तैनाती को 1-2 साल ही हुए हैं, उन्हें दूरस्थ व दुर्गम बीटों में भेज दिया गया। वहीं लंबे समय से मलाईदार जगहों पर तैनात मठाधीशों को छुआ तक नहीं गया। इससे ईमानदार कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उठे संगीन सवाल नीति की अनदेखी शासन की 3 वर्षीय स्थानांतरण नीति का पालन क्यों नहीं हुआ चयन का आधार किस आधार पर कुछ लोगों को अभयदान और कुछ को सजा दी गई रसूख का खेल क्या रसूखदारों के आगे विभाग नतमस्तक है पीड़ितों ने खोला मोर्चा तबादले से प्रभावित कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की तैयारी शुरू कर दी है। नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने कहा कि यह तबादला नहीं, चुन-चुन कर प्रताड़ना है। पुराने लोगों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि डीएफओ कार्यालय भी उनके आगे बेबस दिखता है।ष् विभाग में सुलगी असंतोष की आग सूची सार्वजनिक होने के बाद वन महकमे में चर्चा है कि यह कार्रवाई पारदर्शी नहीं बल्कि एकतरफा है। पीड़ित कर्मचारी शासन स्तर पर गुहार लगाने की बात कह रहे हैं।इस मामले में डीएफओ राकेश कुमार प्रजापति का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। यदि तबादला सूची में संशोधन नहीं हुआ तो विभाग में विरोध और तेज होने के आसार हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की बस निर्धारित रूट के विपरीत दौड़ रही, ग्रामीणों में नाराजगी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत आवंटित हलिया-मीरजापुर मार्ग पर संचालित बस निर्धारित रूट के विपरीत चलाई जा रही है। इससे योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। 13 अप्रैल को मिला था परमिट सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, मीरजापुर डिपो द्वारा 13 अप्रैल 2026 को संदीप कुमार को वाहन संचालन की अनुमति दी गई थी। पत्र के अनुसार बस को हलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलहटा, परसिया कला, फुलियारी, देवरी, पिपरा, बैद्या मोड, सोनगढ़ा, अदवा कालोनी, बंजारी, पवारी, गड़बड़ा पुल, रतेह चौराहा, ड्रमडगंज होते हुए लालगंज ब्लॉक के बरौधा, बबुरा, लालगंज, लहंगपुर व सिटी ब्लॉक के करनपुर, समोगरा से शीतला मंदिर मीरजापुर तक चलना था। कुल दूरी लगभग 92 किमी तय की गई। नियमों की उड़ाई धज्जियां बस संचालक द्वारा अनुमोदित रूट के बजाय मनमाने तरीके से बस चलाई जा रही है। इससे सिलहटा, परसिया कला, फुलियारी, देवरी, पिपरा समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण लाभ से वंचित हैं। छात्रों, मरीजों व दैनिक यात्रियों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जताई आपत्ति स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ना था। लेकिन संचालक की मनमानी से शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों ने डीएम व एआरएम से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।निगम ने दिए जांच के संकेत मामले की जानकारी पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने कहा कि निर्धारित रूट से हटकर बस संचालन गंभीर अनियमितता है। संबंधित मार्ग पर चेकिंग कराकर संचालक के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परमिट निरस्त करने तक की कार्यवाही हो सकती है।

# करोड़ों के निर्माण कार्य, लेकिन जनता से छिपी जानकारी!

**स्वतंत्र भारत मऊ।** नगर पंचायत अमिला में सार्वजनिक धन से कराए जा रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पंचायत के 15 वार्डों में हजारों, लाखों और करोड़ों रुपये की लागत से सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग समेत विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल के लगभग तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद किसी भी निर्माण स्थल पर सूचना पट्ट (डिस्प्ले बोर्ड) नहीं लगाया गया है। इससे आम नागरिक यह जानने से वंचित हैं कि किस कार्य पर कितनी धनराशि खर्च हो रही है, किस एजेंसी को कार्य मिला है और निर्माण किस मानक के अनुरूप कराया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों अनिल, प्रेमचंद, कमलेश, जगदीश, बेचू, सुभाष चंद, मिलन, अरविंद, अवधेश, जाहिरुल हक, कमला यादव, सुरेश, दुर्गेश और पिंटू सहित अन्य लोगों का कहना है कि अधिकांश निर्माण स्थलों पर कार्य का नाम, स्वीकृत लागत, निर्माण एजेंसी, कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि, प्रयुक्त निर्माण सामग्री तथा निर्माण की लंबाई या सीमा संबंधी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में यह पता लगाना मुश्किल है कि कार्य स्वीकृत मानकों के अनुसार हो रहा है या नहीं।नगरवासियों का कहना है कि सूचना पट्ट न होने से विकास कार्यों की सामाजिक निगरानी लगभग समाप्त हो गई है। आम जनता यह भी नहीं जान पा रही कि सड़क या नाली का निर्माण आखिर किस बिंदु से किस बिंदु तक स्वीकृत है। इससे कार्यों की गुणवत्ता, मात्रा और सरकारी धन के उपयोग पर सवाल उठना स्वाभाविक है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निर्माण कार्यों की मूलभूत जानकारी ही सार्वजनिक नहीं होगी तो पारदर्शिता और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी। उनका आरोप है कि सूचना सार्वजनिक न होने से नागरिकों के लिए कार्यों की निगरानी करना लगभग असंभव हो गया है।नगरवासियों ने मांग की है कि सभी निर्माण स्थलों पर तत्काल निर्धारित मानकों के अनुरूप सूचना पट्ट लगाए जाएं, जिन पर कार्य का पूरा विवरण अंकित हो, ताकि जनता स्वयं विकास कार्यों की गुणवत्ता और खर्च की निगरानी कर सके।


**आवश्यक सूचना**

मैं **संगीता चित्तोडिया पत्नी श्री अवनीश चित्तोडिया निवासी 168 आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद उ.प्र.** की हूँ। मेरे शैक्षिक प्रपत्रों पर मेरा नाम समता रानी दर्ज है जो कि मेरा विवाह पूर्व नाम था विवाह पश्चात् मेरा नाम बदलकर संगीता चित्तोडिया हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड पर भी है। अब से मुझे संगीता चित्तोडिया के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जाये।

**संगीता चित्तोडिया**

सी.आर.- 661/D-


# एआरटीओ की चेकिंग में दो वाहन सीज, अवैध संचालन पर कसा शिकंजा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** आरटीओ राजेश्वर यादव ने शनिवार को हलिया-बड़ौही मार्ग पर चलाए गए चेकिंग अभियान में बड़ी कार्रवाई की। वैध कागजात न मिलने पर लकड़ी लदी एक पिकअप और एक टिपर वाहन को मौके पर ही सीज कर दिया गया। थाने में खड़े कराए गए वाहन दोनों सीज वाहनों को हलिया थाने में खड़ा कराया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने दो वाहनों के सीज होने की पुष्टि की है। अवैध वाहनों के संचालकों में मचा हड़कंप एआरटीओ की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित वाहनों के चालकों में हड़कंप मच गया है।

बिना फिटनेस, परमिट व बीमा के दौड़ रहे वाहन चालक रास्ते बदलते नजर आए। लगातार जारी रहेगा अभियान परिवहन विभाग के अनुसार ओवरलोडिंग, बिना कागजात व अवैध संचालन के खिलाफ चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन मालिकों पर जुर्माने के साथ वाहन सीज की कार्रवाई की जाएगी।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम वाकीब समशाद अहमद (WAKIB SAMASHAD AHEMAD) पुत्र समशाद अहमद है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0-916111429010 में उसका नाम वाकीब समशाद अहमद (WAKIB SAMASHAD AHMAD) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम वाकीब समशाद अहमद (WAKIB SAMASHAD AHEMAD) पुत्र समशाद अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

**समशाद अहमद पुत्र - त्रिलोकी, पता:78, शेखपुर सुतौली शाहगंज, गौसपुर,जौनपुर उ0प्र0 223104**

सी.आर.- 657/D-

स्वतंत्र भारत

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मैं वैष्णवी सिंह पुत्री मनोज कुमार सिंह, निवासी सुम्बाबाग, संडीला, हरदोई, उत्तरप्रदेश सूचित करती हूं कि मेरी ICSE कक्षा 10 की मूल अंकतालिका वर्ष 2020 खो गई है।

**विवरण**

UID NO. 7091502

INDEX NO.1207654/028

ISSUED BY. CISCE NEW DELHI

सेंट थेरेसा स्कूल, संडीला

उपरोक्त अंकतालिका किसीको मिले तो उपरोक्त पते पर वापस करदें । मैं डुप्लीकेट अंकतालिका का आवेदन कररही हूं।

संपर्क-9198543333

सी.आर.- 659/D-50

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या-03, खसरा संख्या-160 एवं 157 (जानकी विहार) ग्राम- रामपुर निसफ, परगना-महोना, तहसील-बक्शी का तालाब, जिला-लखनऊ रकबा 1950 वर्गफुट से सम्बन्धित रजिस्ट्री की मूल प्रति दिनांकित 25/05/2004 बही संख्या-1, जिल्द संख्या-776, पृष्ठ संख्या-249/266, क्रमांक संख्या 1883/04, जिसे अन्जू गुप्ता ने जरिये बैनामा विनय त्रिपाठी से क्रय किया था, वह सुधा शुक्ला पत्नी स्व0 त्रिभुवननाथ शुक्ला, निवासिनी 645 ए/463 जानकी विहार कालोनी, जानकीपुरम, लखनऊ से कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह नीचे दिये पते व फोन नम्बर पर सम्पर्क कर 15 दिन के अन्दर उपरोक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में अपना दावा आदि पेश कर सकता है। यदि इस सम्बन्ध में कोई दावा 15 दिन के अन्दर नहीं आता है तो उक्त सम्पत्ति पाक साफ समझी जायेगी। द्वारा अधिवक्ता सौरभ चन्द्रा एडवोकेट, एल0आई0सी0 हा0 फा0 लि0, प्रथमतल, शिवानी प्लाजा, 2/54, विजयखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ। मो0-09415086962 व ऑफिस फोन न0- 0522-2392358, 2398255.

सी.आर.- 658/L



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता नलकूप मण्डल सीतापुर**

पत्रांक: 2647 /न0म0सी0/ई–निविदा, दिनांक : सीतापुर: 30–06–2026

**ई–निविदा सूचना संख्या–01/न0म0सी0/निविदा/2026–27, दिनांक–**

[illegible]

http://etender.up.nic.in [illegible]

[illegible]

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | First class brick lining work with 100% new brick and cement pointing on both side wall and cc work on canal bed and all required work at Nandi main feeder drainage (565.00 mtr to 1390.00 mtr) including all cost of material, labour, tool and plant etc. All work should be done as per drawing and BOQ of the project at Nandi pump canal in district Amethi. | 78.69 | 1.57 | 120 Days | [illegible] | [illegible] |

[illegible] http://etender.up.nic.in [illegible] http://information.up.nic.in [illegible] http://irrigation.up.nic.in [illegible] www.idup.gov.in [illegible]

(संदीप कटेरिया)
अधीक्षण अभियन्ता
नलकूप मण्डल सीतापुर

उ0प्र0 253305 दिनांक- 03.07.2026
Website: www.upgov.nic.in


# चकबंदी के पत्थर के पास बाउंड्री बनाने पर मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में चकबंदी विभाग के पत्थर के पास शौचालय व बाउंड्री बनवाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने हलिया थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । तहरीर के अनुसार अशरफ अली पुत्र जब्बार अली निवासी ग्राम राजपुर, थाना हलिया ने बताया कि वह चकबंदी विभाग द्वारा गड़वाए गए पत्थर के अंदर शौचालय व बाउंड्री बनवा रहा था। आरोप है कि 4 जुलाई को सुबह 9 बजे अली अहमद पुत्र सत्तार, मीर अहमद व असगर अली पुत्रगण अली अहमद तथा खुशबुन्नीशा पत्नी अशगर अली निवासी राजपुर, थाना हलिया लाठी-डंडा लेकर उसकी बाउंड्री में घुस आए।तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। हमले में अशरफ अली का मस्तक फट गया और शरीर में अन्य जगह भी चोटें आई हैं। पीड़ित ने थानाध्यक्ष हलिया से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज मर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है । जमीन संबंधी विवाद में मारपीट की घटनाएं क्षेत्र में बढ़ रही हैं।

# चोरी का आरोप, पीड़िता ने गांव के दो लोगों पर लगाया आरोप; एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं

**स्वतंत्र भारत बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रोलिया में गर्भवती भैंस चोरी होने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने गांव के ही दो लोगों पर भैंस चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं घटना के एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई न होने का आरोप लगाकर न्याय की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मिश्रोलिया निवासी सुनीता, पत्नी राम विलास यादव ने 26 जून को ढेबरुआ थाना प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी गर्भवती भैंस को प्रतिदिन की तरह घर के बगल स्थित घारी में बांध रखा था। जब बाद में देखा तो भैंस वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला।

पीड़िता ने अपनी तहरीर में गांव के ही दो लोगों पर भैंस चोरी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तहरीर दिए हुए करीब एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे परिवार चिंतित और परेशान है।

पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरी गई भैंस बरामद कराने की मांग की है।

इस संबंध में ढेबरुआ प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद का कहना है की तहरीर मिली है दोनो पक्षों को बुलाया गया है द्य मामले की जॉच की जा रही है।

# शिव मंदिर के पास युवक का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबारी में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब शिव मंदिर के पास एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर मधुबन थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए।मृतक की पहचान प्रियांशु पुत्र मनोज गुप्ता (22) वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रियांशु तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह चाय-पकौड़ी की दुकान पर हलवाई का काम सीखने के साथ वहीं काम भी करता था। उसके बड़े भाई विशाल और प्रिंस भी हलवाई का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।परिजनों के अनुसार करीब 12 वर्ष पूर्व प्रियांशु की मां का निधन हो गया था। परिवार में पिता मनोज गुप्ता मजदूरी कर किसी तरह घर का खर्च चलाते हैं। मृतक की तीन बहनें हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है, जबकि दो बहनें अभी अविवाहित हैं। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है।फिलहाल युवक द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच कर रही है।मधुबन थाना प्रभारी कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने में लगी है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# गंगऊपुर मेन रोड पर पेड़ गिरने से घंटों जाम, मार्ग से हटाया गया पेड़

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** तेज आंधी और बारिश के दौरान गंगऊपुर मेन रोड पर एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। पेड़ गिरने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों और संबंधित टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया। पेड़ हटने के बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।


स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# खामेनेई के जनाजे में ट्रंप को लेकर उग्र नारे

**तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के जनाजे के दौरान रविवार को माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। राजधानी

- अमेरिकी राष्ट्रपति को जान से मारने की खुली मांग भी हुई
- क्या अमेरिका-ईरान में बढ़ेगा तनाव?

तेहरान में जुटे लाखों लोगों के सामने एक कलाकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की खुली मांग कर दी। युद्ध की विभीषिका झेल रहे ईरान में किसी मंच संचालक की ओर से ट्रंप की मौत का यह पहला सीधा आह्वान है। इस दौरान पूरी राजधानी में ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को मारने की मांग वाले पोस्टर और भित्तिचित्र दिखाई दिए। यह उग्र मांग ऐसे समय में आई है जब तेहरान और अमेरिका के बीच युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करने के लिए बातचीत चल रही थी। इस युद्ध के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है।



लाउडस्पीकर पर भीड़ को संबोधित करते हुए कवि मोहम्मद रसूली ने ट्रंप को लेकर तीखा सवाल दागा। रसूली ने पूछा कि दुनिया का सबसे दुष्ट आदमी अब तक जिंदा क्यों है? इस सवाल पर वहां मौजूद लाखों लोगों की भीड़ ने जोरदार नारे लगाए। इसके बाद जब रसूली ने कहा कि दुनिया अब ट्रंप के लिए सुरक्षित जगह नहीं बची है, तो भीड़ ने दोबारा इसका समर्थन किया। भीड़ लगातार अमेरिका की मौत! और इस्राइल की मौत! के नारे लगा रही थी। बाद में 97 वर्षीय शिया धर्मगुरु अयातुल्ला जफर सुभानी ने तेहरान की ग्रैंड मोसल्ला में प्रार्थना का नेतृत्व किया। इस दौरान खामेनेई के बेटे मसूद, मीसम और मुस्तफा वहां मौजूद थे। प्रार्थना में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल अहमद वाहिदी भी शामिल हुए। इनके साथ कुद्स फोर्स के प्रमुख इस्माइल कानी भी मौजूद थे।

**नहीं दिखे नए सर्वोच्च नेता**

इस पूरे आयोजन से ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई गायब रहे। वह भी दिवंगत खामेनेई के बेटे हैं। माना जा रहा है कि वह किसी गुप्त स्थान पर छिपे हैं। वह उस हवाई हमले में घायल हो गए थे जिसमें उनके पिता की मौत हुई थी। इस्राइल ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दे रखी है। अयातुल्ला अली खामेनेई दशकों तक ईरान के शासक रहे। इस साल 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में हुए एक हवाई हमले में 86 वर्ष की आयु में उनकी मौत हो गई थी। युद्ध के कारण उनके जनाजे में देरी हुई। इस आयोजन से देश के नए नेतृत्व को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिला है।

## इसलिए खोदी जा रहीं तीन हजार कब्रें

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के जनाजे को लेकर एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। जर्मनी के अखबार डाइ वेल्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी प्रशासन ने जनाजे के दौरान संभावित बड़े हादसे से निपटने के लिए विशेष आपातकालीन योजना तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, लाखों लोगों की संभावित भीड़, भीषण गर्मी और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए 1,500 से 3,000 लोगों की मौत तक की सबसे खराब स्थिति का आकलन किया गया है। हालांकि, ईरान सरकार ने इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ईरान में शनिवार से शुरू हुए जनाजे के कार्यक्रम कई दिनों तक अलग-अलग शहरों में चलने हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी और राष्ट्रीय संकट प्रबंधन संगठन ने कथित तौर पर प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा को एक गोपनीय पत्र भेजा है। इसमें सबसे खराब स्थिति में 1500 से 3000 लोगों की मौत की आशंका जताई गई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रशासन ने लापता लोगों और संभावित मृतकों से निपटने के लिए अलग टास्क फोर्स बनाई। हालांकि, इस कथित दस्तावेज को ईरान सरकार ने सार्वजनिक नहीं किया है।

# ईरान का बाकी बचा नेतृत्व भी खत्म हो सकता है : ट्रंप

## लेकिन हम बातचीत करना चाहते हैं



**वॉशिंगटन।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक और बड़ा बयान दिया। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका चाहे तो ईरान के बचे हुए शीर्ष नेतृत्व को एक ही हमले में खत्म कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं किया जाएगा, क्योंकि फिर बातचीत करने के लिए कोई नहीं बचेगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सभी बड़े नेता एक जगह मौजूद हैं और अमेरिका चाहे तो एक ही हमले में उन्हें निशाना बना सकता है। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा, क्योंकि उसके बाद समझौते या बातचीत का रास्ता बंद हो जाएगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान समझौता करना चाहता है और दोनों पक्षों ने खामेनेई के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने तक एक सप्ताह के लिए बातचीत और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनाई है। उनके मुताबिक इस दौरान कोई पक्ष एक-दूसरे पर हमला नहीं करेगा। अंतिम संस्कार के दौरान ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची भावुक दिखाई दिए और उनकी आंखों में आंसू भी नजर आए। इस पर ट्रंप ने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें लगा था कि ईरान की जनता खामेनेई से नफरत करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि ये आंसू असली नहीं बल्कि दिखावे के हों। ट्रंप ने इससे पहले भी कहा था कि अमेरिका ने ईरान को अंतिम संस्कार के लिए एक सप्ताह का समय दिया है और अब वह समझौते की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

## एक नजर

### गाजा-लेबनान में इस्राइल की कार्रवाई पर भड़के पेजेशकियन

अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को घेरा

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार (स्थानीय समय) को पश्चिम एशिया में इस्राइल की कार्रवाइयों की निंदा की। उन्होंने अमेरिका पर इस्राइल को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बुद्धिजीवियों, वैज्ञानिकों और प्रभावशाली लोगों की निशाना बनाकर हत्याएं की गई हैं। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेशकियन तेहरान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इमाम खामेनेई; द इंटरनल लीडर ऑफ रेजिस्टेंस में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रभाव पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं मानवाधिकारों की रक्षा का दावा करती हैं। लेकिन ऐसी घटनाओं को रोकने में विफल रही हैं। पेजेशकियन ने कहा, अगर इस्लामी देश मिलकर काम करें तो गाजा, लेबनान और फलस्तीन में संघर्ष और मानवीय संकट को रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस्लामी संप्रदायों और जातीय समूहों में विभाजन बाहरी ताकतों को क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का मौका देता है।

### आजादी का जश्न छोड़ मुस्लिम जलसे में पहुंची ममदानी की पत्नी

अमेरिका में मचा है बवाल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी एक तरफ जहां अमेरिका के 250वें स्थापना दिवस के आधिकारिक कार्यक्रमों में मशगूल हैं, वहीं उनकी पत्नी रमा दुवाजी का स्पेन में होना नई राजनीतिक बहस छेड़ चुका है। यह सवाल हर किसी के जहन में है कि क्या देश के सबसे बड़े जश्न के दौरान उनका विदेश में रहना महज एक इत्तेफाक है, या फिर इसके पीछे कोई गहरी मंशा छिपी है? खबर है कि अमेरिका 250 के समारोहों से ठीक पहले, सीरियाई-अमेरिकी कलाकार रमा दुवाजी को नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखा गया था। वह स्पेन के पाल्मा, मैलोर्का की उड़ान भर रही थीं। मेयर जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क में ही रहकर पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश के साथ सुरक्षा ब्रीफिंग और सेल250 परेड जैसे आयोजनों की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं, उनकी पत्नी का प्रमुख राष्ट्रीय पर्व के दौरान देश से बाहर रहना पर बवाल शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रमा दुवाजी द वूमेंस सैंक्चुअरी की ओर से आयोजित प्लांट्स ऑफ द कुरान नामक रिट्रीट में हिस्सा ले रही हैं। यह कार्यक्रम बुधवार से सोमवार तक चलेगा। वे न केवल इस रिट्रीट की होस्ट हैं, बल्कि इसकी आर्टिस्ट इन रेजिडेंस भी हैं। इतना ही नहीं, वह नी से 14 जुलाई तक फांस के कोर्सिका में मैरी इन द कुरान रिट्रीट में भी शामिल होंगी। सोशल मीडिया पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उन्हें इसी समय का चुनाव क्यों करना पड़ा? पीओके में बढ़ा पाक सरकार का विरोध

### विदेशों में बसे कश्मीरियों से प्रदर्शन की अपील

**रावलाकोट।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलाकोट में सेना और सरकार के खिलाफ एक सभा में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। यहां अधिवक्ता मेहराह ख्वाजा ने पाकिस्तान की सेना पर निर्दोष नागरिकों की हत्या का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने विदेशों में रह रहे कश्मीरियों से पांच जुलाई को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए ख्वाजा ने कहा कि किसी भी कानून के तहत सेना को किसी की हत्या करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि अगर वह बातचीत और सार्थक संवाद करने में सक्षम नहीं है तो उसे पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने ब्रिटेन में रहने वाले कश्मीरी समुदाय से पांच जुलाई को बड़े स्तर पर प्रदर्शन आयोजित कर पाकिस्तान की कार्रवाई की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करने की अपील की।

## पाक के डिप्टी पीएम की कुर्सी खतरे में!

इशाक डार का पोता गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार की कुर्सी पर बड़ा संकट आ गया है। उनके पोते रजा डार को एक बेहद संगीन मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नीदरलैंड और वेनेजुएला की दो महिलाएं 29 जून को लाहौर पहुंचीं। रजा डार से उनकी मुलाकात पिछले साल सिंगापुर में हुई थी। दोनों एक बड़े क्रिप्टो प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे थे। रजा ने ही उन्हें बिजनेस वीजा पर पाकिस्तान बुलाया था। लेकिन जैसे ही वे लाहौर पहुंचीं, उनके ठिकाने पर हथियारबंद लोगों ने धावा बोल दिया। उन्होंने क्रिप्टो, कंप्यूटर और उसके पासवर्ड की मांग की। सीनेटर फैसल वावडा ने सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। वावडा का कहना है कि पुलिस इस मामले को सिर्फ रंगदारी का केस बनाना चाहती है। वहीं, पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को बताया कि उन्हें एक कमरे में ले जाकर दो लोगों ने उनका यौन उत्पीड़न किया, जबकि एक आदमी बंदूक लेकर पहरा दे रहा था। वावडा ने तंज कसते हुए पूछा है कि क्या पाकिस्तान एक पारिवारिक निगम की तरह चलाया जा रहा है? जिस देश को विदेशी निवेश की सख्त जरूरत है, वहां ऐसी घटनाएं दुनिया को क्या संदेश देंगी? क्या अब कोई विदेशी नागरिक पाकिस्तान जाने की हिम्मत जुटा पाएगा?

### कांगो में नाव डूबी, 20 मरे

**कांगो।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो में राज्य स्तरीय परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों को ले जा रही एक नाव शुक्रवार को नदी में डूब गई। अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह नाव कसाई प्रांत में संकुरू और कसाई नदियों के संगम क्षेत्र में प्रवेश करते समय डूब गई। कांगो में नाव हादसे आम हैं। देर रात यात्रा, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना, कमजोर सुरक्षा व्यवस्था और दूरदराज के इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी के कारण पिछले कुछ वर्षों में ऐसे हादसों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है।

# चीन के हथियारों का 'गेटवे' बना पाकिस्तान

## रिपोर्ट में चार अरब डॉलर के रक्षा सौदे का दावा



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका स्थित थिंक टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन, पाकिस्तान को पश्चिम एशिया और अफ्रीका के रक्षा बाजार में प्रवेश के 'गेटवे' के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और लीबियाई नेशनल आर्मी के बीच प्रस्तावित 4 अरब डॉलर से अधिक का रक्षा सौदा इसी रणनीति का हिस्सा है। चीन अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल एक माध्यम के रूप में कर रहा है। अमेरिका स्थित थिंक टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और लीबियाई नेशनल आर्मी के बीच 16 जेएफ-17 लड़ाकू विमानों, प्रशिक्षण विमानों और अन्य सैन्य उपकरणों से जुड़ा 4 अरब डॉलर से अधिक का रक्षा सौदा इसी रणनीति का अहम उदाहरण माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संभावित रक्षा सौदा लीबिया पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध को कमजोर कर सकता है। इसके अलावा, इससे देश के आंतरिक संघर्ष का सैन्य संतुलन बदलने और पूरे क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। थिंक टैंक के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान और चीन के बीच रक्षा, सुरक्षा और खुफिया सहयोग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2024 के बीच पाकिस्तान के कुल हथियार आयात में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी चीन की रही। यह पाकिस्तान की बढ़ती निर्भरता और उसके रक्षा क्षेत्र में चीन की मजबूत होती पकड़ को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान अब भी अमेरिकी मूल के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करता है और समय-समय पर अमेरिका से सैन्य सहायता भी प्राप्त करता है। इसके बावजूद उसकी सैन्य क्षमता का बड़ा हिस्सा अब चीनी हथियारों पर आधारित हो चुका है। पाकिस्तान, चीन के साथ संयुक्त रूप से विकसित जेएफ-17 लड़ाकू विमान, चीनी ड्रोन, एचक्यू-9 वायु रक्षा प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरणों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

# 'पश्चिम एशिया में मध्यस्थता पर भारत-पाक की तुलना अनुचित'

**बीजिंग।** चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराइस्वामी ने पश्चिम एशिया में मध्यस्थता को लेकर भारत और पाकिस्तान की तुलना को खारिज करते हुए इसे अनुचित बताया। उन्होंने साफ कहा कि देशों को यह खुद तय करना चाहिए कि किसी विवाद में मध्यस्थता करना उनके हित में है या नहीं। पाकिस्तान से तुलना पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों की आर्थिक स्थिति और वैश्विक भूमिका खुद ही अंतर दिखाती है। भारत की वैश्विक भागीदारी को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश यूरोप और एशिया के साथ मजबूत आर्थिक संबंध रखता है। इस दौरान उन्होंने शांति और सुरक्षा के मुद्दों पर भारत की सक्रिय भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी संघर्ष में मध्यस्थता करने को लेकर सावधानी बरतता है। राजदूत ने कहा कि अभी का वैश्विक माहौल पहले से ही काफी तनाव पूर्ण है, ऐसे में मध्यस्थता से भारत को कोई खास लाभ नहीं दिखता। उन्होंने यह भी बताया कि भारत पहले कुछ मामलों में अपनी भूमिका निभा चुका है। बीजिंग में विश्व शांति मंच के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चीन और भारत का रुख कई अंतरराष्ट्रीय संकटों पर काफी समान है। चाहे पश्चिम एशिया हो या यूरोप, दोनों देश सीधे मध्यस्थ बनने से बच रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन सिंघुआ यूनिवर्सिटी ने किया था।

# रूसी तेल टर्मिनल पर यूक्रेन का हमला

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन ने एक बार फिर रूस के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है। शनिवार को यूक्रेनी ड्रोन

- जेलेंस्की ने कहा- दुश्मन के युद्ध मशीन को कर रहे कमजोर

हमले में रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग के एक तेल टर्मिनल पर हमला हुआ। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला शहर के कीरोव्स्की जिले में हुआ, जहां बाल्टिक सागर के किनारे तेल टर्मिनल स्थित है। सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेग्लोव के मुताबिक, रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने शहर और आसपास के इलाकों में 72 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। हालांकि तेल टर्मिनल को नुकसान पहुंचा है, लेकिन अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं दी गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को रूस के खिलाफ लॉन्ग-रेंज सैंक्शंस यानी लंबी दूरी की कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने केवल तेल टर्मिनल ही नहीं, बल्कि सेंट पीटर्सबर्ग के पास स्थित क्रोनस्टाट द्वीप पर मौजूद एक अहम सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की तेल अवसंरचना से मिलने वाला पैसा उसकी युद्ध मशीन को मजबूत करता है, इसलिए ऐसे ठिकानों पर हमले किए जा रहे हैं।

# अमेरिका में मनाया गया आजादी के 250 साल का जश्न

## ट्रम्प बोले- अमेरिका को कम्युनिज्म नहीं चाहिए, हमने इसके खिलाफ दुनियाभर में जंग लड़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को आजादी के 250 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस मौके पर देशभर में भव्य समारोह आयोजित किए। मुख्य कार्यक्रम वॉशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल में हुआ, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। बारिश और आंधी-तूफान के कारण कार्यक्रम में देरी हुई, लेकिन मौसम साफ होने के बाद समारोह शुरू हुआ। अपने संबोधन में ट्रम्प ने कम्युनिज्म पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हम अपने देश में कम्युनिस्टों को नहीं चाहते। कम्युनिज्म हमेशा हारता आया है और आगे भी हारेगा। यह अमेरिकी व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों ने दुनिया भर में कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ताकि यह विचारधारा कभी अमेरिका के भीतर जगह न बना सके। भाषण के बाद नेशनल मॉल में करीब 40 मिनट तक रिकॉर्ड आतिशबाजी हुई। इस दौरान 8.5 लाख से ज्यादा फायरवर्क्स हुए। व्हाइट हाउस ने इसे अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा स्वतंत्रता दिवस फायरवर्क शो बताया। वॉशिंगटन डीसी में हुई आतिशबाजी में 8.5 लाख गोले दागे गए। यह करीब 40 मिनट तक चली। देश के सभी 50 राज्यों में परेड, एयर शो, कॉन्सर्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। न्यूयॉर्क में जहाजों की परेड निकली, जिसमें भारत समेत दुनिया भर से आए जहाज शामिल हुए। फिलाडेल्फिया में टाइम कैप्सूल जमीन में दफन किया गया। इसे 250 साल बाद खोला जाएगा। इसमें आईफोन, कोका-कोला समेत सभी राज्यों के आम लोगों से जुड़ी चीजें रखी गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने वॉशिंगटन के नेशनल मॉल से देश को संबोधित किया। मंच पर नासा के आर्टेमिस-द्वितीय मिशन के अंतरिक्ष यात्री और पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। अमेरिका-250 कमिशन ने इस समारोह की तैयारी 2016 से ही शुरू कर दी थी। अमेरिकी कांग्रेस ने इसके लिए 150 मिलियन डॉलर (करीब 1,250 करोड़ रुपए) का फंड मंजूर किया। इसके अलावा निजी कंपनियों ने भी फंडिंग की।

## बजा डंका

### हडसन नदी पर आईएनएस सुदर्शिनी ने फहराया तिरंगा, नेवल रिव्यू में दिखा नौसेना का शौर्य

# यह नजारा भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा

**न्यूयॉर्क।** भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सुदर्शिनी ने अमेरिका में देश का मान बढ़ाया है। अमेरिका अपने 250वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है। इस मौके पर न्यूयॉर्क में यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250 और सेल250 का आयोजन हुआ। हडसन नदी पर आयोजित भव्य परेड ऑफ सेल में भारतीय नौसेना के इस जहाज ने भी हिस्सा लिया। तीन मस्तूलों वाले इस शानदार जहाज पर शान से तिरंगा लहरा रहा था। यह नजारा भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। हडसन नदी पर ऐतिहासिक परेड अमेरिका में भारतीय दूतावास ने इस गौरवपूर्ण क्षण को सोशल मीडिया पर साझा किया। दूतावास ने बताया कि आईएनएस सुदर्शिनी ने चार जुलाई को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के पोर्ट पर प्रवेश किया। इस विशाल जहाज ने परेड ऑफ सेल में खास ध्यान खींचा। पूरी दुनिया के नौसैनिक जहाजों के बीच भारतीय जहाज की चमक अलग ही थी। यह भागीदारी भारत और अमेरिका के मजबूत होते नौसैनिक रिश्तों को बयां करती है। यह जहाज अंतरराष्ट्रीय मंच पर आपसी सहयोग और दोस्ती का संदेश दे रहा है।

आईएनएस सुदर्शिनी की यह यात्रा बेहद खास और ऐतिहासिक है। यह जहाज इस समय लोकायन 2026 अभियान पर निकला हुआ है। यह महासागरों को पार करने वाला एक लंबा ट्रांस-ओशनिक अभियान है। 13,000 मील का सफर : यह अभियान कोच्चि से शुरू हुआ था। पिछले पांच महीनों में यह जहाज



13,000 नॉटिकल मील से अधिक की दूरी नाप चुका है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना : इस अभियान का मकसद दुनिया भर की नौसेनाओं के बीच आपसी विश्वास बढ़ाना है। भारत हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी दुनिया एक परिवार है के सिद्धांत पर चलता है। यह यात्रा इसी भावना को समर्पित है।पिछले अहम पड़ाव : न्यूयॉर्क आने से पहले यह जहाज मैरीलैंड के बाल्टीमोर पोर्ट पर पहुंचा था। वहां इसका शानदार स्वागत हुआ। बाल्टीमोर आने के लिए जहाज ऐतिहासिक चेसापीक एंड डेलावेयर नहर से गुजरा था। इस दौरान उसने मिड-अटलांटिक के कई बड़े पुलों को पार किया था।


**वैश्विक कूटनीति का अहम हिस्सा**

बाल्टीमोर से पहले इस जहाज ने वर्जीनिया के नॉरफॉक में हिस्सा लिया था। वहां 19 से 23 जून तक सेल250 वर्जीनिया समारोह आयोजित हुआ था। उस समय भी सुदर्शिनी ने दुनिया भर के जहाजों के साथ परेड ऑफ सेल और सिटी क्रूज परेड में दम दिखाया था। आईएनएस सुदर्शिनी मूल रूप से भारतीय नौसेना का एक सेल ट्रेनिंग शिप यानी नौकायन प्रशिक्षण पोत है। इसका मुख्य काम नौसैनिकों को पारंपरिक नौकायन की बारीकियां सिखाना है। इसके साथ ही यह जहाज समुद्री कूटनीति का एक बड़ा माध्यम बन चुका है। अमेरिका के इस ऐतिहासिक जश्न में अब यह जहाज आगे बोस्टन और न्यू ऑरलियन्स जैसे बंदरगाहों का रुख करेगा।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089